जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 178 ● शनिवार 10 अगस्त 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये


## अब और देरी नहीं, जम्मू-कश्मीर में चुनावी बयार



### चुनाव आयोग के सामने एनसी से बीजेपी तक सभी एक सुर में बोले

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में लंबे समय से प्रतीक्षित विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग के अधिकारियों ने गुरुवार को श्रीनगर का दौरा किया। चुनाव से पहले की स्थिति का आकलन के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम ने राजनीतिक दलों, सुरक्षा एजेंसियों, और स्थानीय प्रशासन के साथ मुलाकात की। इस दौरे के दौरान, चुनाव आयोग की टीम ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की और राज्य में चुनाव कराने के लिए जरूरी कदमों पर विचार-विमर्श किया। राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग की यह यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में पिछले आठ वर्षों से विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं। अंतिम बार 2014 में राज्य में विधानसभा चुनाव हुए थे और तब से राज्य विशेष राजनीतिक और प्रशासनिक परिस्थितियों से गुजर रहा है। संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद राज्य में पहली बार चुनाव होने जा रहे हैं, इसलिए यह यात्रा और भी अहम हो जाती है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम ने श्रीनगर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इन दलों में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर पैंथर्स पार्टी शामिल थीं। इस बैठक में सभी दलों ने अपनी-अपनी राय प्रस्तुत की और जल्द से जल्द चुनाव कराने की मांग की। सभी दल इस बात पर एकमत थे कि राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए अब और देरी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा चुनाव आयोग की टीम ने राज्य के 20 जिलों के पुलिस प्रमुखों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी बैठकें कीं।

यह बैठकें राज्य में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने और चुनाव के दौरान किसी भी संभावित चुनौती का सामना करने के लिए की जा रही हैं। आयोग ने जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी के पोले और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी स्थिति की समीक्षा की। आयोग की तीन दिवसीय यात्रा का समापन 10 अगस्त को जम्मू में होगा, जहां आयोग प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक करेगा। इस बैठक में राज्य की सुरक्षा स्थिति पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा और चुनाव के समय और प्रक्रिया पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए 30 सितंबर की समयसीमा तय की हुई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य में चुनाव कराने की प्रक्रिया इस समय सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए। अब जबकि चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है, राज्य में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में चांदीपुरा वायरस का कहर

#### बच्चाी की मौत

● संक्रमित बच्ची की मौत के बाद पूरे प्रदेश में हड़कंप

शाहपुरा/जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में चांदीपुरा वायरस का कहर अब बढ़ता जा रहा है। एक बच्ची की जोधपुर एम्स में पॉजीटिव रिपोर्ट के बाद पहली मौत की खबर ने चिकित्सा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। चांदीपुरा वायरस से प्रदेश में यह पहली मौत है। शाहपुरा जिले की 2 साल की मासूम बच्ची इशिका वायरस की चपेट में आई थी। गुरुवार देर रात अहमदाबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस बच्ची की बीते दिनों अचानक तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद परिजन उसे अहमदाबाद ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा था। इधर, वायरस को लेकर चिकित्सा विभाग भी अलर्ट हो गया है। यह मामला शाहपुर जिले के कोठिया ग्राम पंचायत के एक गांव ईंटडिया का है, जहां कीर परिवार की 2 साल की मासूम बच्ची की अचानक 5 अगस्त को तबीयत खराब हो गई।

### शांति का दूत बनकर यूक्रेन जाएंगे पीएम मोदी

● तारीख हो गई पक्की, रूस के तेवर भी पड़ेंगे ढीले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अगस्त को शांति का अग्रदूत बनकर यूक्रेन की यात्रा पर जाने वाले हैं। सरकारी सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा का उद्देश्य दो साल से चल रहे संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की गारंटी देना है। इससे पहले जुलाई में मॉस्को में भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को बताया कि यूक्रेन संकट का सैन्य समाधान संभव नहीं है। बम, गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होगी।

### आईएसआईएस का मोस्ट वॉन्टेड आतंकी गिरफ्तार

● एनआईए ने रखा था 3 लाख का ईनाम, रात 11 बजे हुई गिरफ्तारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के बीच खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर एक मोस्ट वॉन्टेट आतंकी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उसके पास के एक हथियार भी बरामद किया गया है।

रिजवान को दिल्ली से ही गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आतंकी रिजवान अली दिल्ली के दरियागंज इलाके का रहने वाला है और पुणे मॉड्यूल का मुख्य संचालक है। पिछले साल जुलाई 2023 में पुणे पुलिस की हिरासत से भागने के बाद से वह फरार चल रहा था। एनआईए समेत देश की तमाम एजेंसियां काफी समय से इसकी तलाश में जुटी हुई थीं। एनआईएकी की मोस्ट वॉन्टेट लिस्ट में शामिल इस आतंकी पर 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए सरकार हुई ऐक्टिव

### अमित शाह ने बनाई कमेटी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने बांग्लादेश में चल रहे हालात को देखते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ बातचीत बनाए रखेगी ताकि वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अमित शाह ने ट्वीट करते हुए लिखा, बांग्लादेश में जारी हालात के मद्देनजर मोदी सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर मौजूदा हालात पर नजर रखने के लिए एक समिति गठित की है। यह समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ संवाद बनाए रखेगी ताकि वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस समिति की अध्यक्षता एडीजी, सीमा सुरक्षा बल, पूर्वी कमान करेंगे। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार हरसंभव प्रयास करेगी ताकि बांग्लादेश में भारतीय और हिंदू समुदायों के हितों की रक्षा की जा सके। इस समिति को विशेष रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा और स्थिति पर नजर रखने का कार्य सौंपा गया है।

## ...तो राज्यसभा वाले समीकरण के चलते अटका वक्फ बिल!

### जेपीसी को भेजने के पीछे मोदी सरकार का बड़ा सियासी दांव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के इस निचले सदन में गुरुवार को विधेयक पेश किया। उससे पहले विधेयक पर एक संक्षिप्त चर्चा हुई जिसमें पक्ष-विपक्ष के सांसदों ने हिस्सा लिया। फिर विपक्ष के उठाए सवालों का मंत्री रिजिजू ने जवाब दिया। आखिर में उन्होंने कहा कि अगर सदस्य विधेयक को विचार के लिए जेपीसी के पास भेजा जाए तो सरकार को कोई आपत्ति नहीं है। उसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों को आश्वासन दिया कि विधेयक पर विचार के लिए जेपीसी का गठन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में यह मामला थोड़ा हटकर है जब सरकार किसी विधेयक को इतनी आसानी से जेपीसी के पास भेजने पर सहमत हो गई। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लोकसभा में तो पेश कर दिया गया, लेकिन राज्यसभा में इसे अगले सत्र में पेश किया जाएगा। संसद का शीतकालीन सत्र नवंबर-दिसंबर महीने में आहूत होगा। तब तक राज्यसभा का समीकरण सत्ताधारी दल बीजेपी के पक्ष में आ जाएगा। 3 सितंबर को राज्यसभा की 12 सीटों पर होने वाले चुनावों में



सत्ताधारी एनडीए के सदस्य चुने जाने की उम्मीद है। अगले सत्र से पहले अगर राज्यसभा के चार नामित सदस्यों की खाली सीटों को भर दिया गया तो सदन में सरकार का हाथ और मजबूत हो जाएगा। पिछले महीने ही ये चारों सीटें खाली हुई हैं। ये चार सदस्य आ गए तो सरकार को राज्यसभा में बहुमत पाने के लिए एआईएडीएमके जैसे बाहरी सहयोगियों की राह नहीं तकनी होगी। राज्यसभा में अभी छह नामित और दो निर्दलीय सदस्य हैं। इन्हें मिलाकर एनडीए के खेमे में राज्यसभा के कुल 117 सदस्य हैं जबकि बहुमत का आकंड़ा 119 का होता है।

## यासीन मलिक अब दिल्ली हाईकोर्ट में खुद लड़ेगा अपना केस

### हाईकोर्ट ने दी अनुमति, एनआईए की याचिका पर चल रही है सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंक के लिए फंडिंग मामले में दोषी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को उम्रकैद के बजाय फांसी की सजा सुनाए जाने को लेकर एनआईए की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई में शुक्रवार को एक नया मोड़ आया। यासीन मलिक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस गिरीश कठपालिया की बेंच के समक्ष पेश किया गया।



यासीन मलिक ने बेंच से अपनी पैरवी खुद करने की मंशा जाहिर की, जिसे बेंच ने मंजूर कर लिया। अलगाववादी संगठन 'जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट' का प्रमुख यासीन मलिक आतंकवाद के फंडिंग मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। तिहाड़ जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे यासीन मलिक ने हाईकोर्ट से कहा कि वह अपनी पैरवी खुद करना चाहता है। उसे किसी कानूनी परामर्श की जरूरत नहीं है।

## 17 महीने बाद जेल से बाहर आए मनीष सिसोदिया

● सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, कहा-मौलिक अधिकार भी कोई चीज है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी है। सर्वोच्च कोर्ट के निर्देश के बाद सिसोदिया जेल से बाहर आ गए हैं। सिसोदिया की जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए कहा है कि सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज केस के ट्रायल में अभी देरी है लिहाजा सिसोदिया को जमानत दी जाती है। जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि सिसोदिया करीब 17 महीने से जेल में हैं और अभी ट्रायल शुरू नहीं हो पाया है। आरोपी सिसोदिया को स्पीडी ट्रायल का अधिकार है लेकिन इस अधिकार से वह



वंचित हो रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि हाल के के फैसले के नजीर का हवाला दिया और कहा कि जांच एजेंसी केस की गंभीरता का हवाला देकर जमानत का विरोध नहीं कर सकती है। अगर स्पीडी ट्रायल सुनिश्चित नहीं करा सकती है तो सिर्फ केस की गंभीरता के आधार पर जमानत का विरोध नहीं किया जा सकता है।

## जया बच्चन धनखड़ से बोलीं-आपकी टोन ठीक नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्ष राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। संसद की कार्यवाही के 15वें दिन सभापति धनखड़ और सपा सांसद जया बच्चन के बीच बहस हुई थी। दरअसल, धनखड़ ने सपा सांसद को जया अमिताभ बच्चन कहकर संबोधित किया था। इस पर जया बच्चन ने सभापति की टोन पर आपत्ति जताते हुए कहा- मैं कलाकार हूं। बॉडी लैंग्वेज समझती हूं। एक्सप्रेशन समझती हूं। मुझे माफ कीजिए, लेकिन आपके बोलने का टोन स्वीकार नहीं है। यह सुनकर धनखड़ नाराज हो गए। उन्होंने कहा- आप अपनी सीट पर बैठ जाइए। आप जानती हैं कि एक एक्टर को डायरेक्टर कंट्रोल करता है। मैं हर दिन अपनी बात दोहराना नहीं चाहता। हर दिन मैं स्कूली शिक्षा नहीं देना चाहता। सभापति जगदीप धनखड़ ने आगे कहा कि आप मेरी टोन पर सवाल उठा रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा।

## पहले मां को हुई जेल, फिर बेटी ने गंवाई अपनी नौकरी

### अब पूजा खेडकर के पिता पर भी दर्ज हुआ केस

**पुणे (एजेंसी)।** धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी तथा दिव्यांग कोटा का लाभ हासिल करने की आरोपी भारतीय प्रशासनिक सेवा की पूर्व अधिकारी पूजा खेडकर के पिता पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी है। कुछ दिन पहले ही पूजा खेडकर की मां को जमानत मिलने के बाद जेल से रिहा किया गया था। अब उनके पिता भी जेल जा सकते हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर के खिलाफ पुणे जिले में एक लोक सेवक को धमकाने और उसकी ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप में मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पुणे जिला कलेक्ट्रेट के एक तहसीलदार स्तर के अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यहां बंडगार्डन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने बताया, शिकायत में कहा गया है कि पूजा खेडकर की सहायक कलेक्टर के रूप में



तैनाती के दौरान दिलीप खेडकर ने कथित तौर पर तहसीलदार दीपक अकाडे के खिलाफ धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल किया और उनसे अपनी बेटी के लिए एक केबिन आवंटित करने के लिए कहा। पूजा के पिता को प्रशासनिक कामकाज में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। संघ लोक सेवा आयोग ने हाल ही में पूजा का चयन रद्द कर दिया और उन्हें सभी चयनों से स्थायी रूप से वंचित कर दिया।

## वायनाड में जमीन से आई रहस्यमयी आवाज, लोगों में दहशत

### केरल हाईकोर्ट बोला-समस्या ये है कि हमारे पास कानून, लेकिन अमल नहीं हो पाते

**वायनाड (एजेंसी)।** केरल के वायनाड में लैंडस्लाइड वाले इलाकों में शुक्रवार की सुबह 10.15 बजे जमीन के नीचे से आई रहस्यमयी तेज आवाज से लोग दहशत में है। अधिकारियों ने कहा कि अंबालावायल गांव और व्यथिरी तालुका में आज सुबह जमीन के नीचे तेज आवाज सुनाई दी है। वायनाड के डीएम डी आर मेघश्री ने बताया कि घटना के बाद से इलाके के लोग डरे हुए हैं। सभी को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि रिक्टर स्केल में भूकंप के संकेत नहीं मिले हैं। आवाज किस कारण से आई है इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल इलाके के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। वहीं, वायनाड लैंडस्लाइड पर केरल हाईकोर्ट ने खुद




संज्ञान लिया है। जस्टिस जयशंकरन नांबियार और जस्टिस वीएम श्यामकुमार की बेंच ने आज इस पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- यदि पर्यावरण ऑडिट किया गया है, तो हमें इसकी रिपोर्ट चाहिए। समस्या यह है कि हमारे पास कई कानून हैं, लेकिन जमीन पर नजर नहीं आते। हम इस मामले पर हर शुक्रवार को सुनवाई करेंगे। अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी। केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को महाधिवक्ता को तलब किया और उन्हें कानून सहित मामलों पर विचार करने कहा। साथ ही कहा कि सरकार को सोचना चाहिए कि अवैध खनन और बाढ़ जैसी चीजों को रोकने के लिए कानूनी तौर पर क्या किया जा सकता है। बेंच ने कहा कि केरल के कुछ क्षेत्र ईको सेंसेटिव जोन हैं। इस पर फिर से सोचने की जरूरत है कि क्या यहां सस्टेनेबल डेवलपमेंट संभव है। यदि जरूरी हो तो इन मामलों में विनियमों को निरस्त किया जाना चाहिए।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले में सर्वे पर जारी रहेगी रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने वाले अपने पिछले आदेश को नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार की पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर व्यापक बहस की आवश्यकता है। इस महीने की शुरुआत में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जारी संबंधित आदेश को भी ध्यान में रखना होगा। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने हाईकोर्ट के एक अगस्त के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मुकदमों में सुनवाई जारी रह सकती है। मस्जिद प्रबंधन समिति की चुनौती को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू करने के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की है।

# मदीना ट्रेवल्स से 90 जायरीन सफर-ए उमराह के लिए हुए रवाना

## झारखंड अमीर ए शरीयत की दुआ के साथ काफला जद्दा के लिए रवाना

**रांची :** झारखंड से उमराह के लिए मक्का-मदीना जाने वाले जायरीनों का सिलसिला जारी है। पवित्र सफर-ए-उमराह के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से झारखंड का सबसे विश्वसनीय मदीना ट्रेवल्स, खोरी महुआ,गिरिडीह के मौलाना इलियास मजाहिरी और मौलाना जाहोर के नेतृत्व में 90 जायारीन का ग्रुप मक्का मदीना के लिए रवाना हुआ। जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने जायरीनों से देश में अमन-चैन और अपने हक़ में दुआ करने की अपील की। इससे पहले जायरीन के परिवार और साथियों ने फूल माला पहनाकर उन्हें बधाई दी और कहा कि वह उनके लिए भी खुदा से दुआ करें, ताकि उन्हें भी मक्का और मदीना का दीदार हो सके। मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि कहा कि मदीना ट्रेवल्स सभी जायरीनो को 50 से अधिक जगह की जियरात कराई जाती है। साथ ही सभी जायरियोंनो को मक्का और मदीना में 500 मीटर के दायरे में 4 स्टार होटल में ठाहराया जाता है। सभी जायरीन को उमराह के दौरान लॉन्ड्री, मेडिकल समेत सभी सुविधा दी जाती है। 90 जायरीन में झारखंड के हर जिला के लोग यहां तक की पश्चिम बंगाल से भी जायरीन शामिल हैं। मौलाना ने कहा कि मदीना ट्रेवल्स का अगला ग्रुप 13 अगस्त और 23 अगस्त को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रवाना होगी। आज का जत्था झारखंड अमीर ए शरीयत हजरत मुफ्ती नज़र तौहीद की दुआ के साथ जद्दा के लिए रवाना हुई। मुफ्ती नज़र तौहीद ने देश दुनिया झारखंड की खुशहाली, तरक्की की दुआ की।इस मौके पर कारी असद, हाफिज सनाउल्लाह, इमरात ए शरिया झारखंड के आमिर शरीयत मुफ्ती नजरे तौहीद, हजरत मुफ्ती सनाउल्लाह शेखुल हदीस चतरा, मौलाना अकरम कासमी जमीयत उलेमा झारखंड, मौलाना अबुल कलाम, मौलाना असगर निदेशक गोलसिक पब्लिक स्कूल, समेत कई लोग मौजूद थे।




# शाही ईदगाह में वृक्षारोपण कर हरियाली का दिया गया संदेश

## ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को रोकने का एकमात्र उपाय पर्यावरण संरक्षण :ज़फर ईमाम



**राँचीः** शुक्रवार को आदिवासी दिवस एवं पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मरकज़ी अंजुमन इस्लामिया सिलादोन के द्वारा शाही ईदगाह सिलादोन में वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे राँची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रधान महासचिव सह कांग्रेस नेता ज़फर इमाम अन्सारी के कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि लगाए गए इन पौधों की देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करें साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को रोकने का एकमात्र उपाय पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण ही है। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया ने निर्णय लिए है कि पूरे क्षेत्र में वृक्षारोपण के साथ साथ उसकी देखभाल किया जायेगा एवं क्षेत्र में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर अंजुमन के सरपरस्त सज्जाद अंसारी, सदर इजराइल अंसारी, सेक्रेट्री ज़फ़र इमाम अंसारी, खजांची जहांगीर आलम, हाफिज दानिश अंसारी, मिन्हाज अंसारी ,जावेद अंसारी, शाहिद अंसारी, सैफ अंसारी, अब्दुल करीम, सूफियान अंसारी, हुजैफा अंसारी, राहिल अंसारी, रेहान अंसारी, शफीक अंसारी, ताहिर अली आदि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान,राँची

#### समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलक



**रांची :** झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2024 का भव्य आगाज हो चुका है। बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में लगे प्रदर्शनी हॉल में अलग-अलग राज्यों से विभिन्न प्रकार के ट्राइबल स्टॉल लगाए गए हैं। इन्ही स्टॉलों में एक स्टॉल "CHALA AKHRA" जो लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। इस स्टॉल में संथाल ट्राइब का वाद्ययंत्र "बानाम" मुख्य आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा इस स्टॉल में मंदार और नगाड़ा भी उपलब्ध है।

### विश्व आदिवासी दिवस पर मांदर की थाप पर थिरके आदिवासी



**धनबाद :** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर धनबाद जिले में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें जिले के कई क्षेत्रों से आए आदिवासी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। शहर के जिला परिषद मैदान से सैकड़ों आदिवासी महिला और पुरुषों ने पारंपरिक भेष भूषा के साथ सोभा यात्रा निकली, जो रणधीर वर्मा चौक होते हुए न्यू टाउन हॉल तक गई। शोभायात्रा में आदिवासी समाज की महिला और पुरुष मांदर की थाप पर थिरकते नजर आए। कार्यक्रम में शामिल सभी लोग प्राकृतिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़े व मांदर पर पारंपरिक नृत्य और पारंपरिक तीर कमान के साथ आगे बढ़ रहे थे, जो आकर्षण का केंद्र था। मौके पर कई संथाल समाज के लोग मौजूद थे। इस दौरान आदिवासी और जेएमएम नेता रमेश टुडू ने कहा कि आज के दिन पूरे विश्व में विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। आदिवासी जल जंगल जमीन को संरक्षित रखते हैं। आदिवासियों की परंपरा ही जल जंगल जमीन से जुड़ा हुआ है। आदिवासी ही है, जिस कारण आज भी जंगल बचा हुआ है।

### करिश्मा ने बताई श्रद्धा के बचपन की बातें - इंडियाज़ बेस्ट डांसर



सोनी एंटरटेनमेंट टीवी का इस वीकेंड में 'डांस का तड़का' लगाएगा और करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। मनोरंजन को आगे बढ़ाते हुए, शो में 'स्त्री 2' के कलाकारों - श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव का स्वागत किया जाएगा, कई मंत्रमुग्ध कर देने वाले परफ़ॉर्मेंस के बीच, करिश्मा कपूर ने बीते वक्त का एक दिलचस्प किस्सा साझा किया, जिसने श्रद्धा कपूर को 'ऑ..!' कहने पर मजबूर कर दिया। करिश्मा कपूर ने कहा, "मैंने श्रद्धा के पिता शक्ति कपूर जी के साथ 30-40 से अधिक फिल्मों में काम किया है। श्रद्धा कपूर ने यह भी बताया कि उन्होंने हमेशा से करिश्मा को अपना आदर्श माना है।

### गोविंदपुरः ऑटो की इंजन खराब हो जाने से भारी मात्रा में निकला धुआं - पर्यावरण को किया दुषित



**धनबादः** गोविंदपुर रोड में पैसेंजर से भरा टेंपो अचानक ब्रेकडाउन हुई और टेंपो की इंजन काफी जोर से आवाज करने लगी और भारी मात्रा में धुआं छोड़ने लगी जिसे देख पैसेंजर उतर गए। वही टेंपो चालक भी उतर गया और अपनी गाड़ी को देखने लगा जिस प्रकार से टेंपो से धुएं का रिसाव हो रहा था ऐसा लग रहा मानो नगर निगम ने मच्छर करने की गाड़ी चलवा दी हो। जबकि टेंपो के खराब हो जाने से ऐसा मामला सामने आया। टेंपो चालक से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि धनबाद से गोविंदपुर आने के दौरान ही गोविंदपुर मोड़ से महज 100 मीटर की दूरी पर ही टेंपो ब्रेकडाउन हो गया और इंजन तेज आवाज छोड़ने लगी और भारी मात्रा में धुआं निकलने लगा जिससे के आसपास का इलाका धुआं धुआं हो गया।

# राज्य स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2024- रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ उद्घाटन





**रांची :** पर्यटन , कला-संस्कृति , खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के तत्वावधान में आज दो दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का आज बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खेल निदेशक झारखंड प्रशासनिक सेवा के संदीप कुमार , विशिष्ट अतिथि झारखंड के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा , संयुक्त निदेशक, साझा के राज किशोर खाखा, विभागीय खेल उपनिदेशक मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया।इस अवसर पर संदीप कुमार जिला खेल पदाधिकारी , पश्चिमी सिंहभूम रूपा रानी तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी, लोहरदगा उपवन बाड़ा, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेमरोम , जिला खेल पदाधिकारी धनबाद उमेश लोहरा एवं जिला खेल पदाधिकारी, रांची के शिवेंद्र कुमार को प्रतीक चिह्न एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

बता दें कि इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गुलेल, पारम्परिक तीरंदाजी, सिखौर, गेड़ी दौड़, फुटबॉल, हॉकी की प्रतियोगिता आयोजित की गई है।इस प्रतियोगिता को सफल संचालन में विभागीय प्रशिक्षक भरत कुमार शाह, गोपाल तिर्की, सुनील महली, अनमोल टोप्पो,काली चरण महतो, अंगद हंसराज,राजू साहू, हरीश कुमार, प्रेम पूर्ति, अख्तर हुसैन, बलराम,मोहन कुमार,जोलेन केरकेट्टा, संदीप उरांव, रेमंड मिंज, सुदीप कुजूर एवं कई गणमान्य प्रशिक्षक ने अहम भूमिका निभाई।

# एनसीबी रांची ने मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसते हुए 4317 किलोग्राम डोडा को जब्त किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया





**रांची :** नशीली दवाओं के तस्करों को एक बड़ा झटका देते हुए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 8 अगस्त सुबह रांची में एक और सफल ऑपरेशन को अंजाम देते हुये एक बड़े ट्रक में लदी 4317 किलोग्राम डोडा को जब्त किया है औरदो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह एनसीबी राँची द्वारा की गयी पिछली सफलतम जप्ती गिरफतारी, जिसमें 12.6.2024 को रांची के एक डंपिंग यार्ड से 103.4 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली अफीम की जब्ती और 31.05.2024 को खूंटी जिले के एक सुदूर क्षेत्र से 802 किलोग्राम डोडे की जब्ती शामिल है, इनमें 43 क्विंटल डोडा कि जप्ती, सबसे बड़ी जप्ती है साथ ही झारखण्ड राज्यान्तर्गत अबतक डोडा की सबसे बड़ी मात्रा की जप्ती है।यह उल्लेखनीय है कि प्रयोगशाला परीक्षण द्वारा पिछले जब्त अफीम का जाँच रिपोर्ट उच्चतम गुणवत्ता का पाया गया है और 103 किलो अफीम की जब्ती में तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई और तीनो तस्करों द्वारा ड्रग तस्करी में प्रयोग में लाये जाने वाले एक नये महिंद्रा थार वाहन को भी जब्त किया गया। इन सभी मामलों में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास एनसीबी द्वारा अनवरत जारी हैं. एनसीबी मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल पूरे गिरोह को खत्म करने और उनके वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन अवैध गतिविधियों में शामिल सभी लोगों की पहचान करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए आगे की जांच और अथक प्रयास जारी है।बड़ी मात्रा में ये बरामदगी और गिरफ्तारियां मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने और जनता को नशीले पदार्थों के संकट से बचाने के लिए एनसीबी के अटूट समर्पण को प्रदर्शित करती हैं।

# भूली क्षेत्रीय अस्पताल में एटक ने किया विरोध प्रदर्शन



धनबाद भूली क्षेत्रीय अस्पताल में यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन (एटक ) ने विरोध सप्ताह के तहत 9 अगस्त से 14 अगस्त तक विरोध प्रदर्शन कर कोल इंडिया के निजीकरण करने पर रोष व्यक्त किया। भूली क्षेत्रीय अस्पताल के एटक समर्थकों ने कोयला उद्योग का निजीकरण करना बंद करो का नारा लगाया और तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद की। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अध्यक्ष गिरीश चौधरी, सचिव विनोद सिंह, तरुण बनर्जी, उपेंद्रनाथ तिवारी, ब्रजेश यादव, रमेश कुमार शाही, राजेंद्र, परवेज, सुगी देवी, सबिया देवी आदि शामिल थी। सचिव विनोद सिंह ने बताया कि कोयला उद्योग के निजीकरण किए जाने के विरोध में एटक विरोध सप्ताह मना रहा है। 9 अगस्त से 14 अगस्त तक विभिन्न तरीकों से विरोध जताया जायेगा। निजीकरण से कोयला मजदूरों का हित प्रभावित होगा। इसके लिए मजदूरों को जागरूक किया जा रहा है। हम निर्णायक स्थिति तक आंदोलन को बनाए रखेंगे।



**झारखंड की राजनीति में बुलंदियों को छूने वाले माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आज 49वां जन्मदिन**

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



**रांची :** टेंडर कमीशन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर शुक्रवार को रांची के स्पेशल कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया।

मामले में आरोपित आलमगीर आलम की ओर से बहस बुधवार को पूरी कर ली गई थी। शुक्रवार को ईडी की ओर से बहस की गई। बहस के दौरान विशेष लोक अभियोजक ने आलमगीर आलम को पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड बताते हुए जमानत याचिका का विरोध किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद पीएमएलए मामलों के स्पेशल कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। आलमगीर को ईडी ने पूछताछ के बाद 15 मई को गिरफ्तार किया था। ईडी इसी मामले में आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से भी पूछताछ कर चुकी है। इस केस में आलमगीर के ओएसडी रहे संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम की भी गिरफ़्तारी हो चुकी है। इनके ठिकानों से एजेंसी ने 35 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की थी।

## संक्षिप्त समाचार

## चोरी और अपराध का ग्राफ ने सभी सीमाओं को लांघा : विकास सिंह



**संवाददाताः** मानगो थाना अंतर्गत जवाहर नगर रोड नंबर 15 के ब्रह्म पथ के रहने वाले पप्पू सिंह की टेंपो बीती रात घर के सामने से चोरी हो गई। प्रतिदिन की तरह प्रातः 5:00 am सवेरे को पप्पू सिंह अपनी सवारी टेंपो लेकर काम में जाने के लिए निकले तो देखा कि घर के सामने से टेंपो गायब हो गया है टेंपो चोरी होने की जानकारी मिलने पर पप्पू सिंह ने भाजपा नेता विकास सिंह को मामले की जानकारी दिया | मौके में पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह ने मामले की जानकारी स्थानीय थाना को देखकर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर टेंपो बरामद करने की बात कही विकास सिंह ने कहा चोर और अपराधियों का जादू सर चढ़कर बोल रहा है

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर टाउन हॉल सिदगोड़ा में समृद्ध आदिवासी संस्कृति, जीवन दर्शन को समर्पित कार्यक्रम



**संवाददाताः** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर टाउन हॉल, सिदगोड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री बन्ना गुप्ता, मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण तथा खाद्य आपूर्ति, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समृद्ध आदिवासी संस्कृति, जीवन दर्शन को समर्पित कार्यक्रम में पारंपरिक लोकगीत एवं नृत्य तथा वाद्ययंत्र, नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों ने दी। वहीं सरकारी की विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्ति का वितरण किया गया

## गणीनाथ सेवा संस्थान ने सुंदर गुप्ता को दी बधाई कहा समाज का नाम करेंगे रोशन



**संवाददाताः** गणीनाथ सेवा संस्थान के संरक्षक एवं उपाध्यक्ष शैलेश गुप्ता को भाजयुमो झारखण्ड पश्चिमी सिंहभूम के प्रभारी बनाए जाने पर अध्यक्ष सुंदर गुप्ता ने पूरे समाज की तरफ से बधाई देते हुए कहा कि आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि शैलेश गुप्ता संगठन से मिली जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे और समाज के नाम को भी रोशन करेंगे

## उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास से मिले राजेश शुक्ल



**संवाददाताः** झारखण्ड स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने उड़ीसा के राज्यपाल श्री रघुवर दास से जमशेदपुर उनके निवास पर शिष्टाचार भेट की तथा उनका सम्मान किया। श्री शुक्ल ने श्री दास से कई मुद्दो पर विचार विमर्श किया तथा उड़ीसा के राज्यपाल के रूप मे उनके कार्यकुशलता और निर्णयो की सराहना की। श्री दास ने श्री शुक्ल का आभार जताया और अधिवक्ता हित और सामाजिक क्षेत्र मे उनके द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यो की सराहना की।

## आदिवासी दिवस पर समाज के उत्कृष्ट कार्यकर्ता हुए सम्मानित



**संवाददाताः** चांडिल विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ईचागढ़ प्रखंड के डूमटांड़ में आयोजित आदिवासी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता बिनोद राय उपस्थित हुए। उन्होंने समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले आदिवासी भाइयों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर बिनोद राय ने विश्व आदिवासी दिवस विचार व्यक्त करते हुए कहा आदिवासियो के गौरपूर्ण इतिहास और वीर शहीदों के मार्ग दर्शन के अनुकरण एव संकल्प दिवस के रूप में मानये . इस अवसर पर नयन सिंह मुंडा,विश्वनाथ उरांव, राजेश सिंह मुंडा, चेतन सिंह मुंडा, अभिराम उराव, नरपति सिंह मुंडा, फटीक गोराई, नकुल घोष, अनिल सिन्हा, चंद्र मोहन दास, वासुदेव सिंह मुंडा, भूषण सिंह सरदार सहित प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सम्मानित किया गया।

## पिंटू सिंह ने भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारी का किया अभिनंदन



**संवाददाताः** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री संजीव सिंह ,नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह , एवम भाजपा बारीडीह मंडल के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष जीवन साहू का बारीडीह में हुआ अभिनंदन सभी को अंगवस्त्र प्रदान करके शुभकामनाएं एवम बधाई पिंटू सिंह ने दी

# विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर टाउन हॉल, सिदगोड़ा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

### आदिवासी समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर होना हैः बन्ना गुप्ता

**संवाददाताः जमशेदपुर**





विश्व आदिवासी दिवस के आवसर पर टाउन हॉल, सिदगोड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति व परंपरा की झलक देखने को मिली। दर्शकों से खचाखच भरे सभागार में आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति को जीवंत करते कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि बन्ना गुप्ता, मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण तथा खाद्य आपूर्ति, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड, जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एएमसी मानगो नगर निगम रंजीत लोहरा, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य एवं वाद्य यंत्रों के साथ लोटा-पानी से किया गया। स्वागत संबोधन जिला कल्याण पदाधकारी द्वारा एवं विषय प्रवेश परियोजना निदेशक द्वारा किया गया। मंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर होना है। इन्हीं विकासशील कार्यों के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। आदिवासी संस्कृति को विश्व भर में और पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होने आदिवासी संस्कृति, जीवन पद्धति तथा देश की स्वतंत्रता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों यथा भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू-कान्हू, चांद भैरव आदि को स्मरण कर सभी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की अपील की। उपायुक्त ने सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह विशेष दिवस आदिवासी परंपराओं, संस्कृति एवं प्रकृति के प्रति सच्चे प्रेम की याद दिलाता है। आदिवासी संस्कृति और परंपरा का अद्भुत समागम हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होने बताया कि राज्य सरकार द्वारा भी राज्य के आदिवासी भाई-बहनों को लक्षित कर उनकी समृद्धि के दिशा में विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाज जागरूक तभी कहलाता है जब आम जनता अपने अधिकार को समझते हैं तथा उसे पाते हैं। यह दिवस हम सभी के लिए गौरवान्वित होने का अवसर है जहां हम अपने राज्य के समृद्ध आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति को सेलिब्रेट कर रहे हैं।

## भाजपा नेता दिनेश कुमार ने मुखी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का किया अभिनंदन, दी शुभकामनाएं, कहा - समाज की सेवा में करें काम



**संवाददाताः जमशेदपुर**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मुखी समाज दस नंबर बस्ती के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप मुखी का अपने आवासीय कार्यालय में अभिनंदन किया। इस अवसर पर दिनेश कुमार ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा, "समाज की सेवा में काम करें और समाज के विकास के लिए कार्य करें।" नवनिर्वाचित अध्यक्ष को हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिनेश कुमार ने कहा कि मुझे विश्वास है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष समाज के हित में काम करेंगे। उन्हें जहाँ आवश्यकता प्रतीत होगी, मैं उन्हें हर स्तर पर मार्गदर्शन और सहयोग के लिए खड़ा मिलूँगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप मुखी ने जताया आभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने दिनेश कुमार का आभार जताते हुए कहा, हमें आपका समर्थन और मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे हम समाज के लिए बेहतर काम कर पाएंगे। मौके पर प्रेम मुखी, पंकज मुखी, आदित्य मुखी, जयराम मुखी, राकेश मुखी, पवन मुखी, समीर मुखी सहित अन्य मौजूद थें।

## सीआईएससीई क्षेत्रीय कैरम चैंपियनशिप 2024 में जेएच तारापोर स्कूल की आठ लड़कियों का चयन

**संवाददाताः गम्हरिया**



विगत दिनों केपीएस कदमा में आयोजित सीआईएससीई क्षेत्रीय कैरम चैंपियनशिप 2024 में जेएच तारापोर स्कूल की आठ लड़कियों का चयन नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया है। वे सभी लड़कियां बिहार और झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। उंक्त प्रतियोगिता के अंडर 14 वर्ग में उंक्त विद्यालय की अलीशा भारती, अनिष्का मंगराज और समृद्धि अम्बष्ठा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। जबकि अंडर 17 के बालिका वर्ग में आयशा बेग, यशाश्वि पारिख और दीपानिता माणिक ने प्रथम स्थान लाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी प्रकार, अंडर 19 बालिका वर्ग में रीत अग्रवाल और नजर अहमद ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उंक्त प्रतियोगिता में जमशेदपुर जोन की बालिकाओं ने तीनों श्रेणियों में चैंपियन रही। विद्यालय की प्राचार्या से सभी स्वर्ण पदक विजेता बालिकाओं को बधाई देते हुए इसके लिए विद्यालय के कोच और शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया है जिनके परिश्रम और मार्गदर्शन से विद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रौशन किया है।

## अभय सिंह ने कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद के खिलाफ कराया देशद्रोह का शिकायत दर्ज



**संवाददाताः जमशेदपुर**

कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद के खिलाफ भाजपा नेता अभय सिंह ने जमशेदपुर के साकची थाना में देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हुए तख्तापलट की घटना पर जिस तरह से कांग्रेसी नेताओं द्वारा बयानबाजी किया जा रहा है उससे देश में सांप्रदायिक सौहाद्र बिगड़ने की संभावना बढ़ गई है. इसे अविलंब रोके जाने और ऐसे नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत है. बता दें कि सलमान खुर्शीद ने अपने एक बयान में कहा है कि बांग्लादेश जैसे हालात हिंदुस्तान में भी हो सकती है. भाजपा नेता अभय सिंह ने बताया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है इसपर कांग्रेसी नेता कुछ भी नहीं बोल रहे हैं, मगर देश में तख्तापलट जैसी संभावनाओं को हवा देकर सांप्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने का काम कर रहे हैं, इसपर अविलंब रोक लगनी चाहिए.

## बागुनहातु से खुदीराम बोस के बलिदान दिवस पर 11 को सुबह 9:00 बजे संकल्प यात्रा : तरुण डे




**संवाददाताः जमशेदपुर**

खुदीराम बोस के बलिदान दिवस सह संकल्प यात्रा में हजारों लोग शामिल होकर शहीद खुदीराम बोस को सच्ची श्रद्धांजलि देंगे उक्त बातें संवाददाता सम्मेलन में युवा बुद्धिजीवी सेवा समिति के अध्यक्ष तरुण डे ने कही उन्होंने कहा कि सरकार खुदीराम बोस को भारत रत्न से सम्मानित करें एवं पूरे देश में बलिदान दिवस के रूप में छुट्टी की घोषणा करें तरुण डे ने कहा कि 11 तारीख को बागुनहातु से रैली निकालेंगे जिसमें जमशेदपुर के समाजसेवियों ,बुद्धिजीवियों ,साहित्यकारों के साथ आम जनता से आग्रह है की रैली में शामिल होकर खुदीराम बोस को माल्यार्पण कर सच्ची श्रद्धांजलि दें उन्होंने आगे कहा कि सरकार चौक चौराहे पर स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान में शहीद स्मारक लगाने का काम करें युवा बुद्धिजीवी सेवा समिति समाज के सभी लोगों से इस संकल्प यात्रा में शामिल होने की अपील करती है बागुनहातु फुटबॉल मैदान से संकल्प यात्रा 11 तारीख को सुबह 9:00 से सूर्य मंदिर होते हुए एग्रीको गोल चक्कर से लिट्टी चौक पार करते हुए मानगो खुदीराम बोस की प्रतिमा तक पहुंचेगी |

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में सेवानिवृत्त हुए लोगो का सम्मान शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह दे कर किया




**राष्ट्र संवाद संवाददाताः जमशेदपुर**

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन प्रांगण में सेवानिवृत्त हुए लोगो का सम्मान शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह दे कर अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह जी के द्वारा किया गया। सेवानृवित लोगो के नामः- इंजन के महाबीर प्रसाद शर्मा, क्यू ए के धरणीधर बनर्जी, कैब एंड कॉल के प्रमोद कुमार राय, एक्सल से मोतिउर रहमान, ट्रांसमिशन से धनपति महतो, कैब एंड कॉल के अशोक कुमार, फाउंड्री के रविन्द्र प्रसाद। सेवनृवितियों के द्वारा कई सुझाव दिए गए और यूनियन के द्वारा किये गए कार्यों की सभी मे प्रशंसा की। सम्मान समारोह में महामंत्री श्री आरके सिंह ने कहा आप सबका सुझाव हम लोगों के लिए नए कार्य करने का नया रास्ता बनाता है।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गदरा में आदिवासियों के बीच आनंद मार्ग ने 2 दिन में बांटे ,200 पौधे एवं 20 साड़ी



**संवाददाताः जमशेदपुर**

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गदरा के आदिवासी समाज के लोगों के बीच दो दिवसीय पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिन लगभग में लगभग 200 साल ,सागवान एवं फ़लदार पौधे का वितरण किया गया एवं 20 महिलाओं को साड़ी दिया गया। आदिवासी समाज ही एक ऐसा समाज है जो कि पेड़ पौधे को परिवार का सदस्य के रूप में स्वीकार करते हैं प्राकृतिक को वे भगवान मानते हैं सही प्राकृतिक प्रेमी आदिवासी ही है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर विधायक संजीव सरदार ने बागबेड़ा कॉलोनी के पंचायत प्रतिनिधि को तोहफा भेंट किए

**संवाददाताः जमशेदपुर**




विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य पर बागबेड़ा कॉलोनी के पंचायत प्रतिनिधियों ने पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के नेतृत्व में पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किए। विधायक संजीव सरदार ने विश्व आदिवासी दिवस मे तोहफा के रूप में बागबेडा कॉलोनी पंचायत स्थित कुंवर सिंह मैदान का सुंदरीकरण करने का आश्वासन दिए हैं। कुंवर सिंह मैदान का सुंदरीकरण हो जाने से स्थानीय लोगो का टहलना,घुमना,खेलना-कुदना हो पाएगा। विगत कई वर्षों से पंचायत प्रतिनिधि कि यह मांग जल्द ही धरातल पर दिखेगी। इस मौके पर बागबेड़ा कॉलोनी के पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, उमेश पांडे, समाजसेवी मिथिलेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com
sonvarshavani.com/epaper

संक्षिप्त समाचार

## युवा कांग्रेस ने स्थापना दिवस किया झंडोत्तोलन



**संवाददाताः रामगोपाल जेनाः चाईबासा** :- युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय के कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने स्थापना दिवस की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव सह महिला कांग्रेस की ऑब्जर्वर कीम जी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास की गरिमामई उपस्थिति में युवा कांग्रेस का झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन के बाद सभी लोगों युवा कांग्रेस के शपथपत्र के माध्यम से त्याग,न्याय,शान्ति,धर्म, विज्ञान ,समृद्धि और सत्य के रास्ते हुए भारत वर्ष को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। झंडोत्तोलन के बाद कांग्रेस भवन परिसर में चाईबासा नगर अध्यक्ष राहुल दास के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया और युवा कांग्रेस संगठन के विषय विचार-गोष्ठी हुई जिसमें महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव सह ऑब्जर्वर ने सभी को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस का इतिहास ही रहा है कि जनमुद्दों और जनसमस्याओं पर प्रखर होकर आवाज उठाना है और उनका समाधान करना अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन में युवा ही संगठन की रीढ़ होते हैं इसलिए हमेशा युवाओं को संगठन की मजबूती हेतु हमेशा सजग रहना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास ने बताया कि युवा कांग्रेस में सांगठनिक काम करने जो अवसर और अनुभव मिलता है वह आपको ताउम्र एक बेहतर संगठनकर्ता और नेतृत्वकर्ता बनाता है। इसलिए आप सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जो ये काम करने का अवसर मिला है आप सभी इस अवसर का आनंद लें और संगठन को मजबूत बनाने का काम करें युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने उपस्थित सभी युवा कांग्रेस लोगों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन में शामिल एक-एक कार्यकर्ता हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है और सभी लोगों की संगठन अपनी-अपनी जिम्मेदारियां तय हैं और सभी लोग अपनी जिम्मेदारी को बखूबी ईमानदारी पूर्वक निभा रहे हैं।श्री बांकिरा ने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता ही हैं जो सीमीत संसाधनों और विषम परिस्थितियों में भी संगठन मजबूती की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेश संवैया, सोशल मीडिया जिला कॉर्डिनेटर मोहम्मद सलीम,रवि कच्छप, जिला महासचिव सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, चाईबासा विधानसभा कार्यकारी अध्यक्ष बिपिन बिरूली, मझगांव विधानसभा कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष हरिन तामसोय, चाईबासा नगर अध्यक्ष राहुल दास,तांतनगर प्रखंड अध्यक्ष रूपेश पुरती, हाटगमाहरिया प्रखंड अध्यक्ष चन्द्रशेखर गागराई, चाईबासा विधानसभा सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अनिश गोप, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष दिकू संवैया, खूंटपानी प्रखंड अध्यक्ष साकारी दोंगो,चाईबासा नगर उपाध्यक्ष शुभम बुदिया,सुखो कुमार,जीतेन टिटिंगल,वीरसिंह बुड़ीऊली,पुनम संवैया और अन्य युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय द्वारा वृक्षारोपण



**चाईबासाः** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय शहर चाईबासा स्थित प्रकृति व्याख्या केंद्र-चाईबासा वन प्रमंडल के परिसर में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष शेखर सहित वन प्रमंडल पदाधिकारी-चाईबासा, वन प्रमंडल पदाधिकारी-सारंडा, वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण उपरांत उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं स्कूली बच्चों की मौजूदगी में आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति आधारित चलचित्र का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस जल-जंगल के संरक्षण का संदेश देता है। आज का यह दिन प्रकृति उपासना को समर्पित है। उपायुक्त के द्वारा समस्त जिला वासियों को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार मीणा, परियोजना निदेशक-आईटीडीए श्रीमती स्मिता कुमारी, सहायक समाहर्ता श्री अर्णव मिश्रा, अपर उपायुक्त श्री कमलेश्वर नारायण, सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी श्री अनिमेष रंजन, नजारत उप समाहर्ता श्री देवेंद्र कुमार, गोपनीय प्रभारी श्री कुमार हर्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

# संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में नए आईटी लैब का उद्घाटन

संवाददाताः घाटशिला





घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में दिनांक 9 अगस्त 2024 को नई आईटी लैब का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय सह सचिव श्री शिव कुमार देवड़ा और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य श्री दीपक बजाज द्वारा रिबन काटकर, गुरुदेव तथा ताई जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर विधिवत रूप से आई टी लैब का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती वंदना अग्रवाल द्वारा गुरुदेव के चरणों में एक भजन की प्रस्तुति की गई। साथ ही विद्यालय कॉयर द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई। तत्पश्चात विद्यालय सचिव श्रीमती सुलोचना देवी बागरिया एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य श्री दीपक बजाज को विद्यालय प्रशासिका श्रीमती शोभा गनेरीवाल द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय सह सचिव श्री शिवकुमार देवड़ा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या श्रीमती वंदना अग्रवाल को विद्यालय प्राचार्या श्रीमती नीलकमल सिन्हा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय सचिव श्रीमती सुलोचना देवी बागारिया ने अपने वक्तव्य में कहा यह विद्यालय मंदिर है जहाँ बच्चे अपना भविष्य तैयार करते हैं, यहाँ कोई तो ऐसी शक्ति है जो हमें सदा सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। विद्यालय सह सचिव श्री शिव कुमार देवड़ा ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि आज के इस तकनीकी युग में सम्पूर्ण दुनिया हमारे एक क्लिक पर है, हमें इसका सही प्रयोग करना चाहिए ताकि हम और सशक्त समाज का निर्माण कर सके। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती नीलकमल सिन्हा ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा हमें तकनीक का ऐसा प्रयोग करना चाहिए ताकि हमारे छात्र कुछ अनोखा सोचकर समाज में परिवर्तन ला सके।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधक श्री प्रसेनजीत कर्मकार, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य श्री राम गोपाल चोमाल,शैक्षणिक प्रभारी श्री एस. आर दत्ता, शिक्षक प्रभारी श्री अनूप कुमार पटनायक, श्री सैकत कुमार राय,अरपा भट्टाचार्य, विद्युत वरण चंद्र सम्मिलित थे। इस नए आईटी लैब में कुल 50 नए कंप्यूटर एवं अन्य उपकरण बच्चों की उत्तम शिक्षा के लिए हैं। यह विद्यालय का आधुनिक उपकरणों के साथ तीसरा कंप्यूटर लैब है। इस कार्यक्रम का मंच संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन शैक्षिक प्रभारी श्रीमती सास्वती रॉय पटनायक द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सौमिता सनातनी, श्रीमती नीलिमा सरकार, श्री सोमनाथ दे,श्रीमती मौमिता मदीना,सुश्री सुप्रिया दास की अहम भूमिका रही।

## नाग पंचमी पर्व पारंपरिक विधि विधान से धूमधाम से मनाया गया





संवाददाताः गम्हरिया

चौरसिया परिवार, गम्हरिया की ओर से प्रखंड के जगन्नाथपुर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में अपने कुल देवता का नाग पंचमी पर्व पारंपरिक विधि विधान से धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विधिवत पूजा अर्चना किया गया जिसमें काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से जमशेदपुर चौरसिया परिवार के अध्यक्ष एवं महामंत्री शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद समाज के सदस्यों की एक बैठक गम्हरिया अध्यक्ष कैलाश चौरसिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कुल देवता के निर्माणाधीन मंदिर को पूर्ण रूप से बनाने पर चर्चा हुई। सभी सदस्यों से शीघ्र ही मन्दिर निर्माण पूरा करने का संकल्प लिया। गया। इस मौके पर चौरसिया परिवार गम्हरिया के महामंत्री मदन कुमार मोदी, सचिव अरविंद कुमार समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## मुसाबनी में अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

संवाददाताः घाटशिला





घाटशिला जिला परिषद डाक बंगला में खुला पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र मुसाबनी 9 अगस्त 2024 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुसाबनी डाक बंगला जिला परिषद भवन में फूलों झानों पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का पुनः शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुसाबनी प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा,डी एस पी संदीप भगत, प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी विनय कुमार दूबे, प्रो मित्रेश्वर, ट्री मैन प्रो इंदल पासवान, कोल्हान पैड मैन तरुण कुमार, विवेकानंद दास, गणेश मुर्मू ,बिरेन नाथ घोष, शम्भू नाथ सतपथी,मो गुलाम,कबीर कुमार व लाइब्रेरी के छात्र - छात्रा काफी संख्या में उपस्थित थे । कार्यक्रम में मंच संचालन राजेश कैवर्त ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलन कर के साथ मुनमुन व साथियों द्वारा एक संथाली लोक गीत प्रस्तुत कर किया गया। गौरव क्रांतिगुरु ने स्वागत भाषण दिया।कार्यक्रम में लाइब्रेरी के छात्र छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। लाइब्रेरी के सक्रिय सदस्य मो सुलेमान द्वारा इस लाइब्रेरी की पूरी यात्रा को बताता गया, मौके पर प्रो मित्रेश्वर ने भी छात्रों को प्रेरित करने के लिए पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र की आवश्यकताओं एवं इनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया।डीएसपी संदीप भगत ने बच्चों को विपरीत स्थिति में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा ने मुसाबनी में लाइब्रेरी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के नीति आयोग फेलो कुमार सामंजस्य ने अपने संबोधन में कहा की इस सुदूर क्षेत्र में अपार प्रतिभा छिपी हैं पर जरूरत हैं उनको बाहर निकालने की। जिसका एक अच्छा माध्यम लाइब्रेरी हैं ।और उसको पुनः प्रारम्भ करने का उद्देश्य भी यही है गौरव क्रांतिगुरु ने कहा की अभी यह निर्धारित की गई है की यहाँ नवोदय विद्यालय व झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा की तैयारी करायी जाएगी और धीरे धीरे इसे एक सर्वांगीण अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा।धन्यवाद ज्ञापन विवेकानंद दास ने किया ।

## विश्व आदिवासी दिवस पर विधायक रामदास ने ग्रामीणों को दिलाया परम्परा -संस्कृति को कायम रखने का संकल्प



संवाददाताः घाटशिला

घाटशिला प्रखण्ड अन्तर्गत बाघुड़िया गाँव में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में फुटबॉल प्रतियोगिता खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ । कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधानों को पगड़ी देकर सम्मानित किया गया । इस मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन , विशिष्ट अतिथि एसडीओ सच्चिदानन्द महतो, सम्मानित अतिथि एसडीपीओ अजीत कुजूर शामिल हुए । कार्यक्रम में आदिवासी वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । मुख्य अतिथि विधायक रामदास सोरेन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामदास सोरेन ने कहा कि हम आदिवासी प्रकृति के पुजारी हैं । आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विश्व के तमाम आदिवासी समुदाय अपने परम्परा, संस्कृति तथा प्रथा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विचार विमर्श करते है । तथा लोक संस्कृति को बनाये रखने का संकल्प भी लेते हैं । आज हमें एकजुट होकर अपने हक और अधिकार जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए संकल्प लेने की आवश्यकता है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के जिला उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी, जिला कोषाध्यक्ष कालीपदो गोराई, प्रखण्ड अध्यक्ष वकील हेम्ब्रम, सचिव रतन महतो, जिला खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष विमल मार्डी, खेल प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष अम्पा हेम्ब्रम, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुखलाल हांसदा, जोनल अध्यक्ष मंटू महतो, उपाध्यक्ष फुलचांद टुडु, अशोक महतो, दुलाराम टुडु, सुनील मार्डी आदि उपस्थित थे ।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय के नए सत्र मे नव नामांकित विद्यार्थियो के लिए 2024 के श्रीनाथ शंखनाद का शुभारंभ

संवाददाताः जमशेदपुर





श्रीनाथ विश्वविद्यालय के नए सत्र मे नव नामांकित विद्यार्थियो के लिए 2024 के श्रीनाथ शंखनाद (इंडक्शन कार्यक्रम) का शुभारंभ जमशेदपुर के प्रतिष्ठित एक्सएलआरआई प्रेक्षागृह में हुआ। इस समारोह में शासन और प्रशासन की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमशेदपुर के उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल थे, जिनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में आरटीए कोल्हान श्री दिनेश रंजन, जेसीएपीसीएल के एमडी श्री उज्जवल चक्रवर्ती, मार्केट डेवलपमेंट के रीजनल हेड श्री शीरीष मुदगल, एंपायर ऑटो के निदेशक श्री देवांग गांधी, झारखंड फॉर्मेसी स्टेट काउंसिल के धर्मेंद्र सिंह, टाटा स्ट्राइव के रीजनल मैनेजर श्री रवि प्रकाश, और डीप्टी एसपी सीसीआर श्री अंजनी कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें श्रीनाथटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो, संस्थापक श्री शम्भू महतो एवं श्रीमती संध्या महतो , कुलपति श्री एस.एन. सिंह, और डीन प्रशासनिक एवं अकादमिक श्री जे. राजेश और डा दीपक शुक्ला सहित सभी प्रमुख गण्यमान्य अतिथिगण ने भी हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम श्री अनन्य मित्तल ने छात्रों के साथ अपने छात्र जीवन के अनुभवो को साझा करते हुए विश्वविद्यालय की संस्कृति की सराहना की और छात्रों को आत्म-अनुशासन की महत्ता समझाई और कहा कि आपको कभी भी अपनी राह से भटकना नही चाहिए क्योकि यह भटकाव आपको आपके लक्ष्य से दूर ले जाएगा । जेसीएपीसीएल के एमडी श्री उज्जवल चक्रवर्ती ने छात्रों को स्किल्ड बनने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि इंडस्ट्री और अकादमिक जगत के बीच की दूरी को कम किया जा सके। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति श्री एस.एन. सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों और संबंधित विभागों की जानकारी दी, जबकि कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो ने इंडक्शन के महत्व और विश्वविद्यालय मे दी जानी वाली शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में बताया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पहली पत्रिका 'श्रीवाणी' का लोकार्पण भी किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजे श्रीनाथ शंखनाद (इंडक्शन कार्यक्रम) में छात्रों ने कई मनोहारी प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत कर दिया, जिससे नए छात्रों में उत्साह और जोश की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ओडिसी डांस की प्रस्तुति रही, कार्यक्रम मे श्रीनाथ विश्वविद्यालय के वरिष्ठ सलाहकार श्री कौशिक मिश्रा, ट्रस्टी श्रीमती अनिता महतो एवं श्रीमती रेवती महतो , विश्वविद्यालय के सभी विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं छात्र उपस्थित थे । अंत मे कार्यक्रम का समापन श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती रचना रश्मि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## विधायक रामदास सोरेन ने किया हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन



संवाददाताः घाटशिला

समृद्धि महिला संगठन की ओर से घाटशिला कॉलेज रोड स्थित विभूति मंच पर हस्त निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी शुक्रवार से लगाई गई. प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक रामदास सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर किया. विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं की लगाई गई प्रदर्शनी में महिलाओं के लिए एक ही छत के नीचे सारी सामग्री की व्यवस्था की गई है. संस्था की सर्मिस्ठा नाग ने बताया की कोविद-19 के समय जरूरमंद महिलाओं ने थोड़ी-थोड़ी पूंजी से अपना व्यवसाय शुरू किया तीन से चार वर्षो में महिलाओं ने साल में सात आठ प्रदर्शनी विभिन्न शहरों में लगाकर अच्छी आमदनी कर रही है. आमदनी का एक हिस्सा महिलाओं द्वारा गरीब बच्चों के बीच वितरण किया जाता है. यह प्रदर्शनी 11 अगस्त तक विभूति मंच पर रहेगा. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत, काजल डॉन, काली पदो गोराई, अमित राय, रत्ना पात्र, अर्पिता सरकार, संदिपा दत्ता, अनिंदिता सूर, मोनोबिना, कृष्णा दत्ता सहित अन्य महिलाएं शामिल थी.

## पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में मिला नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया तीन आईईडी बम, सुरक्षा बलों ने बरामद कर किया नष्ट





संवाददाताः पश्चिमी सिंहभूम

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा प्लांट किया गया तीन आईईडी बमों को बरामद किया है। 05-05 किलो के ये तीनों आईईडी बम छोटानागरा और जराईकेला थानाक्षेत्र के सीमावर्ती गम्हरियागढ़ा और रोगाबुरू के आस-पास जंगली-पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से प्लांट किया था। लेकिन सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान तीनों आईईडी बमों को बरामद कर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट करते हुए नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है।

## आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले चक्रधरपुर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन

संवाददाताः रामगोपाल जेना



आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले चक्रधरपुर में विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन चक्रधरपुर शहर के पोड़ाहाट स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले जनजातीय समुदाय से आने वाले आदिवासी हो, मुंडा, उरांव, भुईयां आदि वर्ग के लोगों ने संयुक्त रुप से एकता रैली निकाली। चक्रधरपुर के पोटका स्थित आदिवासी मित्र मंडल में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर देश के लिए बलिदान होने वाले योद्धाओं को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बाजें - गाजे, सरना झंडा, बैनर, स्लोगन लिखी तख्तियां लिए एकता रैली निकाली गई। चक्रधरपुर के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता शशि भूषण सामड भी भी इस रैली में सम्मिलित हुए। एकता रैली में शामिल आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक लोकनृत्य करते हुए एनएच 75 से होकर आयोजन स्थल पोड़ाहाट स्टेडियम पहुंचे। यहां मुख्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक सुखराम उरांव शरीक हुए। वहीं अतिथि के रुप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मालती गिलुवा, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा विजय सिंह गागराई, भाजपा नेता विजय मेलगांडी, विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, सिकंदर जामुदा, विजय सिंह सामड, ललित मोहन गिलुवा, शिवचरण देवगम, कश्मीर कांडेयांग, जंगल सिंह गागराई, उरांव समाज अध्यक्ष रंजीत तिर्की, महली समाज अध्यक्ष शिवनाथ महली, मुंडा समाज अर्जुन मुंडा, कृषि पदाधिकारी बंदगांव विजय जोंको, दमयंती नाग, भुईयां समाज अध्यक्ष मंगल सरदार, संथाल समाज मार्टिन मुर्मू मुख्य रुप से शामिल हुए।

**सम्मानित किए गए अतिथि-** कार्यक्रम में समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित हुए। सभी समुदायों ने अपनी-अपनी समुदायों का सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। जनजातीय लोकनृत्य, लोकगीत प्रस्तुत कर समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश किया। वहीं कार्यक्रम में विभिन्न आदिवासी समुदाय के अगुवाओं को सम्मानित भी किया गया।

**जिले को मिली है इस वर्ष 20 लाख : विधायक-** मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस 30 साल से मना रहे है। 1994 में संयुक्त राष्ट्र की मंच में हमें आदिवासी दिवस मनाने का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि इसके पहले विश्व में गोरे और काले की लड़ाई लड़ी जाती थी। इस लड़ाई में नेल्सन मंडेला मुख्य भूमिका निभाते थे। इसी केश में नेल्सन मंडेला को 32 साल तक जेल में रखा गया था। 1990 में वह जेल से बाहर निकला। उसके बाद साऊथ अफ्रीका का राष्ट्रपति बने और 1994 में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस घोषित हुए, जिसके बाद से अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाते हैं। उन्होंने कहा कि पहले आदिवासी की पहचान जल जंगल जमीन और काला गोरे के रुप में होता था। उन्होंने कहा कि आदिवासी की पहचान उसकी संस्कार और संस्कृति ही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस को ओर बेहतर करना है। 2024 में सरकार ने प्रत्येक जिला को 20 लाख रुपए दिया है। आगे कोई भी सरकार आए यह प्रावधान लागू रहेगा। आने वाले दिनों में और किसी से अधिक मदद की ज़रुरत नहीं पड़ेगी। बेहतर ढंग से मनाए जाएंगे। मौके पर ये रहे उपस्थित आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्ण सामड, सचिव कश्मीर कांडेयांग, कोषाध्यक्ष पंकज बांकिरा, उपाध्यक्ष मंगल सरदार, अनिल उरांव, गणपति महाली, अर्जुन मुंडा, कुशल माझी एवं सलाहकार रांदो कोड़ाह, कालिया जामुदा, तीरथ जामुदा, ताराकांत सिजुई, मंटु गागराई तथा मीडिया प्रवक्ता विजय सामड, सत्यजीत हेंब्रम, रविन्द्र गिलुवा, मथुरा गागराई, मदन बोदरा, मधु डांगिल, नीतिमा जोंको, सुनीता पुरती, सुशीला सामड, सुनीता सामड, अंजीता लागुरी, दया सागर केराई, सोमनाथ कोया समेत आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



# गुरुजी टीईटी में थे फेल, फर्जी प्रमाणपत्र पर वर्षों से कर रहे थे नौकरी, शिक्षा विभाग ने 5 को किया बर्खास्त

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में फर्जी टीईटी प्रमाणपत्र पर बहाल शिक्षकों का खुलासा हुआ है। ये शिक्षक टीईटी में फेल हैं, लेकिन वर्षों से फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रहे थे। ऐसे पांच शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। एफआईआर कराने का भी आदेश दिया गया है। इस खुलासे के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

कहा जा रहा है कि ठीक से जांच हुई तो बड़ी संख्या में फर्जी शिक्षकों का खुलासा होगा। जिले में पारू प्रखंड में ये शिक्षक पकड़े गए हैं। बिहार बोर्ड ने इन शिक्षकों के टेट सर्टिफिकेट जांच के बाद इनकी सूची जिले को भेजी है। फर्जी प्रमाणपत्र पर बहाल के साथ-साथ राशि गबन मामले में अब इनपर प्राथमिकी का आदेश दिया गया है। जनवरी 2023 में इन शिक्षकों का वेतन बंद किया गया था। कोर्ट में मामला चल रहा था। विभाग ने प्रमाणपत्र सत्यापन को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को इनका प्रमाणपत्र भेजा था।

बिहार बोर्ड ने जांच के बाद पांच शिक्षकों का टीईटी में फेल होने का प्रमाणपत्र भेजा है। यह है पूरा मामला डीपीओ स्थापना नासिर हुसैन ने बताया कि ये शिक्षक अपने वेतन को लेकर कोर्ट में गए थे। इन शिक्षकों का आरोप था कि अकारण ही उनका वेतन भुगतान स्थगित है। इसके बाद इन शिक्षकों के टेट प्रमाणपत्र को सत्यापन के लिए बिहार बोर्ड के पास भेजा गया था। प्रमाणपत्र का सत्यापन होकर मिल गया है। बिहार बोर्ड ने इन पांच शिक्षकों के टीईटी प्रमाणपत्र में नॉट क्वालिफाइड अंकित कर भेजा है। प्रमाणपत्र सत्यापन से स्पष्ट होता है कि इन शिक्षकों द्वारा फर्जी ढंग से टीईटी प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर नियोजन प्राप्त किया गया। अब इन शिक्षकों की सेवा समाप्ति का निर्देश दिया गया है। इनपर प्राथमिकी भी दर्ज कराने को कहा गया है। डीपीओ ने कहा कि पारू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई को इस संबंध में निर्देश दिया गया है।

### विभाग ने इन शिक्षकों पर की कार्रवाई

जिन शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है, उनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय ठेंगपुर के नुरुल हुदा (टीईटी में 29 अंक), उत्क्रमित मध्य विद्यालय काजी मोहम्मदपुर के एनुअल हक (टीईटी में 45 अंक), उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगन्नाथपुर नयागांव की सीमा कुमारी (टीईटी में 20 अंक), उत्क्रमित मध्य विद्यालय टरवा मछौलीया के मोहम्मद नासीर अहमद (टीईटी में 19 अंक) और उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलवरिया के मोहम्मद कामरान सिद्दीकी (टीईटी में 13 अंक) शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान विश्व का सर्वोच्च विधान : प्रो. इफ्तेखार

**दरभंगा, एजेंसी।** मिल्लत कॉलेज में खेल एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को हमारे संविधान की विशेषताएं विषय पर भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य प्रो. इफ्तेखार अहमद की अध्यक्षता में किया गया। प्रधानाचार्य प्रो. अहमद ने कहा कि हमारा संविधान विश्व का सर्वोच्च विधान है, जिसमें महत्वपूर्ण राजनीतिक सिद्धांतों, शक्तियों और सार्वजनिक प्राधिकरण की जिम्मेदारियों की व्याख्या की गई है। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है जो हमारे महान लोकतंत्र का आधार स्तंभ है। खेल प्रभारी सह भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. महेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारा संविधान देश का मौलिक कानून है जिसमें सरकार के विभिन्न अंगों के बीच समन्वय की स्पष्ट व्याख्या की गई है। डॉ. मुस्तफा कमाल अंसारी ने सभी से संविधान का सम्मान करने एवं संविधान की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने की अपील की। संचालन डॉ. सोनी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सियाराम प्रसाद, डॉ. जमशेद आलम, डॉ. शाहनवाज आलम, डॉ. राज किशोर पासवान, डॉ. मुश्ताक समेत कई शिक्षक, कर्मी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### व्यापारी के हाथों अनाज बेचते पीडीएस डीलर को पकड़ा

**दरभंगा/अलीनगर, एजेंसी।** प्रखंड के मिल्की टोला गांव निवासी जन वितरण प्रणाली के विक्रेता अशोक राम को गुरुवार की दोपहर ग्रामीणों ने गेहूं व चावल की बिक्री करते हुए रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीण प्रमोद यादव सहित अन्य ने थानाध्यक्ष विनय मिश्रा को फोन कर डीलर द्वारा एक व्यापारी के हाथों अनाज बेचते हुए पकड़ने की जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने तत्काल पुलिस बल को भेजकर जुगाड़ गाड़ी पर लादे गए गेहूं एवं चावल के साथ पिरहौली गांव निवासी व्यापारी मदन चौधरी को पकड़कर थाना लाया। सूचना मिलते ही एमओ कल्पना कुमारी थाना पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुईं। इस बाबत व्यापारी मदन चौधरी ने बताया कि कोई व्यक्ति कैसे और कहां से उनके हाथों अनाज बेचता है यह उन्हें मालूम नहीं है। वे तो बस पैसे देकर दिन के उजाले में अनाज खरीदते हैं। इससे पहले भी वे यहां से खरीदारी करते रहे हैं। वहीं, एमओ सुश्री कुमारी ने थानाध्यक्ष से मिलने के बाद जन वितरण दुकान पर पहुंचकर स्टॉक पंजी एवं गोदाम का जायजा लिया। कुछ ग्रामीण लाभुकों ने पूछताछ के क्रम में बताया कि उन्हें तीन से पांच किलो तक कम अनाज मिलता है। एमओ ने थानाध्यक्ष को बताया कि वरीय अधिकारी से मिलकर उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। तब तक व्यापारी एवं अनाज सहित गाड़ी भी थाने पर रहेगी। एमओ ने कहा कि स्टॉक के अनुसार कुछ बोरी कम थी तो कुछ फर्श पर बिखरी पड़ी थी। आवेदनकर्ता प्रमोद यादव सहित अन्य ने कहा कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। उधर, थानाध्यक्ष विनय मिश्रा ने कहा कि एमओ के आवेदन पर पीडीएस विक्रेता अशोक राम और व्यवसायी मदन चौधरी पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पीडीएस विक्रेता को नौ बोरी गेहूं व दो बोरी चावल बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ा गया है। मौके से विक्रेता गायब है। व्यवसायी पुलिस की गिरफ्त में है।

### संसाधनों के दोहन से बिगड़ा प्रकृति का संतुलन : डॉ. झा

**दरभंगा, एजेंसी।** प्रकृति के कुपित होने से मानसून का चरित्र बदल गया है। प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के चक्कर में मानव ने इतना अनुसंधान कर लिया है कि उसका बैलेंस गड़बड़ा गया। इससे आसमान में बादल मंडरा रहे हैं, पर बारिश नहीं हो रही है। लनामिवि के पीजी भूगोल विभाग में मानसूनी वर्षा की अनियमितता के कारण एवं परिणाम विषयक सेमिनार में मुख्य वक्ता पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. टुनटुन झा अचल ने ये बातें कही। डॉ. अचल ने बताया कि जिस हिस्से में वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हुई है, वहां मानसूनी अनियमितता हो रही है। साथ ही बादलों का टूटना, बिजली गिरना, बारिश से बाढ़ आदि जैसी आपदाओं में वृद्धि हुई है। इससे निजात पाने का सबसे बेहतर उपाय पौधरोपण है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानसून का आधुनिक अध्ययन दो वर्षों पुराना है। इससे पहले भारत के किसान डाक वचनों से मानसून का अंदाजा लगाते थे। आज भी डाक के वचनों की प्रासंगिकता बरकरार है। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ. अनुरंजन कुमार ने कहा कि मानसूनी अनियमितता अरेबियन करंट के मजबूत बने रहने और बंगाल करंट के कमजोर पड़ने से हो रही है। इसी की वजह से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र मिथिला में वर्षा का अनुपात घट गया है और राजस्थान जैसे रेतीले स्थलों पर बाढ़ आ रही है।

# किसानों पर नीतीश सरकार मेहरबान; झारखंड, छत्तीसगढ़ की तर्ज पर धान पर बोनस का ऐलान

**पटना , एजेंसी।** बिहार के धान किसानों के लिए खुशखबरी है। पैक्सों और व्यापार मंडलों में धान बेचने पर उन्हें बोनस दिया जाएगा। इस पर सहकारिता विभाग और खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में सहमति बन चुकी है। अब वित्त विभाग की सहमति मिलने पर इस प्रस्ताव को राज्य सरकार की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिल जाने के बाद किसानों को जल्द से जल्द बोनस का लाभ मिलेगा। सहकारिता विभाग की गुरुवार को हुई बैठक में विभागीय योजनाओं एवं बजट व्यय की समीक्षा की गई। इसी बैठक में खरीफ विपणन योजना वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति में राज्य के किसानों को बोनस देने पर विचार किया गया। मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि इस संबंध में अन्तर्विभागीय समन्वय भी स्थापित किया जा रहा है। सरकार के स्तर पर आगे भी सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। धान खरीद पर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से राशि मिलती है। इसलिए अंतिम निर्णय खाद्य आपूर्ति विभाग के स्तर से ही होगा। दरअसल, धान खरीद बढ़ाने और किसानों को धान का ज्यादा मूल्य देने के लिए विभाग इस पर विचार कर रहा है। इस वर्ष पड़ोसी राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ में धान खरीद पर किसानों को बोनस दिया गया था। बिहार में धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल पर हुई थी। झारखंड में किसानों को 117 रुपये बोनस देकर 2300 रुपये प्रति क्विंटल धान लिया गया। छत्तीसगढ़ में किसानों को 917 रुपये बोनस लेकर 3100 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान किया गया। बिहार में धान का बाजार मूल्य भी 2200 से 2400 रुपये प्रति क्विंटल रहा। इसलिए किसानों ने पैक्सों की बजाय व्यापारियों को धान बेचा था। इस वर्ष करीब 30 लाख मीट्रिक टन धान खरीद हुई थी। एक साल पहले 42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई थी।



### 20 जिलों में विशेष किस्म के टमाटर लगेंगे

बैठक में बताया गया कि सब्जी उत्पादन एवं प्रसंस्करण समितियों, संघों तथा फेडरेशन में बहाली के लिए कार्मिक नीति तैयार की जा रही है। शीघ्र ही समितियों में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य के 20 जिलों में विशेष किस्म के आलू एवं टमाटर की खेती करने हेतु पौधों एवं बीजों के क्रय हेतु आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है। इससे राज्य में आलू एवं टमाटर की प्रोसेसिंग वेराइटी की फसल प्राप्त होगी।

### मक्का खरीद में एजेंसी की रुचि नहीं

समीक्षा में बताया गया कि राज्य में इस वर्ष मक्का अधिप्राप्ति के लिए राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता फेडरेशन (एनसीसीएफ) नोडल एजेंसी है। एनसीसीएफ के रुचि नहीं लेने के कारण मक्का अधिप्राप्ति प्रभावित हो रही है। इस वर्ष 205 गोदामों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। शीघ्र ही इनका निर्माण कराया जाएगा। विभागीय पदाधिकारी को प्रशिक्षण के लिए आईआईएम इंदौर भेजने पर सहमति बनी।

बैठक में मंत्री प्रेम कुमार, प्रधान सचिव संतोष कुमाल मल्ल, विशेष सचिव बिरेन्द्र प्रसाद यादव, अपर निबंधक प्रभात कुमार, सैय्यद सरवर हुसैन, संयुक्त निबंधक भरत कुमार, विकास कुमार, ललन शर्मा, संतोष झा, शंभूसेन कुमार, निसार अहमद, संजय कुमार, कामेश्वर ठाकुर, अमर झा, उप निबंधक प्रवीण कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# मुजफ्फरपुर में गिरिराज सिंह चौक का बैनर लगा, जिला प्रशासन बोला- कार्रवाई होगी




**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के प्रमुख व्यापारिक शहर मुजफ्फपुर में कलमबाग चौक पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज चौक के नाम पर गिरिराज चौक का बैनर लगा दिया गया है। चौक का नाम बदलने की खबर ना जिला प्रशासन को है और ना ही नगर निगम को। गिरिराज सिंह फैंस क्लब नाम के संगठन ने मुजफ्फरपुर नगर निगम से कलमबाग चौक का नामकरण गिरिराज चौक करने की मांग की है। बताते चलें कि गिरिराज बेगूसराय से दूसरी बार सांसद बने हैं और पहले एक बार नवादा से भी लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं।

लखीसराय जिले के बड़हिया इलाके के रहने वाले गिरिराज सिंह की छवि एक कट्टर हिंदूवादी नेता की रही है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के मशहूर कलमबाग चौक के पास अचानक से गिरिराज चौक का बोर्ड लगा दिया गया है। गिरिराज सिंह फैंस क्लब ने यह बोर्ड लगाने का दावा किया है। गुरुवार को कलमबाग चौक से आगे मोड़ पर अचानक से गिरिराज चौक का बोर्ड लगा दिया गया। वहां से गुजरने वाले लोग देखकर चर्चा करने लगे कि इस चौक का नाम कब से गिरिराज चौक हो गया है। चौक का नाम बदलने की कोई सरकारी घोषणा तक नहीं की गई है। इधर, जिला प्रशासन ने ऐसी किसी जानकारी से इनकार किया है। प्रशासन ने कहा है कि इसकी जांच कर मामले में समुचित कार्रवाई की जाएगी।

गिरिराज चौक का बोर्ड लगाने के संबंध में एसडीओ पूर्वी अमित कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि किसी शरारती तत्व ने ऐसा किया है। वहीं गिरिराज सिंह फैंस क्लब के संरक्षक देवांशु किशोर ने कहा है कि गिरिराज सिंह हिन्दू हृदय सम्राट हैं, इसलिए स्थानीय लोगों ने चौक को गिरिराज चौक का नाम दिया है। किशोर ने कहा कि स्थानीय लोग नगर निगम बोर्ड से आग्रह करेंगे कि वह इस चौक का नामकरण गिरिराज चौक करने के लिए समुचित कदम उठाए।

# राजगीर में बनी पक्षीशाला, अगले माह उद्घाटन:सौ से अधिक प्रजातियों को रखने की होगी व्यवस्था

## प्राकृतिक वातावरण के लिए दो सौ से अधिक लगाए पौधे

**नालंदा, एजेंसी।** राजगीर की जू-सफारी में सूबे की सबसे ऊंची पक्षीशाला (बर्ड एवियरी) बनकर तैयार है। सितंबर महीने में इसका उद्घाटन किया जाएगा। इस पक्षीशाला में देसी-विदेशी पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियों को रखने की व्यवस्था की गई है। आधा हेक्टेयर में फैली इस एवियरी की ऊंचाई 50 फीट है। पक्षियों के आवास के समीप वैज्ञानिक नाम के साथ, उनकी जीवन-प्रणाली से संबंधित होर्डिंग लगी होगी। इससे छात्र और पक्षी विज्ञान के शोधार्थी जानकारियां ले सकेंगे।

एवियरी के इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि यह पक्षियों के रखरखाव की घेरानुमा बड़ी संरचना है। पक्षी यहां आकाश में उड़ने का बखूबी लुत्फ उठा सकेंगे। छोटे पंछी इसमें से बाहर जाकर उन्मुक्त गगन में भी विचरण कर सकेंगे। एवियरी में कई झाड़ियों के अलावा बांस, फलदार व फूलदार 200 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शहतूत, लक्ष्मण फल, रामफल, सीताफल, अमरूद, सेमल, सलैया शामिल हैं। ऐसे में एवियरी के अंदर प्राकृतिक वातावरण का पक्षी अनुकरण करते हैं। एवियरी के चारों ओर 6 फीट गोलाई में बटर फ्लाई पार्क बनाया गया है। जलीय पक्षियों की सुविधा के लिए तालाब भी बनाए गए हैं।



### दुनिया की सबसे बड़ी एवियरी दक्षिण अफ्रीका में है

उप निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि एवियरी का प्राचीन उपयोग 1500 के दशक से भी पहले का है। लेकिन, आधुनिक तरीके से पहली बड़ी एवियरी वर्ष 1880 में रॉटरडैम चिड़ियाघर में स्थापित की गई थी। दुनिया की सबसे बड़ी एवियरी दक्षिण अफ्रीका में है। राजगीर जू-सफारी के निदेशक हेमंत पाटिल ने बताया कि राजगीर पक्षीशाला बनकर तैयार है। पक्षी लाने के लिए आवेदन किया जा चुका है। पक्षियों के आते ही इसे सैलानियों के लिए खोल दिया जाएगा। यह कई मायने में देश की अन्य एवियरी से अनोखी है।

### देश की अन्य एवियरी से अलग

राजगीर बर्ड एवियरी प्रदूषण से बचाव और बेहतर जल प्रबंधन के कारण देश की अन्य पक्षीशालाओं से अलग है। यहां वेबनेट यानि जाली स्टील की बनी है, लेकिन इसकी डिजाइन ऐसी है कि पक्षियों को टकराने के बाद भी चोट महसूस नहीं होगी।

# ट्रेन से गिरकर मौत पर पटना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, मृतक के परिजन को 8 लाख मिलेंगे






**पटना , एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट ने ट्रेन से गिरकर होने वाली मौतों के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इस आदेश से आमजनों को बड़ी राहत मिलेगी। कोर्ट ने ऐसे मामलों में आठ लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी सूरत में आठ लाख रुपये से कम का मुआवजा नहीं मिलेगा। न्यायमूर्ति सुनील दत्त मिश्रा की एकलपीठ ने शत्रुघ्न साहू की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। बिहार में ट्रेन से गिर कर मौत की घटनाएं अक्सर होती रहती है। कोर्ट ने रेल मंत्रालय की ओर से जारी गजट अधिसूचना 22 दिसम्बर 2016 का हवाला देते हुए कहा कि मुआवजा को लेकर उत्पन्न भ्रम को समाप्त करने के लिए मुआवजा राशि को बढ़ाकर आठ लाख रुपये कर दिया गया है। कोर्ट ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि यदि ब्याज सहित मुआवजा राशि 8 लाख रुपये से कम है तो उसे कम से कम आठ लाख रुपये का मुआवजा देना होगा। कोर्ट को बताया गया कि आवेदक के पुत्र ने एक जून 2014 को गया जंक्शन जाने के लिए गाड़ी संख्या 53608 की द्वितीय श्रेणी का टिकट खरीदा था। अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से टिकट लेकर ट्रेन में चढ़ा पर यात्रियों की धक्का-मुक्की के कारण वह चलती ट्रेन से गिर गया। ट्रेन से गिरने के चलते बिपुल साव गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल अनुग्रह नारायण लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने मुआवजा राशि के लिए पटना स्थित रेलवे दावा न्यायाधिकरण में केस दायर किया। न्यायाधिकरण ने आवेदक के अविवाहित पुत्र की मृत्यु पर 4 लाख रुपये का मुआवजा 12 प्रतिशत सालाना साधारण ब्याज के साथ देने का आदेश दिया। इस आदेश पर रेलवे ने पुनर्विचार अर्जी दायर कर ब्याज को चुनौती दी। न्यायाधिकरण ने अपने पूर्व के फैसला में संशोधन करते हुए 6 प्रतिशत साधारण ब्याज देने का आदेश दिया, जिसे आवेदक ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने आवेदक और रेलवे की ओर से पेश दलीलों को सुनने के बाद यह फैसला दिया।



# जन्मजय गांव में आपसी विवाद में नया मोड़

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के दौला पंचायत के जन्मजय गांव में हुई लूट की घटना में नया मोड़ सामने आया है। घटना के बाद सदर थाने में दर्ज प्राथमिकी में मामला सामने आया है। इसमें पुलिस की जांच में प्रथमदृष्टया यह बातें सामने आई है कि आपसी विवाद के कारण घटना घटित हुई थी। पीड़ित द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार घटना से 1 दिन पहले गांव में किसी विवाद को लेकर पंचायती हुई थी। इसके ठीक एक दिन बाद पीड़ित शमशेर आलम के घर घटना घटित हुई। मामले में एक नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। घटना के दिन एसडीपीओ गौतम कुमार और सदर थानाध्यक्ष संदीप कुमार खुद घटनास्थल पर पहुंचे थे। पुलिस ने मौके से घर वालों का बयान भी लिया था। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से घटना की पड़ताल की गई, जो चौंकाने वाले थे। एसडीपीओ गौतम कुमार ने बताया कि सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से घटना की जांच की गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com | ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### भारत की इकॉनमी मजबूत

पिछले हफ्ते अमेरिका सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में जो गिरावट शुरू हुई, उसका असर सोमवार को भी भारतीय बाजार पर दिखा। अमेरिका में बिकवाली वहां इकॉनमी के मंदी में फंसने के डर से शुरू हुई। इस बीच, इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध की आशंका ने भी ग्लोबल सेंटिमेंट खराब किया है। अमेरिकी मार्केट में इससे पहले जो तेजी चली आ रही थी, वह ज्यादातर टेक्नॉलजी कंपनियों तक ही सीमित थी। वह भी इस वजह से क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की बदौलत इनकी ग्रोथ तेज बने रहने की भविष्यवाणियां की जा रही थीं, लेकिन जून तिमाही के इन कंपनियों के रिजल्ट आए तो उससे मार्केट को निराशा हाथ लगी। अमेरिका में मंदी का डर बढ़ने से वहां के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पॉलिसी को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या उसे ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देनी चाहिए थी? वैसे, मंदी का डर बढ़ने के बाद फेडरल रिजर्व कह चुका है कि वह जल्द ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा। मार्केट पर जापानी की मुद्रा येन में आई गिरावट का भी असर हो रहा है। बैंक ऑफ जापान (जैसे भारत में रिजर्व बैंक है) ने हाल ही में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। असल में, बड़े विदेशी निवेशक वहां बेहद कम ब्याज दरों पर कर्ज लेकर उसे भारत सहित दुनिया के दूसरे बाजारों में लगाते हैं। इसे येन कैरी ट्रेड कहा जाता है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और येन में आई गिरावट की वजह से अब ऐसे सौदे काटे जा रहे हैं। इससे भी मार्केट पर दबाव बढ़ा है। ग्लोबल बिकवाली की वजह से भारतीयों बाजार पर भले ही दबाव बढ़ा है, लेकिन इसकी तुलना अमेरिका के टेक्नॉलजी शेयरों में तेजी वाले मार्केट से नहीं की जा सकती। अव्वल तो भारतीय इकॉनमी बेहद मजबूत है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज थी। इस वित्त वर्ष में भी उसका यह दर्जा बना रह सकता है। बड़ी बात यह भी है कि भारतीय बाजार की विदेशी निवेशकों पर निर्भरता बेहद कम हो गई है और डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स इसकी ताकत बने हुए हैं। वैसे, यह बात सही है कि भारतीय बाजार का वैल्यूएशन कुछ अधिक हो गया था, लेकिन किसी भी हाई ग्रोथ मार्केट को अक्सर ऊंचा वैल्यूएशन मिलता है। और, भारतीय कंपनियों की मुनाफे में बढ़ोतरी की रफ्तार को देखें तो यह वैल्यूएशन अधिक नहीं लगता। इसलिए, भारतीय निवेशकों को इस गिरावट से घबराना नहीं चाहिए।

### कोचिंग है या मौत के घर

सर्वोच्च न्यायालय की एक ताजा तल्ख टिप्पणी अब इतिहास में दर्ज हो गई है। न्यायालय ने दोटूक कह दिया कि वास्तव में ये स्थान (कोचिंग सेंटर) मौत के घर बन गए हैं। सबसे खास पहलू यह है कि अदालत ने कोचिंग सेंटर हादसे का स्वयं संज्ञान लिया है। ऐसे कम ही अवसर आते हैं, जब सर्वोच्च न्यायालय किसी मसले को स्वयं संज्ञान योग्य समझता है। अतः संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने जो उद्गार प्रकट किए हैं, उसके शब्दों को सकारात्मक रूप में लेने की जरूरत है। इसमें कोई शक नहीं कि 27 जुलाई को मध्य दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में एक आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत कोई सामान्य घटना नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने उचित ही कहा है कि कोचिंग सेंटर देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले अभ्यर्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करने के साथ ही, यह भी कहा है कि यह घटना आंखें खोलने वाली है और किसी भी संस्थान को तब तक संचालन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, जब तक कि वह सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं करता है। मतलब, कोचिंग संस्थान तब तक ऑनलाइन काम कर सकते हैं, जब तक कि वे सुरक्षा मानदंडों और बुनियादी सुविधाओं को पूरा नहीं करते हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि कोचिंग आज एक बड़ा व्यवसाय है, कोचिंग संस्थानों के बीच कमाने की होड़ लगी है और हर संस्थान ज्यादा से ज्यादा छात्रों को अपने दायरे में लाना चाहता है। यह बहुत दुखद है कि ऐसे संस्थानों का फोकस छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता पर नहीं है। अनेक ऐसे संस्थान हैं, जिन्होंने शुरू में बहुत उम्दा काम किया, छात्रों व युवाओं का सही मार्गदर्शन किया, पर अब वे शिक्षा की दुकान की तरह बन गए हैं, जहां पैसे का तो मूल्य है, पर जीवन और शिक्षा की गुणवत्ता हाशिये पर धकेल दी जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय अगर ऐसे प्रतिकूल या बिगड़े हुए माहौल में आमूलचूल सुधार की कोशिशों को आगे बढ़ा सके, तो हमारी शिक्षा व्यवस्था के लिए इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता।

## प्रकृति की चेतावनियों को अनसुना करना ठीक नहीं

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? प्रकृति का अत्यधिक दोहन और छेड़छाड़ के दुष्परिणाम वायनाड, जोशी मठ और केदारघाटी के तौर पर हमारे समक्ष हैं। प्रकृति बार बार किसी ने किसी घटना या तरीके से पूरी मानव जाति को चेतावनी और संदेश दे रही है, और हम लगातार प्रकृति के संदेशों को अनसुना और अनदेखा कर रहे हैं। 2013 में केदार घाटी में जो सैलाब आया और तबाही हुई अथवा उत्तरकाशी में भूकंप के बाद जो बाढ़ आई, हमने उन्हें ही प्रलय माना। विनाश और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय है। अब केरल के वायनाड जिले में लगातार तीन भू-स्खलन आए और फिर सैलाब आया, गांव के गांव दफन हो गए, 400 से अधिक घर देखते ही देखते 'मलबा' हो गए, करीब 387 मौतें हो चुकी हैं और 200 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं, यह प्रलय नहीं है, तो और क्या है? 'स्थावराणां हिमालयः', इस प्रसंग का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता के दसवें अध्याय के 25 वें श्लोक में हुआ है। इसमें 'श्रीकृष्ण' ने कहा है कि 'मैं स्थिर रहने वालों में हिमालय हूं'। सुखमय जीवन के लिए वेदों में हिमालय की आराधना का उल्लेख भी हुआ है। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'कुमारसंभव' में हिमालय को 'धरती का मानदंड' तथा 'दुनिया की छत व आश्रय' बताया था। अनादिकाल से पहाड़ आध्यात्मिक चेतना की पुण्यभूमि रहे हैं। प्रकृति के प्रबल उपासक रहे कई ऋषि मुनियों की तपोस्थली, भक्ति व अनुसंधान का केंद्र पर्वतराज हिमालय ही रहा है। मगर बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं व अंधाधुंध निर्माण कार्य पहाड़ों की स्थिरता को चुनौती पेश कर रहे हैं। 16 जून 2013 को केदारनाथ धाम के पीछे मौजूद चोराबाड़ी ग्लेशियर के ऊपर बादल फटा। ग्लेशियर में

> *निस्संदेह, मौजूदा परिस्थितियों में जरूरी है कि विभिन्न राज्यों में ऐसी आपदाओं से बचाव की तैयारी करने और निपटने के लिये तंत्र को बेहतर ढंग से सुसज्जित करने के तौर-तरीकों पर भी युद्धस्तर पर काम किया जाए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश में आपदा प्रबंधन की दिशा में प्रतिक्रियाशील तंत्र सक्रिय हुआ है।*

बनी एक पुरानी झील में इतना पानी भर गया कि उसकी दीवार टूट गई। पांच मिनट में पूरी झील खाली हो गई। पानी इतनी तेजी से निकला कि केदारनाथ धाम से लेकर हरिद्वार तक 239 किलोमीटर तक सुनामी जैसी लहरें देखने को मिलीं। चारों तरफ तबाही और बर्बादी। हजारों लोग मारे गए। हजारों का आज भी पता नहीं चला। नदियों का बढ़ा जलस्तर देख डर लग रहा था। लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स और नौसेना ने 10 हजार से ज्यादा सैनिक और 50 से ज्यादा हेलीकॉप्टर और विमान लगाए। वायुसेना के विमानों ने 2137 बार उड़ान भरी। 1.10 लाख से ज्यादा लोगों को बचाया गया। साल-दर-साल बीतते चले गए। हादसे के निशान तो अब भी पहाड़ों की ढलानों पर दिखते हैं। केदारनाथ धाम जाने की दूरी भी बढ़ गई। क्योंकि रामबाड़ा कस्बा पूरी तरह से खत्म हो गया था। नया रास्ता बनाया गया। जो पुराने रास्ते से करीब तीन किलोमीटर ज्यादा है। पहले आप केदारनाथ घाटी के बाएं पहाड़ों पर चलते हुए मंदिर तक जाते थे अब रामबाड़ा से रास्ता दाहिनी ओर कट जाता है। उत्तराखंड का शहर जोशीमठ धीरे-धीरे जमीन में धंसता जा रहा है। 2023 में जोशीमठ से जुड़े समाचार देश दुनिया में छाये हुए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान संकट कई कारणों से उत्पन्न हुआ है, जिनमें वर्षों से चल रहा अनियोजित निर्माण, जलविद्युत परियोजनाएं और उचित जल निकासी व्यवस्था का अभाव शामिल है। 1976 में एक सरकारी रिपोर्ट में जोशीमठ में भारी निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई थी, जिसमें कहा गया था कि मिट्टी की भार वहन क्षमता की जांच के बाद ही इसकी अनुमति दी जानी चाहिए। रिपोर्ट में उचित जल निकासी और सीवेज प्रणाली के निर्माण तथा कटाव को रोकने के लिए कंक्रीट सीमेंट ब्लॉक लगाने का भी सुझाव दिया गया था। लेकिन विशेषज्ञों की हर हिदायत और चेतावनी को अनसुना किया गया। वायनाड में जो कुछ हुआ, यह कुदरती मार नहीं, मानव-निर्मित घटना है, क्योंकि आदमी अपनी मौज मस्ती और ऐयाशी के लिए पहाड़ों को तोड़ रहा है। पहाड़ों की चोटियों पर भी इमारतें बनाई जा रही हैं। केरल की भौगोलिक स्थिति परंपरागत पहाड़ों से भिन्न है, लेकिन देश भर के 80-85 फीसदी भू-स्खलन केरल में ही आते हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के मुताबिक, 2015 से 2022 तक 3782 भूस्खलन आए। उनमें से करीब 60 फीसदी केरल में ही आए। मौजूदा हालात पर विशेषज्ञों का मानना है कि अरब सागर का तापमान बढ़ने से बेहद घने बादल बने और उसी से केरल में कम समय में बहुत ज्यादा बारिश हुई। वायनाड पहाड़ी जिला है और पश्चिमी घाट का हिस्सा है। यहां 2100 मीटर तक ऊंचे पहाड़ हैं। विशेषज्ञों की मानें तो, जलवायु-परिवर्तन ने भी बारिश की स्थिति और भूस्खलन की तीव्रता को बढ़ाया है। एक शोध में कहा गया है कि जो वायनाड साल भर बूंदाबांदी और मानसून की बारिश वाला ठंडा, नम वातावरण वाला इलाका होता था, जलवायु-परिवर्तन के कारण अब सूखा, गर्म, लेकिन मानसून के दौरान भारी, तीव्र बारिश वाला क्षेत्र बन गया है। इस बदलाव से भूस्खलन का जोखिम बढ़ा है। 2018 के मानसून में भी खूब बारिश हुई थी, तब करीब 400 लोगों की जान चली गई थी। उसके बाद केरल में भू-स्खलन वाला क्षेत्र बढ़ गया है। इस हादसे, संकट या घटना पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। देश में हर राज्य में, हर क्षेत्र में विकास होना चाहिए, लेकिन ऐसी घटनाओं से सबक भी सीखना चाहिए। विकास-कार्य जापान और ताइवान सरीखे देशों में भी हो रहे हैं। वहां भी पहाड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन ऐसे हादसों से बचने के बंदोबस्त भी किए जा रहे हैं। वे दीवार पुश्ता लगाना हो अथवा पेड़-पौधों का रोपण या कुछ और बंदोबस्त करना हो, जापान इसमें अग्रणी रहा है। वहां के पहाड़ों को स्थिर बनाए रखने के लिए विशेष तरह की जालियां तक लगाई गई हैं। देश के उत्तराखंड राज्य में टिहरी बांध में ढलानों की कटाई के बाद बेहतर सुरक्षा उपाय किए गए हैं। ताइवान ने पहाड़ पर दबाव मापी यंत्र लगाकर एक भिन्न प्रयोग किया है। इससे यथासमय पता चल जाता है कि पहाड़ पर कितना दबाव है और वह लोगों को पहाड़ के दरकने को लेकर आगाह कर देता है। हमारे देश में जो निर्माण-कार्य बेलगाम और अनियोजित तरीके से किए जाते हैं। खनन तक धड़ल्ले से कराया जाता है।

## बांग्लादेश में चीन और आईएसआई ने मिलकर जो साजिश रची थी, वह सफल हो गयी है

(नीरज कुमार दुबे)

दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहतन करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हो गया और कई मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से अपने घर में नजरबंद खालिदा जिया की रिहाई का आदेश भी आ गया। यदि आप बांग्लादेश में हाल में घटी सारी घटनाओं की कड़ियों को जोड़ेंगे तो पाएंगे कि यह सब कुछ तय पटकथा के हिसाब से हुआ है। इसलिए शेख हसीना सरकार का जाना और खालिदा जिया का कैद से बाहर आना भारत के लिए चिंताजनक खबर है। पहले ही डुरंड लाइन के नाम से मशहूर भारत और अफगानिस्तान सीमा तथा पाकिस्तान व चीन से लगती सीमाओं पर हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और अब बांग्लादेश से लगती सीमाओं पर भी सुरक्षा हालात चुनौतीपूर्ण हो गये हैं। बांग्लादेश में जो घटनाक्रम घटा है यदि उसे आप भारत के परिप्रेक्ष्य में देखेंगे तो पाएंगे कि हमें घेरने के लिए चीन और पाकिस्तान जो प्रयास लंबे अर्से से कर रहे थे उसमें वह कुछ हद तक कामयाब हो गये हैं। दरअसल विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करता और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता हिंदुस्तान हमारे दुश्मनों को नहीं भा रहा है। इसलिए भारत में अशांति फैलाने के लिए तमाम प्रयास किये जाते हैं। दुश्मनों को लगता है कि भारत ने आतंक और उग्रवाद पर काबू पाने में जो सफलता पाई है कैसे उसे विफल करा जाये। इसके लिए वह तमाम तरह के हथकंडे अपनाते रहते हैं और सीधी लड़ाई से बचते हुए दायें या बायें से वार करना चाहते हैं। दुश्मन को जम्मू-कश्मीर की शांति और पूर्वोत्तर क्षेत्र की प्रगति नहीं भा रही है। दुश्मनों ने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंक और उग्रवाद को हवा देने के लिए तथा भारत को इस दंश से जूझने के लिए जो कड़ी मेहनत की थी उस पर पिछले दस सालों में पानी फेर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी कमांडरों और अलगाववादियों का सफाया हो चुका है। पूर्वोत्तर क्षेत्र भी अपेक्षाकृत शांत हो गया है। वहां के कई उग्रवादी संगठन सरकार से समझौता कर मुख्यधारा के जीवन में लौट आये हैं। उग्रवादी और आतंकी संगठनों को मिलने वाली टैरर फंडिंग पर भी रोक लग गयी है। जाहिर है यह सब पाकिस्तान और चीन को नहीं भा रहा था। खासतौर पर शेख हसीना के कार्यकाल में जिस तरह बांग्लादेश सरकार भारत को वरीयता देती थी उससे भी चीन नाखुश रहता था। ऐसे में चीन इस ताक में था कि कैसे इस स्थिति को बदला जाये। चीन को परेशान देख पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मदद के लिए प्रस्ताव रखा और फिर योजनाबद्ध तरीकों से चीजों को आगे बढ़ाया गया। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े छात्र संगठन इस्लामी छात्र शिबिर (आईसीएस) को पाकिस्तान में काम कर रही कुछ चीनी कंपनियों की ओर से फंडिंग भी दी गयी थी। इन पैसों का इस्तेमाल बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जनभावनाएं भड़काने और छात्रों का आंदोलन खड़ा करने में किया गया था। बताया जा रहा है कि चीन और आईएसआई की मिलीभगत से यह तय किया गया था कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराने के लिए कब क्या किया जाना है। इस्लामी छात्र शिबिर आईएसआई के बेहद नजदीकी माने जाने वाले देवबंदी आतंकी समूह हरकत-उल-जिहाद-अल-इस्लामी (हूजी) के साथ काम रहा था। बताया यह भी जा रहा है कि भारतीय खुफिया एजेंसियां लंबे समय से इस्लामी छात्र शिबिर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थीं क्योंकि उन्हें खबर लगी थी कि भारत विरोधी एजेंडा आगे बढ़ाने की रणनीति बनाई जा रही है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5457

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5456

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपके सुख सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके रुके कार्य सिद्ध होंगे और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। सम्मान प्राप्त होगा और आपके रुके कार्य सिद्ध होंगे। धार्मिक यात्रा का प्रसंग स्थगित हो सकता है और शुभ व्यय कीर्ति में वृद्धि होगी। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। अच्छे समाचार से मन को संतोष होगा।

### वृष
आज लाभ होगा और आपका दिन तनावमुक्त होगा। किसी भी मामले में सोचसमझकर विवेक से काम लें। व्यर्थ के विवाद में न उलझें, हानि हो सकती है। खानपान में सावधानी बरतें। वरना आपकी सेहत बिगड़ सकती है। आपको धन के निवेश से जुड़ा कोई फैसला काफी सोचकर लेने की सलाह है। आपके परिवार में कोई आपकी आर्थिक मदद कर सकता है।

### कर्क
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आर्थिक लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ व्यय से आपको कष्ट हो सकता है। नज़दीक व दूर की सकारणीय यात्रा के प्रसंग प्रबल होंगे। आपके लिए शाम को धन आगमन के योग बन रहे हैं और आपको बिजनस में जबर्दस्त लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### सिंह
आज लाभ का दिन है और आपके आय के नए स्रोत में इजाफा होगा और आपको दोस्तों से लाभ होगा। किसी के सहयोग से आपका कोई रुका कार्य बन सकता है और आपको करियर व कारोबार के मामले में लाभ होगा। आपके सुख में वृद्धि होगी और अचानक से पैसा मिलने से आपकी कई रुकी योजनाएं फिर से आरंभ हो सकती हैं।

### मिथुन
आज दिन करियर के मामले में लाभ देने वाला होगा और आपको कहीं से शुभ समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपकी माता को कष्ट कर सकता है। व्यवसाय में सावधानी बरतें और जोखिम के काम से दूर रहें। आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज लाभ का दिन है। आज का दिन प्रभाव बढ़ाने का है और आपकी सुख संपत्ति में वृद्धि होगी। ज़मीन की खरीद फरोख्त के मामले में सावधान रहें। अच्छे लोगों का साथ मिलने से आपको प्रसन्नता होगी और आपको शुभ कार्य में लाभ होगा। मन में प्रसन्नता होगी।

### तुला
आज लाभ होगा और आपका दिन सम्मान से भरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। महान व्यक्तियों की कृपा से आपको धन लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। अवसर का लाभ उठाने के लिए सचेत रहें और अपने काम पर फोकस करें। आपके लिए दिन सम्मान से भरा होगा और किस्मत साथ देगी।

### वृश्चिक
आज अचानक से लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपको अकस्मात बड़ी मात्रा में धन लाभ होने से आपके मन को काफी संतोष रहेगा। शाम के समय हर्षदायक समाचार मिलेगा और आपके मन को खुशी होगा। रात्रि में किसी शुभ समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है और आपकी जान पहचान लोगों के साथ बढ़ेगी।

### मकर
आज लाभ होगा और आज आपके सुस्त पड़े कारोबार में सुधार होगा और आपको धन लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। धन लाभ होने से मनोबल बढ़ेगा और आपको संतान पक्ष के लोगों से सुखद समाचार मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। संतोषजनक समाचार से आप हर्षित होंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### कुंभ
आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और राजनीतिक क्षेत्र में काम करने का शुभ अवसर आपको मिलेगा। सांसारिक सुख भोग का लाभ होगा और आपके लिए सुख समृद्धि का दिन है। रात में किसी विशेष समारोह में महान व्यक्ति के मिलने से बहुत समय से स्थगित चल रहे महत्वपूर्ण कार्य में गति आएगी और आपको खुशी होगी।

### धनु
आज लाभ होगा और आपका दिन सुख शांति में बीतेगा। कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज कम हो जाएगा। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। कोर्ट कचहरी के मामले में आपकी विजय होगी और दिन लाभ व सम्मान से भरा होगा। आपको ससुराल पक्ष के लोगों से आर्थिक लाभ मिलेगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### मीन
आज लाभ का दिन है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। किसी कठिन समस्या का समाधान भी हो जाएगा और आपको लाभ होगा। किस्मत का साथ मिलने से आपको रुका पैसा मिल सकता है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा।

## वर्ग पहेली 5457

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | 8 | ■ | 9 | | ■ | |
| ■ | 10 | | 11 | | ■ | 12 | |
| 13 | ■ | 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | | | 19 |
| ■ | 20 | | | ■ | | ■ | |
| 21 | | ■ | 22 | 23 | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 24 सितंबर 1979 को इस देश ने संविधान अपनाया (2)
3. 1983 का प्रुडेंशियल कप (विश्वकप) क्रिकेट इस क्रिकेटर के नेतृत्व में भारत ने जीता था (5)
7. यह भारत की पहली रहस्य प्रधान फिल्म थी, राजा का निवास (3)
9. एक मोटा वस्त्र, सपटा (2)
10. क से ह तक की वर्णमाल (4)
12. सूर्य, पुत्र (अंग्रेजी)(2)
14. सप्ताह का दिन (2)
16. हिंदी के बारह महिनों में से एक (2)
18. कोलकात के समीप स्थित प्रसिद्ध शिवलिंग (शिवपुराणानुसार)(5)
20. पुराणानुसार इंद्र के सारथि का नाम (3)
21. जिसे प्यास लगी हो (2)
22. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
24. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
25. विमान पथ, धावन पथ (3)
26. काबिल, योग्य (3)

**ऊपर से नीचे**
1. ग्रीष्म अनुभूति, धूप (2)
2. व्यर्थ, बेमतलब, बेफिजूल (3)
4. झपोला, विविध भारती से प्रसारित कार्यक्रमों में से एक (3)
5. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
6. वादा, इकरार (3)
8. एक वात रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है, पक्षाघात (3)
11. भाद्रप्रद के शुक्ल तृतीय को महिलाओं का व्रत विशेष जिसमें निर्जला रहकर रात्रि जागरण कर भजन आदि करती है (5)
13. दक्षिण अमेरिका के प्रशांत तट स्थित पेरू देश की यह राजधानी है (2)
15. ऊंट, बैल आदि की नाक में बंधी हुई रस्सी (3)
17. भयंकर युद्ध (4)
19. करूणा, दया, तरस (3)
21. प्रेम, मुहब्बत, इश्क (2)
23. दिल्ली की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ नाम)(2)
24. हिमालय पर्वत का एक जंगली बैल (2)

### वर्ग पहेली 5456 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ला | ब | ■ | सो | म | ना | थ |
| ल | ल | क | ■ | म | द | न | ■ |
| ब | च | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | सा |
| द | ■ | ■ | मु | ग | ल | का | ल |
| न | ई | दु | नि | या | ■ | ति | ■ |
| ■ | द | म | ■ | ना | ग | ब | ल |
| आ | गा | ■ | क | ■ | री | ■ | ग |
| शा | ह | ज | हां | ■ | ब | न | ना |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

# सीएम योगी बोले: धरना-प्रदर्शन के नाम पर अराजकता की छूट नहीं

## अफवाह फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटें अधिकारी



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसान संगठन हों अथवा अन्य कोई संगठन, यदि लोकतांत्रिक ढंग से अपनी बात कहना चाहते हैं, तो उसे सुना जाए। उनकी आशा, अपेक्षा और आशंका का यथोचित निराकरण करें। लेकिन अराजकता फैलाने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। लोकतांत्रिक संगठनों की आड़ में कुछ राष्ट्रविरोधी संगठन माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। पूर्व में धरना-प्रदर्शन की आड़ में कुछ अराजकता फैलाने वाले संगठनों की उपस्थिति रही। इनकी पड़ताल करके सख्त कार्रवाई करें। योगी बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोन, मंडल, रेंज व जिला स्तरीय फील्ड अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था तथा लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 23, 24, 25 और 30, 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा होनी है। यह शांतिपूर्ण और शुचिता के साथ संपन्न हो। सभी जिलों को अलर्ट रहना होगा। अधिकारी हर परीक्षा केंद्र का सूक्ष्मता से निरीक्षण करें। शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करें। अभ्यर्थियों के आवागमन का प्रबंधन किया जाए। महिला अभ्यर्थियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। सोशल मीडिया अफवाह फैलाने का माध्यम बन रही है, इस पर नजर रखें। तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर समाज में विद्वेष पैदा करने वाली सूचनाओं, फेक न्यूज का तत्काल तथ्यों के साथ खंडन किया जाए। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह, हर घर तिरंगा अभियान, विभाजन विभीषिका दिवस, स्वाधीनता दिवस में जन भागीदारी बढ़ाने, स्कूल, कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस को जोड़ने के निर्देश भी दिए। योगी ने कहा कि महिला सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। आगामी 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) है। कुछ अराजक तत्व माहौल खराब करने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाएं। सतर्क और सावधान रहें। रक्षाबंधन पर 18 अगस्त की रात्रि से 19 अगस्त की रात्रि तक परिवहन निगम की बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। आगामी दिनों में नागपंचमी, श्रावण सोमवार, काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ, रक्षाबंधन, चेहल्लुम और जन्माष्टमी हैं। यह समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से संवेदनशील है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन को लगातार अलर्ट रहना होगा।

### बाढ़ प्रभावितों की राहत सामग्री में गुणवत्ता से समझौता नहीं

उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावितों को दी जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता खराब नहीं होनी चाहिए। निर्धारित मात्रा से कम, बासी अथवा खराब गुणवत्ता की सामग्री वितरित होने, वेंडर द्वारा आपूर्ति में गड़बड़ी करने पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक 12 जिलों में 120 प्रतिशत से अधिक वर्षा हुई है। वहीं 27 जिलों में सामान्य वर्षा रही। जबकि 18 जिलों में 80 प्रतिशत तक और 14 जिलों में 60 प्रतिशत तक वर्षा हुई है। जौनपुर, शामली, फतेहपुर में 40 प्रतिशत से भी कम वर्षा हुई है। बलिया, सीतापुर, बांदा, बाराबंकी, बिजनौर, फर्रुखाबाद, प्रयागराज और वाराणसी में अभी बाढ़ की स्थिति है।

## संक्षिप्त समाचार

### ताज पश्चिमी गेट के पास पेड़ की डाल टूटकर गिरी, बाल-बाल बचे पर्यटक; छूटे पसीने

**आगरा , एजेंसी।** आगरा में ताजमहल पश्चिमी गेट बैरियर के पास बृहस्पतिवार को पेड़ की डाल टूटकर गिर गई। कई पर्यटक निकल रहे थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। पश्चिमी गेट के पास पुराने पेड़ लगे हैं, जिनकी डालियां पश्चिमी गेट रोड पर झुकी हैं। पहले नीम तिराहा पर पेड़ गिर गया था, जिससे ताज रेस्तरां के पास बिजली के खंभे, ट्रांसफॉर्मर और तार क्षतिग्रस्त हो गए थे। क्षेत्रीय निवासी ताहिरुद्दीन ताहिर ने पेड़ों की डालियों को छांटने की मांग की है ताजमहल पूर्वी गेट पर गोल्फ कार्ट एरिया के सामने फुटपाथ धंस गया। यहां इंटरलॉकिंग टाइल्स लगे थे। लगातार बारिश के कारण मिट्टी के कटान से गहरा गड्ढा हो गया। पर्यटकों को हादसे से बचाने के लिए दुकानदारों ने यहां बैरिकेडिंग कर दी है।

### भजन बजाए तो घर पर बरसाए पत्थर, दूसरे समुदाय के पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के भोजीपुरा इलाके में अराजकतत्वों ने भजन बजने पर पड़ोसी के घर पर पत्थर बरसा दिए। पकड़े जाने पर वह झगड़ा करने पर उतारू हो गए। पीड़ित के साथ हिंदूवादी संगठनों के लोग थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर प्यारेलाल निवासी धीरेंद्र के घर शाम को जब भी भजन बजते थे तो उनके घर पर पत्थर फेंके जाते थे। बुधवार शाम जब भजन बज रहे थे तभी धीरेंद्र के पिता मेहरबान सिंह अपनी छत पर छिप गए। थोड़ी देर में पड़ोसी यूनिस खां व उसके पुत्र शाहिद ने उनके घर पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। जब मेहरबान सिंह ने विरोध किया तो यूनिस खां झगड़ा करने पर उतारू हो गया।

**थाने पहुंचे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता :** धीरेंद्र बुधवार रात नौ बजे भोजीपुरा थाने पहुंचे। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष विवेक गंगवार व अन्य हिंदूवादी संगठनों के लोग भी थाने पहुंच गए। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष भोजीपुरा से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

हंगामा बढ़ता देख पुलिस ने धीरेंद्र की तहरीर पर यूनिस खां व शाहिद खां निवासी सैदपुर प्यारेलाल थाना भोजीपुरा के खिलाफ पत्थर फेंकने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष रामरतन सिंह ने बताया कि शाहिद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है।

### फंदे पर लटका मिला एमबीबीएस का छात्र, सहारनपुर में एडीओ पंचायत निलंबित, युवती की मौत

**मेरठ , एजेंसी।** सहारनपुर देहात कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में देहरादून निवासी युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बागपत में तेंदुए का शव मिला है। बांदा में पढ़ रहे छात्र का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र रोहन कुमार (26) का शव किराए के मकान में फंदे से लटका मिला। तड़के पत्नी ने देखा तो वह दंग रह गई। सहपाठी के सहयोग से वह उसे लेकर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची। यहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि की। वहीं, छात्र के परिजनों ने पत्नी और सहपाठी छात्र पर रस्सी से गला घोंटकर हत्या का आरोप लगाया है। पिता ने कोतवाली में तहरीर भी दी है। मेरठ जिले के गंगानगर थाना क्षेत्र के रजपुरा गांव निवासी रोहन कुमार शहर कोतवाली क्षेत्र के कुशवाहा नगर में किराए का मकान लेकर पत्नी पीलीभीत के विसलपुर गांव निवासी आकांक्षा (25) के साथ रहता था। रोहन ने बृहस्पतिवार तड़के साढ़े तीन बजे कमरे में लगे जंगले से दुपट्टे बांधकर फंदा लगा लिया।

पत्नी आकांक्षा की नींद खुली तो उसे फंदे से लटका पाया। उसने रोहन के मित्र धर्मेंद्र प्रताप सिंह (एमबीबीएस प्रथम वर्ष) को फोन कर बुलाया और रोहन के परिजनों को जानकारी दी। बाद में रोहन को मेडिकल कॉलेज में मृतत घोषित कर दिया गया। देर शाम रोहन के पिता प्रवीण कुमार ने बताया कि आकांक्षा ने फोन पर सुबह बताया कि रोहन की डिप्रेशन की वजह से तबीयत खराब है, आप लोग आ जाइये। यहां आए तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है।

# नाग पंचमी पर पूजे गए भगवान नागवासुकि, भक्तों ने चढ़ाया दूध और लावा, शिवालयों में भी उमड़ी भीड़



**प्रयागराज , एजेंसी।** संगमनगरी में नागपंचमी का पर्व शुक्रवार परंपरागत तरीके से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने घरों में दूध लावा का भोग लगाकर नाग देवता का आह्वान किया। भगवान शिव के मंदिरों में पूजा अर्चना और जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ नागवासुकि मंदिर पर रही। दारागंज में गंगा के तट पर स्थित नागवासुकि भगवान को दूध लावा का भोल लगाने और अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त था। मंदिर के बाहर बड़ी संख्या में सपेर विभिन्न प्रजाति के सांपों का दर्शन करा रहे थे। लोगों ने नाग देवता का दर्शन कर यथाशक्ति दान पुण्य किया। इसके अलावा जनपद के सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। दूध और लावा की खरीदारी जमकर की गई। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान नागवासुकि को रस्सी बनाकर देवताओं और दानवों ने समुद्र का मंथन किया था। समुद्र मंथन के बाद नागवासुकि काफी लहूलुहान हो गए थे। भगवान विष्णु की सलाह पर नागवासुकि ने संगमनगरी प्रयागराज में इसी स्थान पर आराम किया था। इसके चलते इसे नागवासुकि मंदिर कहा जाता है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु सर्पदोष से मुक्ति पाने के लिए नागवासुकि महाराज का दर्शन करने और अनुष्ठान करने के लिए यहां पर आते हैं। यहां से कंकड़ ले जाकर घर में रखने पर घर पर कभी सांपों और नागों की छाया नहीं पड़ती है और सर्पदोष से मुक्ति मिलती है, ऐसी भी मान्यता है।

# सीआरपीएफ श्रीनगर में तैनात अयोध्या के लाल का निधन, शव गांव पहुंचा तो मच गया कोहराम





**अमानीगंज (अयोध्या) , एजेंसी।** अयोध्या के अमानीगंज के मिल्कीपुर के ग्राम बसवार खुर्द निवासी अवधेश द्विवेदी के पुत्र सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र द्विवेदी (40) का श्रीनगर के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान निधन हो गया। शैलेंद्र कश्मीर के श्रीनगर में 28 बटालियन सीआरपीएफ में तैनात थे।

सीआरपीएफ जवान के अचानक निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बसवार खुर्द पूरे दूबे में उनके पैतृक आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। मृतक सीआरपीएफ जवान के पिता ने बताया कि वह वर्तमान में कश्मीर के श्रीनगर में तैनात थे। अचानक उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया। आननफानन उन्हें कश्मीर के श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। श्रीनगर हेड क्वार्टर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद उनके शव को शुक्रवार को राजकीय सम्मान के साथ विमान से लखनऊ लाया गया। वहां से उनके पैतृक आवास बसवार खुर्द पर शव पहुंचा है। श्रीनगर में ही सीआरपीएफ जवान के साथ उनकी पत्नी, बेटी वैष्णवी (15) तथा बेटा कान्हा (12) रहते थे।

पैतृक गांव में ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर जब बसवार खुर्द गांव पहुंचा तो चारों तरफ कोहराम मच गया। गांव में ही गार्ड ऑफ ऑनर के बाद जवान के पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि की जाएगी।

# आधार संशोधन बना जान के लिए आफत, सड़क पर रात गुजार रहे लोग; फिर भी नहीं आ रहा नंबर



**एटा , एजेंसी।** राशन कार्ड, स्कूलों में एडमिशन आदि के लिए आधार और इसको अपग्रेड कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए अवागढ़ स्थित डाकघर पर भीड़ उमड़ रही है। लोगों की रात तक सड़क पर कट रही है। सरकार ने फरमान तो जारी कर दिया है कि सभी लोगों को अपने आधार कार्ड अपडेट करने हैं। जिससे उनकी राशन वितरण की व्यवस्था चलती रहे। वहीं बच्चों को अपने एडमिशन कराने के लिए भी आधार की आवश्यकता पड़ रही है। इसके लिए नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोग दिनभर कतारों में जूझते रहते हैं। नंबर न आने पर रात में डाकघर के सामने ही सड़क के किनारे लेट जाते हैं। उनका कहना है कि घर जाएंगे और अगले दिन आएंगे तो फिर भीड़ मिलेगी। इसलिए रात यहीं गुजार रहे हैं, सुबह होते ही कतार में आगे लग जाएंगे। बुधवार रात 10 बजे भी कई लोग डाकघर के बाहर एक बरामदे में लेटे हुए थे। कुछ बच्चे थक कर सो चुके थे। इन लोगों ने बताया कि डाकघर में एक दिन में मात्र 30 आधार ही बनते हैं। बाकी के लोगों को लौटा दिया जाता है। सुबह करीब 4 बजे से ही आना शुरू हो जाता है। 6 से 8 घंटे कतार में लगने के बाद भी तमाम लोगों का नंबर नहीं आ पाता है। डाकपाल नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि पूरी क्षमता के साथ काम किया जा रहा है। केनरा बैंक, स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक आदि जगहों पर भी आधार पंजीकरण व संशोधन का काम दे दिया जाए तो लोगों को सहूलियत होगी।

### सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पीछे घुसी डीसीएम, चार की मौत और एक घायल, अस्पताल में भर्ती

**कन्नौज , एजेंसी।** कन्नौज जिले में सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से आ रही डीसीएम घुस गई। हादसे में डीसीएम सवार चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे में दम तोड़ने वाले तीन लोगों की शिनाख्त कर ली है और चौथे की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के जुनेदपुर कट के एक ढाबे के निकट शुक्रवार सुबह सड़क किनारे खड़े कंटेनर में दिल्ली से आ रही डीसीएम पीछे से घुस गई। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से डीसीएम में सवार लोगों को बाहर निकाला, जिसमें चार लोगों की मौत हो चुकी थी और एक घायल था। घायल को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों के पास मिले कागजात के आधार पर पुलिस ने तीन की शिनाख्त की। पुलिस ने बताया कि हादसे में दम तोड़ने वालों में जौनपुर के मछली शहर के मैथिली मथुरा निवासी पवन कुमार (34) पुत्र लालजी, अमेठी के शहर कोतवाली के रमईपुर निवासी सोनू शर्मा (25), अमेठी के शाहगंज थाना क्षेत्र के दुलारपुर निवासी प्रशांत कुमार सिंह (23) पुत्र पवन सिंह हैं। चौथे मृतक और घायल की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। हादसे की जानकारी मृतकों के परिजनों को दे दी गई है।

# दहेज हत्या में दोषी पति को 10 साल की सजा, घूस लेने की आरोपी महिला दरोगा की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी , एजेंसी।** जिला जज संजीव पांडेय की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में दोषी पति आशीष कुमार गुप्त को 10 साल की सजा सुनाई है। 5 हजार जुर्माना भी लगाया। प्रकरण के मुताबिक, चौक थाना क्षेत्र के घुघरानी गली में एक लाख रुपये दहेज की मांग को लेकर विवाहिता शैल कुमारी को प्रताड़ित किया जाता था। 26 अक्तूबर 2012 को उसकी हत्या कर दी गई।

घटना से 5 वर्ष पहले शैल कुमारी की शादी आशीष कुमार गुप्त से हुई थी। चेतगंज निवासी शैल कुमारी के भाई प्रणय गुप्त ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष ने सुनवाई के दौरान 8 गवाह पेश किए।

**अवैध वसूली मामले में पन्नेलाल सहित तीन की जमानत अर्जी खारिज:** विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण) प्रथम रजत वर्मा की अदालत ने अवैध वसूली मामले में जेल में बंद निलंबित नरही थानाध्यक्ष समेत तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि बलिया के तत्कालीन नरही थानाध्यक्ष पन्नेलाल, जितेश कुमार गौड़ उर्फ रितेश और धर्मेन्द्र यादव पर लगे आरोप गंभीर हैं।

वाराणसी जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया और आजमगढ़ के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बिहार-बलिया के बार्डर पर छापा मारकर अवैध वसूली का खेल पकड़ा था। इस मामले में नरही थानाध्यक्ष पन्नेलाल समेत अन्य की गिरफ्तारी हुई थी। जेल में बंद पन्नेलाल के आवास और थाने से कई रजिस्टर मिले थे। इससे अवैध वसूली के खेल का पूरा लेखा जोखा सामने आया था।

**घूस लेने की आरोपी महिला दरोगा की जमानत अर्जी खारिज:** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सपना शुक्ला की अदालत ने 10 हजार घूस लेने की आरोपी महिला दरोगा अनोभा तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि प्रकरण लोक सेवक से जुड़ा है। उस पर भ्रष्टाचार और घूस की धनराशि प्राप्त करने से संबंधित गंभीर आरोप हैं, जो लोकनीति और नैतिकता के खिलाफ है। लिहाजा, तत्कालीन लंका थाने की रिपोर्टिंग चौकी की उपनिरीक्षक अनोभा तिवारी की जमानत अर्जी खारिज की जाती है।

# नशे में रेलवे ट्रैक पर लेट गया युवक, ऊपर से गुजरती ट्रेन अचानक रुक गई... फिर जो हुआ हैरान हो गए सब

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के शमशाबाद क्षेत्र में इटावा रेलवे ट्रैक पर नशेबाज युवक की हरकत ने सभी को हैरान कर दिया। हाथ में शराब का क्वार्टर और लड़खड़ाते पैरों से चलकर ये युवक रेलवे ट्रैक पर पहुंचा। यहां वो रेलवे ट्रैक पर ही लेट गया। इस दौरान वहां से पैसेंजर ट्रेन गुजरी। लोको पायलट ने जब तक उसे देखा, तब तक वो ट्रेन के नीचे आ गया था। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक मारकर गाड़ी रोक दी। इसके बाद जब ट्रेन के नीचे का दृश्य देखा तो हैरान रह गया। युवक जीवत था, लेकिन उसको चोट आई थी। बमुश्किल उसे नीचे से निकाला गया। आगरा इटावा रेल मार्ग पर शुक्रवार सुबह की ये घटना है। बताया गया है कि यहां से पैसेंजर ट्रेन गुजर रही थी। तभी एक शराबी युवक आकर ट्रैक पर लेट गया। लोको पायलेट ने जब तक उसे देखा, तब तक देर हो चुकी थी। युवक ट्रेन के नीचे आ गया। लोको पायलेट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक मारकर गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद युवक को तलाश किया गया, तो वो ट्रेन के नीचे फंसा हुआ था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। युवक को बमुश्किल ट्रेन के नीचे से निकाला गया। वो शराब के नशे में धुत था और अनाप शनाप बोल रहा था।

# खुदकुशी से पहले रोहन ने की तोड़फोड़, जला दिए सर्टिफिकेट...पत्नी से किया झगड़ा

**बांदा , एजेंसी।** बांदा जिले में खुदकुशी से पूर्व छात्र ने किराए के मकान में तोड़फोड़ भी की थी। कप प्लेटें तोड़कर सर्टिफिकेट को आग के हवाले कर दिया था। यह खुलासा पुलिस की पूछताछ के दौरान पत्नी आकांक्षा ने किया है। पीलीभीत के बिसलपुर गांव निवासी आकांक्षा ने बताया कि उसकी मुलाकात मेरठ के रोहन से नीट के दौरान हुई थी। वह नीट परीक्षा में सफल हो गया था, जबकि वह पास नहीं हो पाई थी।

इसके बाद रोहन ने अगस्त 2023 में रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा में एडमिशन ले लिया था। इससे पूर्व आकांक्षा और रोहन ने गाजियाबाद कोर्ट में जुलाई 2023 को कोर्ट मैरिज की थी। यह बात रोहन ने अपने घरवालों से छिपाई थी। दोनों अलग-अलग बिरादरी के थे। रोहन के बांदा में एडमिशन लेने के बाद वह उसके साथ बांदा में रहने चली आई थी।



यहां दोनों ने कुशवाहा नगर में किराए का मकान ले लिया था। इस बीच रोहन को शेयर मार्केट में रुपये लगाने की लत पड़ गई थी। उस पर करीब ढाई लाख का कर्ज हो गया था। एक सप्ताह पहले रोहन अपने घर मेरठ गया था। वह भी अपने घर पीलीभीत मां के पास गई थी। बुधवार को आकांक्षा व रोहन दोनों ही दोपहर के समय बांदा आए थे। यहां मकान मालिक से चाबी लेकर वह मकान में आए।

**शेयर मार्केट में पैसा डूबने की बात कह रहा था:** यहां देर शाम से ही रोहन काफी अपसेट था। वह बार-बार शेयर मार्केट में पैसा डूबने की बात कह रहा था। उसने समझाने की कोशिश की तो वह झगड़ने लगा। गुस्से में उसने कप प्लेटे व सर्टिफिकेट जला दिए थे। गैस सिलिंडर को कमरे में उठाकर आग लगाने का भी प्रयास किया था। इस बीच वह उसे किसी तरह से शांत कराकर सोने चली गई। इस बीच उसने आत्महत्या कर ली।

**पांच हजार रुपये किराए में आकांक्षा की मां ने लिया था मकान:** शहर कोतवाली क्षेत्र के कुशवाहा नगर की रहने वाले रामचंद्र गुप्ता व उनकी पत्नी किरन गुप्ता ने बताया कि उनके दो मकान हैं। एक मकान कुशवाहा नगर में खाली है। इसमें ऊपर की मंजिल आकांक्षा की मां सरोजा देवी ने 11 दिसंबर 2023 को पांच हजार रुपये किराए में लिया था। उन्होंने मकान मालिक से बताया था कि उनके बेटी और दामाद यहां रहेंगे। चूंकि दोनों छात्र-छात्राएं थे। इसलिए उन्होंने किराए में मकान दिया था। जब भी दोनों जाते तो चाबी उनको दे जाते थे। बुधवार को दोपहर रोहन उनसे मकान की चाबी लेने आया था।

**सास ने जुलाई में दिए थे 60 हजार रुपये:** पीलीभीत जिले के छतरी चौराहा निवासी सरोजा देवी ने बताया कि पति संजीव गंगवार बेसिक शिक्षा विभाग में पीलीभीत में शिक्षक हैं। आकांक्षा इकलौती बेटी है। बताया कि जुलाई में उन्होंने रोहन को 60 हजार रुपये दिए थे। समय-समय पर बेटी दामाद का हालचाल लेती रहती थीं। आकांक्षा भी नीट की तैयारी कर रही थी। उन्हें कोर्ट मैरिज से एतराज नहीं था। वह रोहन को दामाद के रूप में स्वीकार कर चुके थे।



## फैमिली का प्यार और सम्मान ही हाउस वाइफ की सैलरी है, वे परिवार की रीढ़ होती हैं!

दिव्या खोसला को अगर विविधरंगी कलाकार कहा जाए, तो कुछ गलत न होगा। अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों से अपने एक्टिंग करियर का आगाज करने वाली दिव्या ने जब निर्देशक के रूप में यारियां बनाई, तो उनकी यह फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई थी। बीते सालों में कई म्यूजिक विडियोज में काम कर चुकीं दिव्या को यारियां 2 में अपने रोल के लिए तारीफ मिली। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी फिल्म सावी को लेकर। उनकी यह फिल्म ओटीटी पर तकरीबन 15 से भी ज़्यादा देशों में नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है। दिव्या का मानना है कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। उनसे एक खास बातचीत।

**ओटीटी पर आने के बाद आपकी फिल्म सावी दुनिया भर के तकरीबन 15 से भी ज़्यादा देशों में नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है? आपको क्या लगता है, दर्शकों को इसमें क्या भाया?**

मुझे बेहद खुशी हो रही है कि दुनिया भर के 15 देशों में ये फिल्म ट्रेंड कर रही है और ग्लोबल ऑडियंस द्वारा देखी जा रही है। सही मायनों में ये मेरी पहली फिल्म है, जहां मुझे एक अभिनेत्री के रूप में खुद को साबित करने का मौका मिला। मेरे निर्माता मुकेश भट्ट ने भी यही कहा था कि मुझे अभी तक मौका नहीं मिला है, मगर जब मौका दिया जाएगा, तभी मैं खुद को साबित कर पाऊंगी।

**कहानी, किरदार और सभी कलाकारों का अभिनय लोगों को भा रहा है**

यह एक महिला प्रधान फिल्म है और पूरी जिम्मेदारी मुझ पर ही थी। अब जब ओटीटी पर इस फिल्म को इतना प्यार मिल रहा है, तो मैं खुश हूं कि मेरी मेहनत रंग लाई। इसकी कहानी ने लोगों को काफी कनेक्ट किया है। हमारे निर्देशक अभिनय देव ने इसे जिस थ्रिलर अंदाज में पेश किया, वो किरदार लोगों को पसंद आया। एक औरत और वो भी हाउसवाइफ का जेल तोड़ कर अपने निर्दोष पति को आजाद कराना लोगों को दिलचप्स लगा। एक हाउसवाइफ अपने परिवार के लिए जिंदगी भर खटती रहती है, मगर हम उसके एफर्ट्स को अहमियत नहीं देते। यह किरदार हमारे कल्चर के सत्यवान और सावित्री से लिया गया है, जहां सावित्री अपने पति सत्यवान की जान बचाने के लिए यमराज से लड़ गई थी। कहानी, किरदार और सभी कलाकारों का अभिनय लोगों को भा रहा है।

**फिल्म के अपने साथी कलाकार अनिल कपूर से आपने क्या सीखा?**

बहुत कुछ। काम को लेकर उनमें एक पैशन है। मैं भी उन्हीं की तरह जुनूनी हूं, तो उनके साथ काम करके बहुत मजा आया। उन्हें तो इंडस्ट्री में कई साल हो गए हैं, मगर इसके बावजूद काम को लेकर उनका लगाव जरा भी कम नहीं हुआ है। वे लगातार काम में लगे रहते हैं। मुझे याद है, अनिल कपूर जी के साथ शूटिंग का पहला दिन था। एक्शन सीन में चोटिल हो जाने के कारण मैं सेट पर रो रही थी। बहुत दर्द हो रहा था। रात के ढाई बज रहे थे और अनिल जी मेरे पास आए और बोले कि पिक्चर हिट है। मेरी जिस फिल्म में भी एक्टर को चोट लगी है, वो फिल्म जरूर चली है। आज जब इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर सराहा जा रहा है, तो मुझे उनकी बात याद आ रही है। हालांकि शूटिंग में चोट लगने के बाद का दौर बहुत मुश्किल था। मेरा पूरा चेहरा छिल गया था। मैं पेनकिलर और स्टेरॉयड पर थी। मैंने दो दिन का ब्रेक लिया और फिर काम में लग गई।

एक्शन सीन में चोटिल हो जाने के कारण मैं सेट पर रो रही थी। बहुत दर्द हो रहा था। रात के ढाई बज रहे थे और अनिल जी मेरे पास आए और बोले कि पिक्चर हिट है



## फिर आई हसीन दिलरुबा की रिलीज से पहले तापसी ने दिया तीसरे भाग पर अपडेट, कनिका के साथ फिर मिलाएंगी हाथ

अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वे लगातार फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। फिल्म में वे विक्रांत मैसी और सनी कौशल के साथ नजर आएंगी। वहीं अब हाल ही में फिल्म में रानी कश्यप की भूमिका निभा रही अभिनेत्री तापसी ने फिल्म के तीसरे भाग के बारे में संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया है कि फिल्म के हसीन दिलरुबा 3 पर काम चल रहा है। फिल्म की पटकथा लेखिका कनिका ढिल्लों के साथ भविष्य में आगामी परियोजना के बारे में उन्होंने संकेत दिए हैं।

फिल्म के प्रचार के दौरान हाल ही में तापसी ने स्क्रीन राइटर कनिका ढिल्लन के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं का खुलासा किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या हसीन दिलरुबा 3 पर काम चल रहा है तो तापसी ने सकारात्मक टिप्पणी के साथ संकेत दिया कि न केवल तीसरा भाग, बल्कि प्रशंसक कई और किश्तें देख पाएंगे। उन्होंने यह भी बताया है कि वे चाहती हैं कि थ्रिलर फेंचाइजी कभी खत्म न हो। तापसी ने कहा, मैं विक्रांत और सनी की तरह ज्यादा पढ़ती नहीं हूं, लेकिन मैं हसीन दिलरुबा के तीसरे भाग के लिए कनिका को किताब दूंगी। उम्मीद है कि हसीन दिलरुबा बार-बार आती रहेगी और कभी जाए ही ना। आप भविष्य में भी मेरे और कनिका के बीच कई सहयोग देखेंगे। अब हम ऐसी कई चीजों के बारे में सोच रहे हैं, जो हम साथ मिलकर कर सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिर आई हसीन दिलरुबा तापसी और लेखिका कनिका ढिल्लों के बीच पांचवां सहयोग है। अभिनेता-लेखक की जोड़ी ने पहले मनमर्जियां, हसीन दिलरुबा, रश्मि रॉकेट और डंकी में काम किया है। कनिका के साथ अपनी बहन जैसी बॉन्डिंग और केमिस्ट्री के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, हर गुजरते साल के साथ हम एक-दूसरे के साथ और भी ज्यादा स्कैंडलिंग होते जा रहे हैं। स्कैंडल्स तेजी से बढ़ रहे हैं।

## राम चरण की गेम चेंजर को लेकर आया बड़ा अपडेट

**मेगा पावर स्टार राम चरण के सभी प्रशंसक इन दिनों उनकी आगामी फिल्म गेम चेंजर की हर जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। प्रशंसकों को उनकी फिल्म गेम चेंजर की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हैं। इस फिल्म से जुड़ी एक रोमांचक जानकारी सामने आई है, जिसे सुनकर राम चरण के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं।**



गेम चेंजर एक आगामी भारतीय तेलुगु भाषा की राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन एस शंकर ने किया है और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में राम चरण ट्रिपल भूमिकाएं निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम, सुनील, समुथिरकानी और नासर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रशंसित शंकर शनमुगम द्वारा निर्देशित इस बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर में फिल्म में जो रोमांचक जानकारी सामने आई है कि अब गेम चेंजर की डबिंग का काम आज से शुरू किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की डबिंग का काम आधिकारिक तौर पर हैदराबाद में शुरू हो गया है, जिसमें मुख्य टीम ने पारंपरिक पूजा समारोह में भाग लिया। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के तहत मशहूर निर्माता दिल राजू द्वारा निर्मित इस फिल्म में प्रतिभाशाली थमन द्वारा रचित साउंडट्रैक है। यह दिसंबर 2024 में स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, और सटीक रिलीज की तारीख जल्द ही बताई जाएगी।

## कृतिका ने किया ग्यारह ग्यारह के किरदार को यूं बनाया खास


अभिनेत्री कृतिका कामरा वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में अपना पुलिस ऑफिसर का अंदाज दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसके साथ वे इस सीरीज को लेकर उत्साहित भी हैं। सीरीज में उन्होंने डीएसपी वामिका रावत की भूमिका निभाई है। हाल ही में कृतिका कामरा अमर उजाला के शुक्ल पक्ष में ग्यारह ग्यारह के साथी राघव जुयाल और धैर्य करवा के साथ शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने सीरीज में अपने किरदार को लेकर दिलचस्प खुलासे किए और अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी मजेदार बातें बताईं। अभिनेत्री कृतिका कामरा ने ग्यारह ग्यारह वेब सीरीज की कहानी को लेकर कहा कि इसमें केस के बीच टाइमलाइन आपस में जुड़ रही है, लेकिन कोई टाइम ट्रैवल नहीं है और इसी वजह से उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी, जिसके लिए उन्होंने तुरंत इस कहानी को हां कह दी। अपने किरदार और कहानी के बारे में दिलचस्प खुलासा करते हुए कृतिका ने बताया कि वे इस सीरीज में तीन केस सुलझाते करते हैं और दोनों ही टाइमलाइन में कृतिका का किरदार वहां मौजूद है। दोनों के बीच उम्र का भी अंतर है। ग्यारह ग्यारह बजने पर जो वॉकी-टॉकी का कनेक्शन होता है, वह काफी दिलचस्प है। यह सीन काफी मजेदार है, जिसे भारत में पहले कभी नहीं देखा गया है। कृतिका ने कहा कि उनके लिए यह किरदार काफी चैलेंजिंग था। उन्होंने कहा कि वे काफी अलग-अलग किरदार निभाना चाहती हैं। पहले गैंगस्टर का किरदार निभा चुकी हैं और अब इस सीरीज में डीएसपी का किरदार निभाने जा रही हैं। अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी बताते हुए कृतिका ने कहा कि वे बरेली में काफी कम दिन रही हैं। उनका कानपुर मध्य प्रदेश जैसी जगहों पर बचपन में खूब आना-जाना हुआ है और इतनी जगह पर रहने की वजह से ही उनकी हिंदी इतनी अच्छी हुई है। सीरीज में पुलिस वाली का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुए कृतिका ने बताया कि यह किरदार काफी मुश्किल था। उन्होंने इससे पहले कई सीरीज और फिल्में देखी हैं, जिसमें अन्य अभिनेत्रियों ने महिला पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है, लेकिन वे किसी को कॉपी नहीं करती हैं, क्योंकि सबका किरदार और किरदार में घुसने की क्षमता अलग होती है। वे सभी के काम की प्रशंसा करती हैं, लेकिन अपने किरदार को लेकर वह चाहती हैं कि उनका किरदार असली लगे। जब पर्दे पर प्रशंसक उन्हें देखें तो कहें कि हां यह भी एक तरीका है किरदार को लोगों से जोड़ने का। इसके साथ ही कृतिका कामरा ने बताया कि उन्होंने हाल ही में ओटीटी पर वेब सीरीज दहाड़ देखी है, जिसमें उन्होंने पुलिस ऑफिसर के किरदार में सोनाक्षी सिन्हा को देखा। उन्होंने काफी अच्छा अभिनय किया है। कृतिका उनकी तारीफ करती हैं, लेकिन वे चाहती हैं कि ग्यारह ग्यारह में उनका किरदार काफी अलग हो और उसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है।



## टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी श्रद्धा

इन दिनों श्रद्धा कपूर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म के प्रमोशन में लगातार व्यस्त श्रद्धा की कई फिल्में इस साल तो कुछ अगले साल रिलीज होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा की आने वाली फिल्मों में स्त्री 2 के बाद स्त्री 3 से लेकर टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म शामिल है। यही नहीं बल्कि एक फिल्म में श्रद्धा कपूर नागिन के किरदार में भी नजर आ सकती हैं। सबसे पहले बात करते हैं श्रद्धा की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 की। इस फिल्म में श्रद्धा के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। स्त्री 2 अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो के बैनर तले दिनेश विजन और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। अब बात करते हैं श्रद्धा कपूर की एक और आने वाली फिल्म की, जो टाइम ट्रेवल पर आधारित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा एक टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। बहरहाल, फिल्म का नाम अभी तक तय नहीं हुआ है और ना ही फिल्म की बाकी स्टारकास्ट के बारे में कोई जानकारी सामने आई है, लेकिन इतना जरूर तय है कि इस फिल्म में श्रद्धा कपूर जरूर नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन नाम की फिल्म या फिर फिल्म में नागिन के किरदार में श्रद्धा दिखाई देंगी। यह किरदार पहले दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी ने निभाया था। हालांकि श्रद्धा कपूर के लिए यह रोल आसान होने वाला नहीं है। लेकिन, श्रद्धा को इस रोल में देखना वाकई दिलचस्प होगा। बता दें फिल्म के प्रोड्यूसर हैं निखिल द्विवेदी और डायरेक्टर विशाल फुरिया। फिलहाल, फिल्म के बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं हुई है।





## आईएफएफएम 2024 में चंदू चैंपियन का जश्न मनाएंगे कार्तिक

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन आखिरी बार फिल्म चंदू चैंपियन मं नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रुपये बटोरने में असफल साबित हुई थी। मगर फिल्म की कहानी ने दर्शकों के दिलों को छू लिया था। ये फिल्म भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है। बताया जा रहा है कि कार्तिक आर्यन और निर्देशक कबीर खान मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएम) में इस फिल्म का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### फैंस के साथ भी करेंगे सेशन

भारतीय फिल्म महोत्सव के 15वें संस्करण में कार्तिक आर्यन और कबीर खान के साथ एक फैन इंटरेक्टिव सेशन भी होगा। इसे लेकर दोनों 17 अगस्त को चंदू चैंपियन के बारे में लाइव दर्शकों से बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सत्र में दोनों खिलाड़ी स्पोर्ट्स बायोपिक के निर्माण के बारे में बात करेंगे। वे इसमें आई चुनौतियों और मुरलीकांत पेटकर की कहानी को जीवंत करने के लिए आवश्यक असाधारण समर्पण के बारे में दर्शकों के साथ जानकारी साझा करेंगे।


### 15 से शुरू होगा आईएफएफएम

चंदू चैंपियन जून 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कार्तिक आर्यन ने फिल्म में मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई थी। अभिनेता ने अपने किरदार को बखूबी पर्दे पर उतारा। इसके लिए उन्हें खूब सराहना भी मिली। यह दूसरी बार होगा जब कार्तिक इस महोत्सव में शामिल होंगे। आईएफएफएम 15 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने पहली बार 2023 में भारतीय सिनेमा के उभरते वैश्विक भारतीय सुपरस्टार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।


### मितु भौमिक ने कही ये बात

महोत्सव के निदेशक मितु भौमिक लांगे ने एक बयान में कहा, चंदू चैंपियन पर उनके सहयोग ने खेल बायोपिक के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, जो दर्शकों को अपनी शक्तिशाली कहानी और कार्तिक आर्यन द्वारा दिए गए उनके असाधारण प्रदर्शन से प्रेरित करती है। मुझे यकीन है कि लाइव दर्शकों के साथ यह फैन इंटरेक्टिव सेशन काफी दिलचस्प होगा।

## यश ने शुरू की टॉक्सिक की शूटिंग, बोले- द जर्नी बिगिन्स



कन्नड़ अभिनेता यश ने अपनी बहुचर्चित फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू कर दी है। बता दें टॉक्सिक से पहले यश केजीएफ 2 में नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक की शूटिंग आज यानी 8 अगस्त से शुरू हो गई है। यश ने आज कुछ ही देर पहले सुबह एक तस्वीर साझा की और इसकी पुष्टि की। इस फिल्म की शूटिंग की शुरुआत आज से हो गई है। तस्वीर में यश एक नए लुक में नजर आ रहे हैं।उन्होंने एक्स पर फोटो साझा करते हुए लिखा, यात्रा शुरू हुई - टॉक्सिक। फिल्म केजीएफ 2 के बाद से ही यश के प्रशंसक फिल्म टॉक्सिक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू करने से पहले यश ने कर्नाटक के कई मंदिरों में भगवान के दर्शन किए और उनसे अपनी फिल्म की सफलता के लिए आर्शिवाद लिया। इस दौरान यश के साथ फिल्म निर्माता वेंकट के. नारायण और उनके परिवार के सदस्य भी थे। यश ने श्री सदाशिव रुद्र सूर्य मंदिर, धर्मस्थल में श्री मंजुनाथेश्वर मंदिर और सुब्रमण्य में कुक्के सुब्रमण्य मंदिरों के दर्शन किए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यश अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक में एक शातिर अंडरवर्ल्ड नेता की भूमिका निभाते नजर आएंगे।



# आंखों में नजर आने वाले डॉट्स हो सकते हैं आई फ्लोटर्स के संकेत

**आई फ्लोटर्स आंखों की एक समस्या है, जो कई लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह समस्या तब होती है, जब आंखों के अंदर के चिपचिपे पदार्थ के संतुलन में दिक्कत होने लगती है। आइए जानते हैं इसके कारणों और बचाव के लिए क्या खाएं इसके बारे में।**

कई बार आंखों में डॉट्स नजर आते हैं, लेकिन लोग ऐसा क्यों हो रहा है, इसके कारणों को समझ नहीं पाते हैं। ऐसा आई फ्लोटर्स के कारण हो सकता है। आंखों में जब विट्रोस ह्यूमर जमा होने लगे, तो ऐसी स्थिति को आई फ्लोटर्स कहते हैं। विट्रोस ह्यूमर एक तरह का चिपचिपा पदार्थ होता है, जो आंख के पिछले हिस्से में भर जाता है और आंखों के लगभग दो-तिहाई भाग में फैल जाता है। जिन लोगों को यह समस्या होती है उन्हें आंखों में धब्बे या डॉट्स नजर आने लगते हैं। आई मूवमेंट के दौरान इन डॉट्स को देखा जा सकता है।

## आई फ्लोटर्स के लक्षण

आई फ्लोटर्स के लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। इसके लक्षणों में आंखों के सामने डॉट या धब्बा नजर आना शामिल है। यह समस्या एक या दोनों आंखों में हो सकती है। इसके अलावा लाइट या आसमान की ओर देखने पर आंखों में धागे जैसी संरचना भी नजर आ सकती है।

## आई फ्लोटर्स के कारण

- आंख से चिपचिपा पदार्थ आना
- आंख में लगी कोई चोट
- आंखों से ब्लीडिंग होना
- आई इंफेक्शन होना
- आंखों में सूजन होना

## बचाव के लिए इन फूड्स का करें सेवन

**मछली** - मछलियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है, जो आंखों की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके लिए आप टूना, सैल्मन आदि मछलियों का सेवन कर सकते हैं।

**गाजर** - आंखों के लिए गाजर अच्छा होता है। इसमें विटामिन ए और बीटा कैरोटीन दोनों ही भरपूर मात्रा में होते हैं। ये पोषक तत्व आंखों को कई बीमारियों से बचाता है

**नट्स** - आंखों की अच्छी सेहत के लिए नट्स और फलियां को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इनमें ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा मौजूद होती हैं और नट्स में विटामिन-ई भी हाई होता है।

**खट्टे फल** - खट्टे फल जैसे संतरा, नींबू और आंवला भी विटामिन सी से भरपूर होता है, जोकि आंखों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।



कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

# इन 5 तरह के पानी से हर मौसम में बीमारियां रहेंगी दूर, आप भी बनाकर करें ट्राई

हेल्दी मेटाबॉलिज्म और बढ़िया इम्यूनिटी पाने के लिए हम अपने आहार में कई तरह के सप्लीमेंट्स को शामिल करते हैं। जरूरी नहीं कि ये सप्लीमेंट्स हर व्यक्ति को सूट करें। इसकी बजाय आप नेचुरल रेमेडी का सहारा ले सकते हैं। कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इस आर्टिकल में आइए इन इंग्रीडिएंट्स के बेनिफिट्स जानें और इन्हें कैसे आहार में शामिल करना है, जानें।

## भिंडी

भिंडी पोषक तत्वों से भरपूर सब्जी है जो विटामिन, खनिज और डाइट्री फाइबर का अच्छा स्रोत है। विटामिन-ए, सी और के से भरपूर, भिंडी इम्यूनिटी फंक्शन और त्वचा के स्वास्थ्य का समर्थन करती है। इसका घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है। जब मेटाबॉलिज्म की बात आती है, तो भिंडी ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में



सहायता करती है। यह इंसुलिन स्पाइक्स और क्रैश को रोक सकता है, जो संतुलित मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

## पिपली



इसे लॉन्ग पेपर के नाम से भी जाना जाता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। पिपली में पिपेरिन होता है, जो पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता को बढ़ाने और मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। पिपेरिन पाचन में सहायता करने और पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार करने के लिए अच्छा है। यह थर्मोजेनेसिस को भी उत्तेजित कर सकता है, जिससे कैलोरी बर्न करने में वृद्धि होती है और मेटाबॉलिक फंक्शन में सुधार होता है।

## अदरक

अदरक को सदियों से इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इसमें जिंजरोल और शोगोल जैसे बायोएक्टिव यौगिक होते हैं जिनमें सूजन-रोधी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव होते हैं। अदरक पाचन एंजाइम्स के उत्पादन को उत्तेजित करके पाचन में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त, अदरक में थर्मोजेनिक गुण होते हैं, जिसका अर्थ है कि यह शरीर के तापमान को बढ़ा सकता है और कैलोरी बर्निंग को बढ़ावा देता है। यह वॉर्मिंग प्रभाव मेटाबॉलिक रेट को बढ़ा सकता है और वजन प्रबंधन में हेल्प कर सकता है।

## दालचीनी

दालचीनी सिर्फ एक मसाला नहीं है, यह स्वास्थ्य लाभों का एक पावरहाउस है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और ऐसे यौगिक होते हैं जो इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करते हैं, सूजन को कम करते हैं और ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करते हैं। दालचीनी ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जो ब्लड शुगर में गिरावट के कारण होने वाले अधिक खाने को रोक सकती है।

## पुदीना

पुदीना न केवल ताजगी देता है बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इसमें मेन्थॉल जैसे यौगिक होते हैं जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद कर सकते हैं, सूजन को कम कर सकते हैं और अपच से राहत दिला सकते हैं। इसके अलावा, पुदीने का औषधीय पानी स्वाद को बढ़ाता है, पेट को गर्मी से राहत पहुंचाता है और पाचन को दुरुस्त रखता है।

### ये सामग्रियां कैसे करती हैं काम

**ब्लड शुगर रेगुलेशन**

भिंडी, दालचीनी और अदरक ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने के लिए प्रभावी तरीके से काम करते हैं। यह इंसुलिन स्पाइक्स को रोकने में मदद कर सकते हैं और साथ ही बैलेंस्ड मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करते हैं।

**पाचन स्वास्थ्य**

अदरक, पुदीना और पिपली स्वस्थ पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। अगर आपका पाचन तंत्र अच्छा है, तो आपका मेटाबॉलिज्म भी अच्छा होगा, जो वेट मैनेज करने के लिए अच्छा हो सकता है।

**थर्मोजेनेसिस**

अदरक, दालचीनी और पिपली थर्मोजेनेसिस को बढ़ाते हैं। इसका मतलब है कि इन इंग्रीडिएंट्स से कैलोरी बर्निंग रेट में वृद्धि होती है। इससे मेटाबॉलिज्म रेट भी बढ़ता है।

**कैसे पी सकते हैं ये मेडिसिनल पानी?**

इन चीजों को आप कुकिंग में भी उपयोग कर सकते हैं। मगर सबसे अच्छा तरीका है कि आप इन मेडिसिनल वॉटर को डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में पिएं। सुबह ये पानी पीने से न सिर्फ शरीर टॉक्सिन्स को बाहर निकालेगा, पर आप पूरे दिन के लिए तैयार होंगे।



# क्या तनाव की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

तनाव सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। इसकी वजह से बीपी बढ़ जाता है और दिल पर भी असर होता है। इतना ही नहीं, स्ट्रेस के कारण, हमारी ओवरऑल हेल्थ भी खराब होती है। हम सभी यह बात जानते हैं कि तनाव लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आपने अक्सर घर में बड़े-बुजुर्गों को भी यह बात कहते सुना होगा। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह से बीपी कम भी हो सकता है। जी हां, सेहतमंद रहने के लिए, तनाव से दूर रहना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, बीपी लेवल का भी अधिक या कम होना सही नहीं है। क्या अधिक तनाव, लो बीपी का कारण भी बन सकता है, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

## क्या स्ट्रेस की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

- स्ट्रेस को हमेशा हाई बीपी से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन, इसकी वजह से कुछ लोगों को हाइपोटेंशन यानी लो बीपी की दिक्कत भी हो सकती है।
- अधिक तनाव की वजह से बीपी हाई होता है क्योंकि इसके कारण, स्ट्रेस हार्मोन रिलीज होते हैं। लेकिन, लंबे वक्त तक तनाव में रहना उल्टा असर भी दिखा सकता है।
- जब हम लंबे समय तक तनाव में रहते हैं, तो इसके कारण, शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है और एड्रेनल ग्लैंड्स, पर्याप्त मात्रा में भी स्ट्रेस हार्मोन नहीं बना पाती हैं।
- जिस तरह स्ट्रेस हार्मोन का बढ़ना सही नहीं है, उसी तरह, इसके सामान्य से कम होने के भी नुकसान होते हैं।
- इसके कारण, शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होता है और इस हार्मोनल इंबैलेंस के कारण, बीपी लो हो जाता है।
- बहुत अधिक तनाव, वासोवागल सिंकोप का भी कारण बन सकता है। इसकी वजह से नर्व्स, दिल को धीमे धड़कने का सिग्नल देती हैं और ब्लड वेसल्स चौड़ी हो जाती हैं।
- इसके कारण, बीपी अचानक से ड्रॉप हो जाता है और दिल की धड़कन धीमी हो जाती है। इसकी वजह से मस्तिष्क में ब्लड फ्लो कम हो जाता है और थकान, कमजोरी व बेहोशी हो सकती है।
- वहीं, कई बार अधिक स्ट्रेस में रहने के कारण, व्यक्ति मील्स स्किप करने लगता हैं, डिहाइड्रेट रहता है और नींद भी पूर नहीं होती है। इसकी वजह से भी बीपी लो हो सकता है।
- जिन लोगों का बीपी पहले से ही लो रहता है, वे अगर स्ट्रेस लें तो दिक्कत और बढ़ सकती है।



# नहीं छूट रही है जंक फूड की लत ये टिप्स आएंगे आपके काम

**खास मौके पर अपने पसंदीदा फूड का मजा लेने में कोई हर्ज नहीं है, पर यह आपके नियमित आहार का हिस्सा बन जाए तो फिर ऐसी लत आपके सेहत के लिए नुकसानदेह हो जाती है। जी हां, हम बात कर रहे हैं जंक फूड की लत की जो आज के समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को अपना शिकार बना चुकी है।**

इस लत के चलते लोग पेट से जुड़ी समस्याओं से लेकर डायबिटीज और दूसरी गंभीर बीमारियों का तेजी से शिकार हो रहे हैं। ऐसे में समय रहते इस लत पर काबू पाना बेहद जरूरी है, पर स्वाद और शौक के चलते यह लत आसानी से नहीं छूट पाती है। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसी ही समस्या पेश आ रही है तो हमारा यह आर्टिकल आपके बेहद काम आ सकता है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं जो जंक फूड की लत को छोड़ने में मददगार हो सकते हैं।

## प्रोटीन का सेवन बढ़ाएं

प्रोटीन सबसे अधिक संतुष्टिदायक पोषक तत्व है, जो आपके आहार शैली पर और भोजन विकल्पों पर इसका शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है। मेडिकल क्षेत्र में किए गए शोध बताते हैं कि प्रोटीन का सेवन फूड क्रेविंग और अतिरिक्त भूख की इच्छा को कम करने में सहायक होता है। इसलिए फास्ट फूड की क्रेविंग को कम करने के लिए आपको प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इसके लिए आहार में अंडे, दूध, दही, पनीर, नट्स और बीज जैसी चीजों को शामिल कर सकते हैं।

## मानसिक तनाव कम करें

तनाव की स्थिति में फूड क्रेविंग की अधिक इच्छा होती है, ऐसे में क्रेविंग पर काबू पाने के लिए तनाव पर नियंत्रण पाना जरूरी है। इसलिए जब भी आपको तनाव महसूस हो तो कुछ खाने की सोचने से पहले खुद को तनाव मुक्त करने की कोशिश करें। इसके लिए आप डीप ब्रीदिंग को आजमा सकते हैं, डीप ब्रीदिंग तनाव को तुरंत नियंत्रित करने में काफी मददगार होती है। इसके अलावा तनाव महसूस होने पर आप अपना पसंदीदा गाना सुन सकते हैं या फिर अपने पसंद की गतिविधि में समय बिताना भी तनाव से राहत दिला सकता है।

## भरपूर नींद लें

नींद की कमी शारीरिक और मानसिक समस्याओं की वजह बनने के साथ ही आपके व्यवहार में भी बड़ा बदलाव लाता है। ऐसे में अक्सर लोग या तो भूख से कम खाते हैं या फिर अतिरिक्त भूख की इच्छा उन्हें सताती है। दोनों ही स्थिति में जंक फूड का सेवन बढ़ सकता है, क्योंकि जब भोजन कम लेते हैं तो आपको बाहरी चीजें खाने का मन करता है। इसके अलावा जब आपको अतिरिक्त भूख लगती है तो भी आप जंक फूड के बारे में ही सोचते हैं। इसलिए इस लत पर काबू पाने के लिए जरूरी है कि आप अपनी नींद को पूरी करें और जीवनशैली को संयमित रखें।

## हेल्दी स्नैक्स को चुने

क्रेविंग होने पर जंक फूड खाने से बचने के लिए जरूरी है कि आप इसके हेल्दी स्नैक्स विकल्पों को चुने। इसके लिए आप फल, स्मूदी, भुने हुए नट्स, ड्राई फ्रूट्स से बने लड्डू का सेवन कर सकते हैं। ऐसी चीजों के सेवन से जहां क्रेविंग आसानी से शांत होगी तो वहीं इससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण भी मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन को नहीं रोकने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर, एजेंसी।** हाईकोर्ट ने डीग की पहाडी तहसील में हो रहे अवैध खनन को नहीं रोकने के मामले में मुख्य सचिव, प्रमुख खान सचिव, खान निदेशक, संभागीय आयुक्त, डीग कलेक्टर और एसपी सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने यह आदेश विजय मिश्रा व अन्य की जनहित याचिका पर दिए। एडवोकेट डीडी खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि पहाडी तहसील में बडी संख्या में अवैध खनन किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए स्थानीय निवासी फरवरी, 2019 से लेकर अब तक कई बार प्रशासन और पुलिस को शिकायत कर चुके हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने यहां दौरा कर अवैध खनन माना, लेकिन उसे रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने मामले की सीबीआई जांच के लिए भी अधिकारियों के समक्ष गत माह अभ्यावेदन दिया था, लेकिन उस पर भी कुछ निर्णय नहीं लिया गया। याचिका में बताया गया कि उच्च स्तर पर शिकायत करने पर यहां दबिश दी गई, लेकिन टीम के आने से पूर्व में मिलीभगत के चलते खननकर्ताओं को जानकारी मिली गई और वे फरार हो गएद्य घनी आबादी के पास खनन में विस्फोटक का उपयोग करने से है। स्थानीय निवासियों के लिए खतरा हो गया है। याचिका में अवैध खनन को रोकने की गुहार की गई है।

### कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने झारखंड के नेताओं के साथ की बैठक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व रणनीति बनाने में जुटा है। इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को नई दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की रणनीति को सफल बनाने में जुट जाएं। खड़गे ने झारखंड के कांग्रेस नेताओं से साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमने प्रण लिया कि आने वाले झारखंड चुनाव में जनता के पास सुदृढ़ता से जाकर, संगठन को मजबूत करके हम पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार प्रदेश में बनाएंगे। झारखंड की जनता के जल, जंगल, जमीन और हमारी जनजातीय सभ्यता का संरक्षण हमारा संकल्प है। इससे पहले पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दिल्ली में झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की थी। इस दौरान विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग, चुनावी मुद्दों और संगठनात्मक कार्यक्रमों पर मंथन किया गया। बैठक में झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी मौजूद रहे। केसी वेणुगोपाल ने पार्टी के करीब दो दर्जन नेताओं से वन टू वन मीटिंग कर विधानसभा चुनाव के संबंध में फीडबैक लिए और आवश्यक निर्देश दिए। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश और निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार बूथ स्तर पर जनता से संवाद का कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### नितिन गडकरी और हरीश रावत ने मनु भाकर को दी बधाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतकर भारतीय स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने इतिहास रचा है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत ने मनु भाकर से मिलकर उनको बधाई दी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मनु भाकर से मुलाकात की और पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने पर उनको बधाई दी। उन्होंने भाकर की उपलब्धियों की सराहना की और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही गडकरी ने उनकी निरंतर सफलता और भविष्य में कई उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विश्वास व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय गौरव का स्त्रोत बताया। दिग्गज कांग्रेस नेता हरीश रावत ने भी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय महिला शूटर मनु भाकर और उनके माता-पिता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट करके उनको पेरिस ओलंपिक में मिली जीत की बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# अनसेफ है रहेजा अथर्वा सोसाइटी, 11 टावर की मजबूती की होगी जांच; आए दिन प्लास्टर गिरने से लोग परेशान



**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम सेक्टर-109 स्थित रहेजा अथर्वा सोसाइटी के 11 रिहायशी टावर की मजबूती जांचने का रास्ता साफ हो गया है। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने इस सोसाइटी की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को आदेश जारी किए हैं कि वे सरंचनात्मक जांच कर रही कंपनी से इन टावर की जांच अपने खर्च पर करवा सकते हैं। इस खर्च की राशि को बाद में रहेजा लिमिटेड से वसूलकर उन्हें वापस दिलवाया जाएगा।

गत 11 जुलाई को रहेजा अथर्वा सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई कार्यालय में पत्र लिखा था। इसके मुताबिक पिछले साल डीटीपीई कार्यालय की तरफ से सरंचनात्मक जांच को लेकर नियुक्त एक कंपनी ने उनकी सोसाइटी में पहले चरण की जांच शुरू की थी। 11 टावर में से सिर्फ छह टावर की जांच हो सकी थी। पांच टावर के नक्शे नहीं मिलने के कारण यह जांच अधर में अटक गई थी। इस जांच को पूरा करवाया जाए।

आरडब्ल्यूए इस जांच को पूरा करवाने के लिए राशि देने को तैयार है, लेकिन इस राशि को बाद में बिल्डर से वसूल करके आरडब्ल्यूए को दी जाए। इस पत्र को डीटीपीई ने जिला उपायुक्त से अवगत करवाया था। जिला उपायुक्त से निर्देश मिलने के बाद डीटीपीई ने आरडब्ल्यूए को जांच को पूरा करवाने के लिए पत्र लिख दिया है। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने इस सोसाइटी की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को आदेश जारी किए हैं कि वे सरंचनात्मक जांच कर रही कंपनी से इन टावर की जांच अपने खर्च पर करवा सकते हैं। इस खर्च की राशि को बाद में रहेजा लिमिटेड से वसूलकर उन्हें वापस दिलवाया जाएगा। रहेजा अथर्वा सोसाइटी से आए दिन प्लास्टर झड़ने के मामले सामने आ रहे थे। चिंटल पैराडाइसो हादसे के बाद जिला प्रशासन ने 15 रिहायशी सोसाइटियों का चयन सरंचनात्मक जांच के लिए किया था, जिसमें रहेजा अथर्वा शामिल हैं। इस सोसाइटी का सर्वे रहेजा लिमिटेड की तरफ से सहयोग नहीं करने के कारण अधर में अटका हुआ है। न तो इसने जांच के लिए रिहायशी टावर के नक्शे उपलब्ध करवाए हैं और न ही राशि जमा करवाई है। डीटीपीई ने इस बिल्डर की जमीन से सरंचनात्मक जांच की राशि को वसूल करने के लिए जिला उपायुक्त कार्यालय में पत्र लिखा हुआ है, जोकि विचाराधीन है।

रहेजा अथर्वा निवासी अंजन देवेश्वर ने कहा, इस सोसाइटी की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह से प्लास्टर झड़ा हुआ नजर आ रहा है। बिल्डर ने सरंचनात्मक जांच को अधर में छोड़ दिया है।

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग डीटीपीई के मनीष यादव ने कहा, रहेजा अथर्वा सोसाइटी की आरडब्ल्यूए ने आग्रह किया था कि वे अपने स्तर पर सरंचनात्मक जांच करवाने को तैयार हैं। फिलहाल इस राशि को आरडब्ल्यूए दे देगी, लेकिन इस राशि को बाद में बिल्डर से दिलवाया जाए। आरडब्ल्यूए को जांच करवाने की मंजूरी दे दी है। बिल्डर से राशि वसूलकर आरडब्ल्यूए को दिलवाई जाएगी।

## बच्चों को टिफिन में ना दें नॉनवेज खाना, स्कूल के नोटिस पर पैरेंट्स नाराज; प्रिसिंपल ने दी सफाई

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-132 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की तरफ से जारी नोटिस को लेकर विवाद हो गया है। नोटिस में स्कूल ने कहा है कि दोपहर के लंच बॉक्स में बच्चों को अभिभावक मांसाहारी भोजन न दें। इस मामले को लेकर लोग पक्ष और विपक्ष में अपनी राय रख रहे हैं। गुरुवार को जारी नोटिस पर अभिभावकों के एक वर्ग ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि स्कूल उनके बच्चों के खाने के विकल्पों पर नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा है, जबकि कुछ अन्य ने इस कदम का सपोर्ट किया और कहा कि स्कूल में मांसाहारी भोजन के लिए कोई जगह नहीं है।

वहीं मामले को लेकर प्रिंसिपल सुप्रीति चौहान का कहना है कि यह केवल एक अनुरोध है क्योंकि मासांहारी खाना गर्मी और उमस की वजह से जल्दी खराब हो जाता है। अभिभावकों ने भी प्रतिबंध से मना किया। स्कूल की तरफ से जारी नोटिस में लिखा है कि हम छात्रों से सम्मानपूर्वक अनुरोध करते हैं कि वह स्वास्थ्य और समावेशिता को देखते हुए स्कूल में मांसाहारी खाद्य पदार्थ न लाएं। सभी छात्र अपने भोजन की प्राथमिकताओं की प्रवाह किए बिना एक साथ भोजन कर सकें। इसके लिए हम शाकाहारी वातावरण देने पर फोकस करते हैं, जिससे सभी सहज महसूस कर सकें।

प्रिंसिपल का कहना है कि छात्रों के स्वास्थ्य को देखते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया गया है। हमने किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया। सर्कुलर में दो मुख्य बातें लिखी गई हैं। पहली स्वास्थ्य और सुरक्षाः मांसाहारी भोजन को जब सुबह लंट के लिए पकाया जाता है, तो अगर इसे ठीक से स्टोर और हैंडल नहीं जाता है, तो यह गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है, और हम अपने छात्रों की भलाई को प्राथमिकता देते हैं। शाकाहारी भोजन के माहौल को बनाए रखते हुए, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी छात्र अपना लंच एक साथ खाते समय, अपनी आहार संबंधी प्राथमिकताओं या प्रतिबंधों की परवाह किए बिना, सम्मानित और सहज महसूस करें।

## गाजियाबाद में सस्ते और अच्छे घर खरीदने का मौका, जीडीए ला रहा 1700 फ्लैट की योजना

**गाजियाबाद, एजेंसी।** एनसीआर में सस्ते और अच्छे घर खरीदने का एक और मौका मिलने जा रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) स्वतंत्रता दिवस पर 1700 से अधिक फ्लैट की स्कीम लाएगा, जो लोगों को पहले आओ, पहले पाओ नियम के तहत मिल सकेंगे। इन्हें खरीदने के इच्छुक लोगों को 16 अगस्त से सीधे प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क करना होगा। जीडीए की पांच महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिनमें विभिन्न साइज के फ्लैट रिक्त हैं। इन्हीं की स्कीम प्राधिकरण स्वतंत्रता दिवस पर ला रहा है। जीडीए अधिकारी बताते हैं कि इन योजनाओं में 1,748 फ्लैट हैं। सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी इनकी कीमत नहीं बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृत दी गई थी।

ऐसे में खरीदार इन्हें वित्तीय वर्ष 2023-24 की कीमत पर खरीद सकेंगे। साथ ही, इन फ्लैट की बिक्री पर कैलकुलेशन नहीं की जाएगी और ब्याज नहीं लिया जाएगा। अब तक इन फ्लैट की बिक्री पर कैलकुलेशन के दौरान जब सेक्टर रेट को तय किया जाता था, तो सर्किल रेट के हिसाब से उसमें बढ़ोतरी हो जाती थी। पांच योजनाओं में इतनी कीमत के फ्लैट : जीडीए की पांच योजनाओं में फ्लैट रिक्त हैं। मधुबन बापूधाम योजना में टू से लेकर थ्री बीएचके तक के फ्लैट हैं। इनकी कीमत साइज के अनुसार, 50.58 लाख से लेकर 69.42 लाख रुपये तक है। इसी तरह मधुबन बापूधाम योजना में मिनी एमआईजी की कीमत 19.30 लाख से लेकर 24.18 लाख रुपये तक है। एलआईजी की कीमत 10.80 लाख रुपये है। चंद्रशिला योजना में टू बीएचके की कीमत साइज के अनुसार, 43.14 लाख से लेकर 44.73 लाख तक है। इंद्रप्रस्थ योजना में वन, टू और थ्री बीएचके की कीमत 20 लाख से लेकर 28.10 लाख तक है। इन भवनों की देखरेख प्राधिकरण करता है, जिसपर लाखों रुपये खर्च होते हैं। यहां सुविधाएं देने की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। इस कारण प्राधिकरण पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा। ऐसे में जीडीए इन्हें बेचना चाहता है, ताकि आर्थिक बोझ कम हो और उसे कमाई भी हो सके।

# आसमान में दिखेगा सबसे बड़ा उल्कापात, पर्सीड उल्कापात के दौरान दिवाली सा जगमग होगा आकाश



**वाराणसी, एजेंसी।**
मध्य अगस्त के बादलों भरे आसमान में इस बार टूटे तारे दिवाली मनाएंगे। पर्सीड उल्कापात के नाम से जानी जाने वाली इस खगोलीय घटना के दौरान आसमान सबसे चमकदार दिखाई देता है। इससे 11 से 14 अगस्त की रात पर्सीड उल्काओं की बौछार दिखेगी। 12-13 अगस्त की दरम्यानी रात यह दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा होगी और हर घंटे 150 से 200 उल्काएं आकाश को रोशन करेंगी।

पर्सीड या पर्सीड्स उल्कापात के नाम से विख्यात इस खगोलीय घटना के दौरान आसमान सबसे चमकदार हो जाता है। हालांकि बारिश के मौसम में जुलाई से अगस्त के बीच होने से यह कम प्रसिद्ध हो पाई है। बादलों से भरे आसमान में कई बार अंतरिक्ष विज्ञान के छात्र और जिज्ञासु इसे देखने से वंचित रह जाते हैं। बनारस के युवा खगोल विज्ञानी छात्र वेदांत पांडेय ने बताया कि जुलाई से ही आसमान में टूटते तारे नजर आने लगते हैं मगर 11 से 14 अगस्त की रात हर घंटे 100 से ज्यादा उल्काएं आसमान में नजर आएंगी। 12-13 की रात यह सबसे ज्यादा और साफ दिखेंगी। खास यह कि यह आसमान में किसी एक दिशा में न होकर चारों तरफ से जमीन की ओर गिरती दिखेंगी। देखने वालों को कम से कम 20 मिनट के लिए आकाश देखना होगा। अंधेरे में अभ्यस्त हो जाने के बाद उल्काओं की बौछार का आनंद लिया जा सकेगा।

**स्विफ्ट टटल धूमकेतु के मलबे से रोशन आसमानः** इस खगोलीय घटना के अध्ययन को तैयार बीएचयू के भौतिक विभाग के डॉ. अभय कुमार बताते हैं कि पर्सिड उल्कापात को यह नाम पर्सियस तारामंडल की तरफ से दिखाई देने के कारण मिला है। असल में यह स्विफ्ट टटल नामक धूमकेतु का छोड़ा हुआ मलबा है। 133 साल में सूर्य का एक चक्कर लगाने वाले इस धूमकेतु की कक्षा में पृथ्वी के पहुंचते ही यह मलबा गुरुत्वाकर्षण बल के कारण खिंचा चला आता है। मगर वायुमंडल में प्रवेश करते ही घर्षण के कारण धधक उठता है।

**सबसे देर तक दिखते हैं यह टूटते तारेः** पर्सीड उल्कापात के साथ एक और अनूठी बात जुड़ी है। इसमें टूटते तारे दिखने के बाद तुरंत ओझल नहीं होते बल्कि कुछ सेकेंड तक चमकते रहते हैं। वेदांत पांडेय ने बताया कि ऐसा स्विफ्ट टटल के छोड़ हुए मलबे के आकार के कारण होता है। इन टूटते तारों की पूंछ सामान्य से लंबी होती है। इसलिए एक बार चमकने के बाद यह कुछ देर तक नजर आते हैं। यह नजारा सालभर में एक बार दिखाई देता है। वेदांत ने बताया कि प्रदूषण और बादल रहित आसमान में इसे साफ देखा जा सकता है। शहर के बाहरी इलाकों, पहाड़ों और खाली जगहों से यह दृश्य और भी सुंदरदिखाईदेताहै।

# कर्नाटक: कांग्रेस ने चुनाव में किए 59 वादे, एक साल में केवल दो पूरे कर पाई; रिपोर्ट में दावा



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कांग्रेस ने अपने लोकलुभावन वादों के दम पर 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल किया था। हालांकि एक एनजीओ के सर्वे में दावा किया गया है कि सरकार के एक साल होने तक केवल 3 फीसदी वादे ही पूरे हो पाए हैं। एनजीओ सिविक बेंगलुरु (सिटी वॉलंटरी इनिशिएटिव फॉर सिटी) ने सिटिजन रिपोर्ट कार्ड नाम से सर्वे की रिपोर्ट जारी किा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान 59 चुनावी वादे किए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस ने रोजगार, उद्योग, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और बेंगलुरु से जुडडे 59 वादे किए थे। सिविक टीम के मुताबिक इनमें से केवल दो वादे ही पूरे किए गए। वहीं 10 वादे ऐसे हैं जिनको पूरा करने के लिए काम चल रहा है। यानी 17 फीसदी चुनावी वादों पर काम चल रहा है। अब तक 42 वादों पर काम शुरू नहीं हुआ है। यानी सरकार 71 फीसदी वादों पर जनता को कुछ नहीं दे पाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कांग्रेस की तीन गारंटी स्काम शक्ति स्कीम, गृह ज्योति और युवानिधी में से युवा निधी को पूरा किया गया है जबकि गृह लक्ष्मी और अन्न भाग्य को आंशिक रूप से पूरा किया गया है। कांग्रेस ने सरकारी अस्पतालों में खाली पदों को भरने का वादा किया था लेकिन अभी यह काम शुरू भी नहीं हो पाया है। इसके अलावा हाइवे पर हर 100 किलोमीटर पर ट्रामा सेंटर, जयदेवा की तरह हार्ट हॉस्पिटल, किदवई की तरह कैंसर अस्पताल और एआईएमएचएएनए की तरह के मानसिक रोग अस्पतालों का भी वादा किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबी रेखा से नीचे वाले छात्रों की फीस माफ करने की दिशा में भी कोई काम शुरू नहीं हुआ है।

## राव कोचिंग सेंटर में छात्रों की जिंदगी से खिलवाड़ किया गया, 3 यूपीएससी स्टूडेंट्स मौत की जांच रिपोर्ट में खुलासा




**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर कोचिंग सेंटर हादसे की मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट में कई खुलासे और सिफारिशें की गई हैं। वहीं, राव कोचिंग सेंटर मामले में कहा गया है कि छात्रों के जीवन से खिलवाड़ किया गया। रिपोर्ट में इमारतों में तय नियमों का कड़ाई से पालन करने के साथ कोचिंग सेंटर को सुनियोजित क्षेत्रों में स्थानांतरण करने की बात भी कही गई है। इसके लिए नरेला और रोहिणी जैसे इलाकों का उदाहरण भी दिया गया है। साथ ही, बेसमेंट के उपयोग को लेकर कड़े नियम बनाने की सिफारिश की गई है। मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट में एमसीडी के साथ-साथ राव कोचिंग के मालिक को भी जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राव कोचिंग के मालिक और प्रबंधन ने भी छात्रों के जीवन की परवाह किए बिना बेसमेंट का उपयोग किया। मुनाफाखोरी के उद्देश्य से किए गए इस कदम को आपराधिक लापरवाही माना जाए। अतिक्रमण करने की बात भी सामने आई : मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट में सड़कों के किनारे बने बरसाती नाले पर अतिक्रमण और उसके ऊपर किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां राव कोचिंग स्थित है।

# हिमाचल सरकार ने बदली एक और योजना, अब गांव वालों को नहीं मिलेगा मुफ्त पानी



**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने राज्य की खस्ता माली हालत को सुधारने के लिए कठोर निर्णय लेने शुरू कर दिए हैं। वित्तीय संकट से जूझ रही सुक्खू सरकार ने 125 यूनिट निशुल्क बिजली योजना में बदलाव के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मिल रहे फ्री पानी की सुविधा को बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गुरूवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लिए गए मुफ्त पानी देने के निर्णय को खत्म कर दिया है।

इस निर्णय के बारे में कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव से चंद माह पहले ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क पानी देने की घोषणा की थी। इससे जलशक्ति विभाग को बड़ा घाटा हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब पानी के कनेक्शन पर शुल्क लगेगा और लोगों को 100 रूपये मासिक शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा कि 50 हजार से कम आय वाले लोगों, विकलांगो, विधवाओं और एकल महिला को पहले की तरह मुफ्त पानी मिलता रहेगा।

बता दें कि प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पिछले करीब दो सालों से लोगों को मुफ्त पानी की सुविधा मिल रही थी। दरअसल पूर्व की भाजपा सरकार ने वर्ष 2022 में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुफ्त पानी की घोषणा की थी। मई 2022 से ग्रामीण इलाकों में लोगों को पानी का बिल नहीं देने पड़ रहे थे और इससे करीब 15 लाख लोगों को लाभ मिला रहा था। अब सुक्खू सरकार के फैसले से लाखों लोगों को जेबें ढीली करनी होंगी।

**पुलिसवालों को चुकाना होगा किरायाः** कैबिनेट ने एचआरटीसी के घाटे में चल रहे 168 बस रूटों को फिर से विज्ञापित करने का निर्णय लिया गया है ताकि घाटा कम हो सके। वहीं एचआरटीसी की बसों में सफर करने वाले पुलिस जवानों को केवल सरकारी कार्य के लिए मुफ्त सेवा मिलेगी अन्यथा उसको सेवा का लाभ नहीं मिलेगा। कैबिनेट के फैसले के मुताबिक एचआरटीसी बसों में रियायती सुविधा का लाभ उठाने वाले सभी पुलिस कर्मियों, जेल अधिकारी, हिमाचल प्रदेश सचिवालय सुरक्षा सेवाएं स्टाफ को एचआरटीसी बस में की जाने वाली यात्रा की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। कैबिनेट में सरकार ने आपदा प्रभावितों के लिए बड़ी घोषणा की है। कैबिनेट में निर्णय लिया गया कि आपदा प्रभावित उन परिवारों को 1 अगस्त, 2024 से 31 अक्तूबर, 2024 तक तीन महीने की अवधि के लिए शहरी क्षेत्रों में 10,000 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 5,000 रुपये प्रतिमाह किराये पर आवासीय सुविधा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## रुद्रप्रयाग के कांडा गांव के जंगल में 71 वर्षीय व्यक्ति पर खूंखार भालू ने किया जानलेवा हमला

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के कांडा गांव के जंगल में गाय के साथ गए एक व्यक्ति पर खूंखार भालू ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पीड़ित को जिला चिकित्सालय में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कांडा गांव निवासी 71 वर्षीय गुमान सिंह बीते गुरुवार को अपनी गाय के साथ जंगल में गया था। इसी दौरान गांव के करीब आधा किमी. दूर जंगल में अचानक एक भालू ने उस पर हमला कर दिया। करीब 10 मिनट तक गुमान सिंह का भालू से बचाव के लिए संघर्ष चलता रहा। इस घटना में किसी तरह जान बचाते हुए वे सड़क तक पहुंचे। इस बीच चिल्लाते हुए जंगल में अन्य लोगों को घटना की खबर लगी।

पेरिस ओलंपिक

## संन्यास के बाद पदक विजेता पीआर श्रीजेश को मिली नई जिम्मेदारी



**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम की दीवार कहे जाने गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद संन्यास ले लिया। हालांकि, अब भी वह टीम से जुड़े रहेंगे। शुक्रवार को हॉकी इंडिया ने दिग्गज खिलाड़ी को जूनियर पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अब युवा टीम को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

## नीरज चोपड़ा की इंजरी को लेकर प्रधानमंत्री मोदी भी चिंतित


● सिल्वर मेडल की बधाई देते हुए कही यह बात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार (9 अगस्त) को दिग्गज एथलीट नीरज चोपड़ा को फोन करके पेरिस ओलंपिक की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने चोपड़ा से कहा कि उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। वहीं नीरज ने चोट के कारण स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने का मलाल जाहिर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद नीरज की इंजरी पर अपडेट लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सराहना की और कहा, आपने चोट के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हमें आप पर गर्व है। चोपड़ा ने जवाब दिया कि वह भविष्य में और अधिक मेहनत करेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर का थ्रो करके गोल्ड अपने नाम किया। नीरज ने 89.45 मीटर का थ्रो किया। उनके 5 थ्रो फाउल रहे।

## पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में मनु बाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे



**पेरिस (एजेंसी)।** मशहूर हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश रविवार को यहां होने वाले ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में स्टार निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। आईओए ने बयान में कहा, 'भारतीय ओलंपिक संघ को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पेरिस ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश संयुक्त ध्वजवाहक होंगे। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश आईओए नेतृत्व की भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे। श्रीजेश ने भारतीय हॉकी टीम को ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# 'गोल्डन ब्वॉय' ने जीता 'सिल्वर'

● पाकिस्तान के नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण



**पेरिस, एजेंसी।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने में सफल रहे और आजाद भारत के पहले एथलीट बन गए। आठ अगस्त को खेले गए फाइनल मुकाबले में नीरज 89.45 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि पाकिस्तान के अरशद नदीम 92.97 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। इस पर अब नीरज ने प्रतिक्रिया दी है।

जैवलिन थ्रो के फाइनल मुकाबले में नदीम ने पांच लीगल थ्रो किए, इनमें से दो प्रयास उनके 90+ मीटर के रहे। नदीम का आखिरी प्रयास 91.79 मीटर का रहा। नदीम ने पहला प्रयास में फाउल किया था। वहीं, तीसरे प्रयास में उन्होंने 88.72 मीटर थ्रो, चौथे प्रयास में 79.40 मीटर थ्रो और पांचवें प्रयास में 84.87 मीटर थ्रो किया। 92.97 मीटर के थ्रो के साथ पाकिस्तान के अरशद नदीम ने नया ओलंपिक रिकॉर्ड भी बना दिया। इससे पहले जेवलिन थ्रो में ओलंपिक रिकॉर्ड एंड्रियास थोरकिल्डसेन के नाम था। एंड्रियास ने 23 अगस्त 2008 को बीजिंग ओलंपिक में 90.57 मीटर दूर भाला फेंककर रिकॉर्ड बनाया था। अरशद के दमदार प्रदर्शन पर अब भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने बात करते हुए बताया कि हर एथलीट का अपना दिन होता है।

उन्होंने कहा, आज अरशद का दिन था। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, लेकिन कुछ चीजों पर ध्यान देने और काम करने की जरूरत है। वहीं, अपने प्रदर्शन पर भी नीरज ने चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, जब भी हम देश के लिए पदक जीतते हैं तो हम सभी खुश होते हैं।

अब खेल में सुधार करने का समय आ गया है। हम बैठकर चर्चा करेंगे और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाएंगे। नीरज ने भारत की भविष्य की ओलंपिक संभावनाओं पर भरोसा जताते हुए वादा किया कि किसी और देश और इवेंट में भारत का राष्ट्रगान सुना जाएगा। उन्होंने कहा, भारत ने (पेरिस ओलंपिक में) अच्छा प्रदर्शन किया। आज भले ही हमारा राष्ट्रगान नहीं बजाया गया हो, लेकिन भविष्य में इसे सुना जाएगा।

# ओडिशा के सीएम माझी ने हॉकी टीम के लिए इनाम की घोषणा की

रोहिदास को 4 करोड़ देने का ऐलान



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई दी और टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और पीआर श्रीजेश के बचाव की बदौलत भारत ने पेरिस ओलंपिक में स्पेन को यवेस डू मनोइर स्टेडियम में 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। विशेष रूप से भारत ने 1972 के म्यूनिख खेलों के बाद 52 वर्षों में पहली बार लगातार कांस्य हॉकी पदक जीता।

सीएम माझी ने घोषणा की कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कर्मचारियों के लिए 10 लाख रुपए का इनाम आवंटित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा के अमित रोहिदास को 4 करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। सीएम माझी ने कहा, भारतीय हॉकी टीम ने स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता है, आने वाली पीढ़ी इस जीत को याद रखेगी... मैं अमित रोहिदास और अन्य सभी खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं, और मैं यह भी घोषणा करता हूं कि सभी खिलाड़ियों को 15 लाख रुपए और स्टाफ को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे... अमित रोहिदास को 4 करोड़ रुपए दिए जाएंगे...।

इस बीच ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम से बात की। ओडिशा के पूर्व सीएम ने पेरिस में कांस्य पदक मैच में स्पेन को हराने के लिए हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम को बधाई दी। नवीन पटनायक ने फोन पर कहा, ओडिशा और पूरे भारत की ओर से भारतीय टीम को बहुत-बहुत बधाई, हमें आप पर बहुत गर्व है। बहुत-बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया।

भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेल रहे श्रीजेश भावनाओं से भरे मैदान पर उतरे और टीम के बाकी खिलाड़ी भी भारत के हॉकी इतिहास के इस महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मनाने के लिए उनके साथ शामिल हुए। कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में भारत ने इतिहास रच दिया और ओलंपिक में लगातार दो कांस्य पदक जीते। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (30प्रतिशत, 33 प्रतिशत) के गोल उन्हें फिनिश लाइन तक पहुंचाने के लिए काफी थे। स्पेन के लिए मार्क मिरालेस (18 प्रतिशत) एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

## बांग्लादेश के खिलाफ हो सकती है मोहम्मद शमी की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे विश्व कप के बाद चोटिल होने के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में जल्द वापसी की उम्मीद की जा रही है।

शमी बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू हो रही दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीम में वापसी कर सकते हैं। मोहम्मद शमी वनडे विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, उन्होंने सिर्फ सात मैचों में 24 विकेट चटकाए थे।

इसमें मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में (7-57) शानदार गेंदबाजी भी शामिल है। वनडे विश्व कप के बाद मोहम्मद शमी को दाहिनी एड़ी में चोट के कारण क्रिकेट से दूर रहना पड़ा था।

# विनेश फोगाट संन्यास वापस लेंगी, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पूरा करेंगी गोल्ड का सपना?

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल की दावेदार होने के बावजूद अयोग्य घोषित होने के बाद विनेश फोगाट ने रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। उन्होंने फैसला किया कि अब वह अपने सबसे प्रिय खेल में हिस्सा नहीं लेंगी, लेकिन इस बीच उन्होंने की कवायद शुरू हो गई है। उनकी फैमिली और डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष ने फैसला वापस लेने की गुजारिश की है।

भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक्स में गोल्ड मेडल मुकाबले से पहले अयोग्य ठहराए जाने के बाद अपनी मां को संबोधित एक भावुक संदेश में कुश्ती को अलविदा कहने की घोषणा कर दी और कहा कि अब उनमें आगे खेलने की ताकत नहीं है। उन्होंने 'एक्स' पर अपने संन्यास की घोषणा की। अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए 29 वर्षीय विनेश ने लिखा, 'मां, कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई। माफ करना। आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब।'


दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप की ब्रॉन्ज मेडल विजेता ने कहा, 'अलविदा कुश्ती 2001-2024। मैं आप सभी की हमेशा ऋणी रहूंगी। मुझे माफ कर दीजिए।' विनेश ने बुधवार को खेल पंचाट (कैस) में ओलंपिक्स फाइनल से खुद को अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील की और मांग की कि उन्हें संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल दिया जाए। रेसलिंग की अंतरराष्ट्रीय संचालन संस्था युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने हालांकि स्पष्ट कर दिया है कि वजन से जुड़े वर्तमान नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडल विजेता पहलवान बबीता फोगाट ने अपनी चचेरी बहन विनेश से आग्रह किया कि कुश्ती से संन्यास लेने के अपने फैसले पर फिर से विचार करें। बबीता ने कहा, '2012 में मैं भी एशियन चैंपियनशिप में नहीं खेल पाई थी क्योंकि मेरा वजन 200 ग्राम अधिक था। ऐसे कई अन्य उदाहरण हैं जिसमें पहलवानों को अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित किया गया है। पूरी दुनिया जानती है कि ऐसा कुश्ती के नियमों के कारण हुआ।'



बबीता ने कहा कि देश विनेश के कुश्ती को अलविदा कहने के फैसले से दुखी है और उम्मीद है कि वह अपने फैसले पर फिर विचार करेंगी और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक्स के लिए ट्रेनिंग करेंगी। बबीता ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगी और 2028 में स्वर्ण पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी और अपनी मां और मेरे पिता का सपना पूरा करेंगी। पिताजी (महावीर फोगाट) ने भी कहा है कि एक बार जब वह घर आएगी तो वह उसे अपने फैसले पर डुपुनर्विचार करने और फिर से मैट पर उतरने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे।

# रूस की शतरंज खिलाड़ी ने प्रतिद्वंद्वी को दिया 'जहर' रूसी शतरंज संघ ने किया निलंबित



**पेरिस (एजेंसी)।** रूसी गणराज्य दागेस्तान की 40 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अमीना अबकारोवा को रूसी शतरंज संघ द्वारा निलंबित कर दिया है। उन्हें 2 अगस्त को दागेस्तान शतरंज चैंपियनशिप के दौरान अपनी प्रतिद्वंद्वी उमयगनत उस्मानोवा को कथित तौर पर जहर देने के कारण उन्हें तीन साल तक की जेल हो सकती है।

कैमरे में अबकारोवा को खेल से 20 मिनट पहले उस्मानोवा के बोर्ड के पास चलते हुए देखा गया तथा बोर्ड और उस्मानोवा के कुछ मोहरों पर थर्मामीटर से घातक पारा लगाते हुए दिखाया गया है। खेल शुरू होने के कुछ समय बाद ही उस्मानोवा को अस्वस्थता महसूस होने लगी, उन्हें चक्कर आने लगे जिसके कारण उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता के लिए बुलाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक ऐसा जहर के कारण हो सकता है। अबकारोवा ने अपना गुनाह करते हुए कहा है कि वह उस्मानोवा के प्रति व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण अपनी प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से बाहर करना चाहती थी। उसने दावा किया कि उसका इरादा उस्मानोवा को नुकसान पहुंचाना नहीं था बल्कि उसे डराना था।

इस घटना ने शतरंज समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। रूसी शतरंज संघ के अध्यक्ष एंड्री फिलाटोव ने पुष्टि की है कि अबकारोवा को जांच लंबित रहने तक रूसी शतरंज प्रतियोगिताओं से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। उन पर आजीवन प्रतिबंध लगने की संभावना है।

# ओलंपिक विवाद के बाद स्वदेश लौटी अंतिम पंघाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस में ओलंपिक खेलों के खेल गांव में अनुशासनात्मक उल्लंघन के कारण विवादों में घिरी भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल शुक्रवार को स्वदेश लौट आई। यह पहलवान गुरुवार को तब चर्चा में आ गई थी जब उन्होंने अपने मान्यता कार्ड पर अपनी बहन को खेल गांव में प्रवेश करवाने की कोशिश की थी और बाद में पुलिस ने उन्हें बुलाया। इस घटना ने देश को शर्मसार किया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने अंतिम और उनके सहयोगी स्टाफ को तुरंत ही स्वदेश वापस भेजने का फैसला किया।

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम ने हालांकि कहा कि उनका कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था लेकिन खेल गांव के नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय टीम



की जर्सी पहनकर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने वाली अंतिम तुरंत ही बाहर निकल गई और उन्होंने पत्रकारों से बात करने से इनकार कर दिया।

अंतिम बुधवार को महिलाओं की कुश्ती के 53 किग्रा भार वर्ग में अपना पहला मुकाबला हारने के बाद ओलंपिक से बाहर हो गई थीं। भारत वापस लौटने से पहले 19 वर्षीय अंतिम ने कहा, 'मेरा कुछ भी गलत करने का इरादा नहीं था। मेरी तबीयत ठीक नहीं थी और भ्रम की स्थिति थी। यह सब भ्रम की वजह से हुआ। बाद में एक वीडियो में अंतिम ने स्वीकार किया कि उसे पुलिस थाने जाना पड़ा लेकिन केवल अपने मान्यता कार्ड के सत्यापन के लिए। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए अच्छा दिन नहीं था। मैं हार गई। मेरे बारे में बहुत कुछ फैलाया जा रहा है, यह सच नहीं है। मुझे तेज बुखार था और मैंने अपनी बहन के साथ होटल जाने के लिए अपने कोच से अनुमति ली थी। अंतिम ने कहा, 'मुझे अपने कुछ सामान की जरूरत थी जो खेल गांव में था। मेरी बहन ने मेरा कार्ड लिया और वहां अधिकारियों से पूछा कि क्या वह मेरा सामान ले सकती है। वे उसे मान्यता कार्ड के सत्यापन के लिए उसे पुलिस स्टेशन ले गए। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि उनके कोच नशे में थे और किराए को लेकर टैक्सी ड्राइवर से उनकी कहासुनी हो गई थी।

अंतिम ने कहा, 'मेरे कोच प्रतियोगिता स्थल पर ही रुक गए थे और जब वे वापस आना चाहते थे तो हमने उनके लिए एक कैब बुक की। मेरे कोच के पास पर्याप्त नकदी नहीं थी और भाषा संबंधी समस्याओं के कारण टैक्सी ड्राइवर से उनकी बहस हो गई।

# एडिलेड टेस्ट से पहले डे नाइट वॉर्म अप मैच खेलेगा भारत

● पिछली बार 36 रन पर सिमट गई थी विराट कोहली की टीम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट से पहले भारत को कैनबरा में प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ गुलाबी गेंद से दो दिन का अभ्यास मैच खेलना है। यह मैच पहले और दूसरे टेस्ट के बीच 30 नवंबर और 1 दिसंबर को मनुका ओवल में खेला जाएगा।

पिछले दो सत्रों में प्राइम मिनिस्टर इलेवन की टीम 2022 में वेस्टइंडीज (डे-नाइट) और 2023 में पाकिस्तान से खेली है। भारत के साथ मैच को केवल दो दिनों का होगा। 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे पर भारत ने एडिलेड में डे नाइट टेस्ट आठ विकेट से गंवा दिया था। विराट कोहली की अगुआई वाली टीम दूसरी पारी में अपने न्यूनतम टेस्ट स्कोर 36 रन पर आउट हो गई थी। फिर शानदार वापसी करते हुए अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम 2-1 से जीती थी।

**भारत ने सिर्फ चार डे-नाइट टेस्ट खेले हैं:** भारतीय टीम पिछली बार जब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आई थी तब एडिलेड चार मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट था। यह कोविड-19 के कारण सीमा बंद होने की चुनौतियों के बावजूद पूरा हुआ था। इस बार सीरीज पर्थ में शुरू होगी और इसमें पांच टेस्ट होंगे। कुल मिलाकर भारत ने सिर्फ चार डे-नाइट टेस्ट खेले हैं। आखिरी बार टीम 2022 में श्रीलंका के खिलाफ बेंगलुरु में डे नाइट टेस्ट खेला गया था।



**पिंक बॉल टेस्ट में केवल एक बार हारा ऑस्ट्रेलिया:** ऑस्ट्रेलिया ने 12 (सभी घरेलू) मैच खेले हैं। इसमें पिछले सीजन में ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज से आठ रन से हार शामिल है। यह पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली हार थी। हाल के सीज़न में प्राइम मिनिस्टर इलेवन एक मजबूत टीम रही है। मैट रेनशॉ ने पिछले दो मुकाबलों में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के खिलाफ 81, नॉट आउट 101 और नॉट आउट 136 रन बनाए हैं।

**मनुका ओवल की पिच की पाकिस्तान ने आलोचना की थी:** हालांकि, पिछले सीजन में मनुका ओवल की पिच की पाकिस्तान ने आलोचना की थी। यह पिच बहुत धीमी थी। गेंद काफी नीचे रह रही थी।

पर्थ में टेस्ट के लिए आदर्श तैयारी के लिए स्थिति नहीं थी। हालांकि खराब मौसम ने ग्राउंडस्टाफ के लिए मुश्किल पैदा कर दी थी। मैच का अंतिम दिन रात भर के तूफान के बाद रद्द कर दिया गया था। कवर्स उड़ गए थे।

**इंडिया ए की एक टीम अक्टूबर के अंत में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी:** भारत को 22 नवंबर को होने वाले पहले टेस्ट से पहले 15-18 नवंबर तक वाका में इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच खेलना है। टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को नेत्र जांच कर दी गई चश्मा

**चाईबासा, एजेंसी।** राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों का नेत्र जांच एवं चश्मा का वितरण स्थानीय सदर प्रखंड स्थित राजकीय 10 2 कन्या उच्च विद्यालय चाईबासा में किया गया। सदर अस्पताल चाईबासा के नेत्र पदाधिकारी डॉ. मनोज सिंह मुंडा, नेत्र सहायक कविता महतो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाईबासा की नेत्र सहायक मेरी करुणा टोप्पो ने 10 विद्यालयों के 111 दृष्टि दोष छात्राओं की नेत्र जांच की गई। जिसमें 80 छात्र-छात्राओं को चश्मा लगाने की आवश्यकता बताई गई। नेत्र पदाधिकारी डॉ मुंडा ने कहा कि सभी चिन्हित किए गए चश्मा लगने लायक बच्चों को नि :शुल्क चश्मा जिला अंधापन नियंत्रण समिति की ओर से निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

### अंगवाली में उत्पाद विभाग का छापा, जावा महुआ व शराब जब्त

**बोकारो, एजेंसी।** अंगवाली, प्रतिनिधि डीसी विजया जाधव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद बल एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से गुरुवार को अंगवाली उत्तरी के राजाटांड़ में खाजो नदी किनारे छापामारी की गई। यह आलाक् पेटरवार थाना अंतर्गत पड़ता है ।जावा महुआ पांच हजार किलो तथा अवैध चुलाई शराब साढ़े तीन सौ लीटर जब्त किया गया। वहीं छापामारी के क्रम में फरार अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

### जगन्नाथपुर रस्सेल 2 हाई स्कूल में मेधावी पुरस्कृत

**चाईबासा, एजेंसी।** जगन्नाथपुर रस्सेल 2 हाई स्कूल में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोगन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु थे। इस दरौन विद्यालय के उत्कृष्ट छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय का पूर्व प्रधानाचार्य इम्तियाज नाजिम ने सभी छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन किया। विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। मंजिल पाना है तो शिक्षित होगा होगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने कहा कि मेहनत करते रहे मंजिल अपने आप मिल जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धीरज संरक्षक जगदीश सिंकु, पर्व प्रर्चाय इम्तियाज नजीम, मतीन अहमद, बसंती सिंकु,जगदीश सिंकु, अरविंद तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### बीएयू वैज्ञानिकों ने बकरियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया

**रांची, एजेंसी।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में चल रही बकरी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की टीम ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवस्थित बाराबंकी प्रजनन क्लस्टर का भ्रमण किया। विषाणुजनित पीपीआर रोग से बचाव के लिए 471 बकरियों का टीकाकरण किया। मोरबिली वायरस से फैलेनेवाली इस बीमारी से बकरियों में भारी मात्रा में रुग्णता और मृत्यु होती है। टीम ने बकरियों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया ।पशुपालकों की बीमार बकरियों के लिए दवा वितरित किया और किसान गोष्ठी आयोजित कर रोग प्रबंधन के लिए आवश्यक वैज्ञानिक परामर्श भी दिया। बीएयू की पशु आनुवंशिकी विशेषज्ञ तथा परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ नंदनी कुमारी ने बताया कि वर्ष 2019 की पशु जनसंख्या के अनुसार झारखंड में बकरी की आबादी 91 लाख है और बकरी जनसंख्या के मामले में झारखंड का देश में आठवां स्थान है, पिछले पांच वर्षों में झारखण्ड में बकरी की आबादी में 38.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### राज्य नि:शक्तता आयुक्त के लिए मांगे गए आवेदन, 60 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेगा वेतन

**रांची, एजेंसी।** राज्य में लंबे समय बाद राज्य निश्शक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस पद पर नियुक्ति के लिए 20 अगस्त तक आवेदन मांगे हैं ।पूर्व में मंगाए गए आवेदनों को रद कर दिया गया है और नए सिरे से आवेदन मांगे गए हैं। सरकारी सेवा में कार्यरत, सेवानिवृत्त या फिर गैर सरकारी व्यक्ति इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। इस पद पर नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी ।हालांकि, आवश्यकता पड़ने पर एक-एक वर्ष का दो बार अवधि विस्तार किया जा सकेगा। इस पद पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु 65 वर्ष निर्धारित की गई है ।इस पद पर नियुक्त होने वाले सरकारी कर्मी को जो वेतनमान वर्तमान में मिल रहा है, वही वेतन दिया जाएगा। वहीं, सेवानिवृत्त कर्मी होने पर सरकार के नियमों की गणना कर राज्य सरकार यह तय करेगी।

# प्रदेश में इनकम टैक्स का बड़ा ऐक्शन, पवन बजाज की 1200 करोड़ की संपत्ति जब्त




### सभी पहलुओं पर सुनवाई के बाद इसे अंतिम रूप से जब्त करने का आदेश जारी किया जाएगा

**रांची, एजेंसी।** आयकर विभाग की बेनामी संपत्ति इकाई ने झारखंड के कारोबारी पवन बजाज की 1200 एकड़ से अधिक जमीन जब्त की है। बिहार-झारखंड में अबतक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। जब्त जमीन की सरकारी कीमत करीब 32 करोड़ है, परंतु बाजार मूल्य कहीं अधिक है। यह बड़ा भू-भाग रांची के बुंडू अनुमंडल के तैमारा गांव के पास स्थित दशम जलप्रपात के निकट है। इस भूखंड को जब्त करने संबंधी अंतरिम आदेश आयकर विभाग के पटना में मौजूद बिहार-झारखंड मुख्यालय ने जारी किया है।

नियमानुसार, मामले की सुनवाई आयकर के सक्षम प्राधिकार में होगी। सभी पहलुओं पर सुनवाई के बाद इसे अंतिम रूप से जब्त करने का आदेश जारी किया जाएगा। इस जमीन पर जल्द ही आयकर विभाग अपने अधिकार का सूचना पट्ट लगाने की तैयारी में है। साथ ही संबंधित निबंधन कार्यालय को भी इसकी खाता-खेसरा संख्या की भी जानकारी दी जाएगी। ताकि इस जमीन की खरीद-बिक्री किसी सूरत में नहीं हो सके।

**जांच में बेनामी संपत्ति से जुड़ा मामला सामने आया :** व्यवसायी पवन बजाज की मूल कंपनी का नाम शाकंबरी कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड है। इनकी दूसरी सहायक कंपनी कोशी कंस्लटेंट प्राइवेट लिमिटेड नाम से है। इसी कंपनी के नाम पर यह 1200 एकड़ का भूखंड बताया गया था। लेकिन, जांच में इसका मालिकाना हक किसी दूसरे के नाम पर निकला, जिसकी जांच करने पर बेनामी संपत्ति से जुड़ा पूरा मामला सामने आया। पवन बजाज की कंपनियों के ठिकानों पर करीब 3 साल पहले आयकर की छापेमारी हुई थी, जिसमें करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी की बात सामने आई थी। उसी क्रम में इस संपत्ति के दस्तावेज मिले थे।

**आदिवासी भूमि के अवैध हस्तांतरण पर गवर्नर से हस्तक्षेप की मांग :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को आदिवासी महासभा के देव कुमार धान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। आदिवासियों की भूमि के अवैध हस्तांतरण संबंधी उन्हें ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने विशेषकर कांके अंचल के मोजा चामा में अवैध रूप से हस्तांतरित 50 आदिवासी भूमि के ब्योरे और क्रय करने वाले राज्य सरकार के गैर आदिवासी पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराते हुए तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। राज्यपाल द्वारा सीएनटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत उपायुक्त के स्तर से स्वयं कार्रवाई किये जाने के संबंध में निदेशित किया गया।

## एटीएस ने सिमडेगा जेल परिसर में मारा छापा, 1 स्मार्ट फोन बरामद, हो रहा था कांड



**सिमडेगा, एजेंसी।** सिमडेगा के जेल परिसर में शुक्रवार को एटीएस ने बड़ी कार्रवाई की है. दरअसल एटीएस यानी कि एंटी टेररिस्ट स्क्वाड ने जेल में अचानक छापा मार दिया. इस दौरान परिसर में बन रहे नव निर्मित बैरक से उन्हें एक स्मार्ट फोन मिला है. इस फोन को कई आपराधिक घटनाओं में इस्तेमाल किये जाने की आशंका जतायी जा रही है. एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने उस मोबाइल फोन जब्त कर लिया है.

गैंगस्टर अमन साहू का गुर्गा आकाश राय इसी जेल में बंद है. बताया जाता है कि वह जेल के अंदर से ही कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलवा रहा था. जब एटीएस को इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने इस जेल परिसर में छापा मार दिया. इस दौरान उन्हें एक स्मार्ट फोन बरामद हुआ है. आशंका जतायी जा रही है कि इसी फोन के जरिये वह कई घटनाओं वारदात को अंजाम दिलवा रहा था. फिलहाल एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) उसे फोरेंसिक जांच में भेज दिया है. जांच के बाद ही इस बात की पूरी तरह पुष्टि पाएगी कि इस मोबाइल फोन के जरिये किन किन आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है और कौन कौन से लोग इसमें शामिल हैं.

आकाश राय को साल 2021 में गिरफ्तार किया गया था. तब से वह जेल में ही बंद हैं. लेकिन जेल में रहने के बावजूद उसने अपना वर्चस्व अपराध की दुनिया में कायम रखा है. बीते दो साल से वह सिमडेगा जेल में बंद है. उसे अमन साहू का खास माना जाता है. वर्चस्व कायम रखने के लिए वह कई जमीन कारोबारियों और व्यवसायियों से रंगदारी मांगता था. नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता था. उसने झारखंड के अलावा आस पास के राज्यों में भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलवाया है. उसके संपर्क कई ऐसे शूटर हैं जो उनके इशारे पर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं.

## जमीन हड़पने के मामलों की जांच करेगी सात सदस्यीय एसआईटी, डीजीपी ने सभी डीएसपी और थानेदारों को भी दे दिया नया निर्देश

**रांची, एजेंसी।** जमीन घोटाला मामले में ईडी की कार्रवाई के बाद अब झारखंड पुलिस ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। राज्य के प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रांची में जमीन हड़पने के मामलों की जांच के लिए सात सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है।

इस एसआईटी के अध्यक्ष सीआईडी के आईजी संगठित अपराध सह कारा महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल बनाए गए हैं। इनके अलावा इस टीम में डीआईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, कार्तिक एस., संध्या रानी मेहता, एसपी ऋषभ कुमार झा, अनुरंजन किस्पोट्टा व एएसपी दीपक कुमार सदस्य बनाए गए हैं।

डीजीपी ने एसआईटी को जमीन के सभी प्रमुख मामलों की गहन समीक्षा का आदेश दिया है। वैसे मामले, जिनमें फाइनल रिपोर्ट दी जा चुकी है या फिर उनका अनुसंधान लंबित है, उसे भी जांच के अधीन रखा गया है।

एसआईटी अनुसंधान की दशा व दिशा देखेगी, आरोपितों पर कार्रवाई हो रही है या नहीं, कोई निर्दोष तो नहीं फंस रहा है, लंबे समय से अनुसंधान लंबित का कारण तलाशेगी। क्या वरीय पदाधिकारी समय-समय पर पर्यवेक्षण व अनुसंधानकर्ता को सही दिशा-निर्देश दे रहे हैं कि नहीं, उसे भी देखेंगे।

डीजीपी ने रांची जिले के सभी डीएसपी



व थाना प्रभारियों को एसआईटी का सहयोग करने, जमीन माफिया की सूची उपलब्ध कराने का भी आदेश दिया है। प्रत्येक थाने में पिछले कुछ वर्षों से जमीन विवाद से संबंधित जितने भी मामले दर्ज हुए, उसकी गहन समीक्षा होगी।

एसआईटी को सहयोग नहीं करने वालों के विरुद्ध भी एसआईटी रिपोर्ट तैयार करेगी। एसआईटी वैसे सरकारी और गैर सरकारी कर्मियों को भी चिह्नित करेगी, जो सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठानों को प्रभावित करते हैं या जमीन के अवैध स्थानांतरण में संलिप्त हैं।

डीजीपी ने रांची के एसएसपी को भी निर्देश दिया है कि वे अपने कनीय पदाधिकारियों को निर्देशित करें कि एसआईटी को ससमय सूचनाएं उपलब्ध हो। शिथिलता बरतने वालों पर कार्रवाई भी होगी।

# झारखंड के 2 वैज्ञानिकों डॉ अभिलाष और डॉ पूर्वी साइकिया को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड के 2 वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार के लिए चुना गया है. सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड की डॉ पूर्वी साइकिया और जमशेदपुर स्थित सीएसआइआर-एनएमएल के साइंटिस्ट डॉ अभिलाष को 23 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली में सम्मानित करेंगी. इस बार 33 वैज्ञानिकों का इस पुरस्कार के लिए चयन हुआ है.डॉ अभिलाष को केंद्र सरकार की ओर से पत्र मिला है, जिसमें उनसे कहा गया है कि वे 23 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हों. डॉ अभिलाष ने कहा कि अपने चयन से वे काफी उत्साहित हैं. उन्होंने इसका श्रेय परिजनों के साथ-साथ सीएसआइआर-एनएमएल को दिया. कहा कि एनएमएल में 19 वर्षों के दौरान काफी कार्य किया.

राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार हासिल करने के लिए जनवरी में जमशेदपुर के डॉ अभिलाष ने आवेदन किया था. उन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में क्या-क्या कार्य किए, इसका उल्लेख भी किया. इसमें वेस्ट री-साइक्लिंग समेत विभिन्न प्रकार के मेटल के तत्वों को अलग करने से जुड़ी तकनीक की व्याख्या की थी.

केंद्र सरकार ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने के




लिए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा कर दी है. इस बार प्रख्यात बायोकेमिस्ट गोविंदराजन पद्मनाभन को पहले विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. इसके अलावा चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को विज्ञान टीम सम्मान दिया जायेगा.

केंद्र सरकार ने 33 राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा की है, जिसमें सीएसआइआर-एनएमएल के साइंटिस्ट डॉ अभिलाष का भी चयन किया गया है. डॉ अभिलाष का चयन युवा विज्ञान के लिए किया गया है. उनका चयन इंजीनियरिंग साइंसेस केटेगरी में किया गया है.

केंद्र सरकार की ओर से जारी सूची में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड की डॉ पूर्वी साइकिया का भी चयन एनवायरमेंटल केटेगरी में किया गया है. हालांकि, जानकारी के अनुसार फिलहाल वह बीएचयू में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं. इस पुरस्कार के लिए हर वर्ष 14 जनवरी से 28 फरवरी तक नामांकन आमंत्रित किए जाते हैं. 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं.

## झारखंड एटीएस की सिमडेगा जेल में छापामारी, गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे के पास मिला स्मार्टफोन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने सिमडेगा पुलिस के सहयोग से सिमडेगा मंडल कारा में गुरुवार को छापामारी की।

इस छापामारी में जेल परिसर स्थित अर्द्धनिर्मित बिल्डिंग से एक स्मार्ट फोन बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, यह मोबाइल कुख्यात अमन साहू गिरोह के सक्रिय सदस्य आकाश राय उर्फ मोनू का है। इस मामले में आकाश राय उर्फ मोनू के विरुद्ध एटीएस थाने में कारा अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एटीएस अब उससे उसके अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटा रही है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों पर भी कानून सम्मत कार्रवाई की जा सके। एटीएस को सूचना मिली थी कि सिमडेगा मंडल कारा से अमन साहू गिरोह का सदस्य आकाश राय मोबाइल पर रंगदारी मांग रहा है। इसी सूचना के आधार पर झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ कुमार झा ने सिमडेगा पुलिस का सहयोग लिया और मंडल कारा में छापेमारी की। करीब पांच घंटे की तलाशी के क्रम में उक्त मोबाइल मिला है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष : कोल्हान विश्वविद्यालय के जनजाति और क्षेत्रीय भाषा विभाग में ढाई साल से एक भी शिक्षक नहीं

**कोल्हान, एजेंसी।** कोल्हान आदिवासी बहुल प्रमंडल है और 9 अगस्त को हम विश्व आदिवासी दिवस मनायेंगे. लेकिन यहां के आदिवासियों के उत्थान की बात केवल कागजों में सिमट कर रह गयी है. इसका जीता जागता उदाहरण कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू) है. इसकी स्थापना 13 अगस्त 2009 को रांची विश्वविद्यालय से अलग करके की गयी थी.इससे पहले सरायकेला-खरसावां और पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम जिले के कॉलेजों का संचालन रांची विश्वविद्यालय के अधीन होता था. केयू के गठन को लेकर दलील दी गयी थी कि इसकी स्थापना होने से प्रमंडल के गरीब और आदिवासी छात्र-छात्राओं को कोल्हान में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी.

आदिवासी बहुल कोल्हान में विद्यार्थियों को जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई के लिए टीआरएल ( ट्राइबल एंड रीजनल लैंग्वेज ) विभाग का गठन किया गया. इस विभाग में हो, कुड़माली और संताली विषय की स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है. लेकिन शिक्षकों की कमी है.

टीआरएल विभाग में शिक्षकों के कुल



सात स्वीकृत पद हैं. इसमें हो विषय का अलग से एक पद स्वीकृत है, जबकि अन्य छह पद टीआरएल के नाम से है. लेकिन स्थिति यह है कि विभाग में करीब 2.5 साल से एक भी स्थायी शिक्षक नहीं है.

बगैर स्थायी शिक्षक के ही पूरे विभाग का संचालन हो रहा है. इसका खामियाजा विश्वविद्यालय के करीब 500 विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है. इसे लेकर विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा आंदोलन किया गया. मामला राजभवन तक पहुंचा, लेकिन आज तक स्थिति जस की तस है. सरकार भाषा, संस्कृति और परंपरा बचाने के लिए स्थानीय स्तर पर एजेंडा तैयार कर रही है. लेकिन बुनियादी स्तर पर किसी प्रकार की सुविधा नहीं दिये जाने से जनजातीय विद्यार्थियों को काफी नुकसान हो रहा है.केयू अंतर्गत आने वाले अंगीभूत कॉलेजों और पीजी में संताली, हो, कुडुख, कुड़माली व मुंडारी भाषा के लिए शिक्षकों के पद सृजन संबंधी प्रशासी पदवर्ग समिति के लिए संलेख प्रस्ताव को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व में स्वीकृति दे दी है. संताली, हो, कुडुख, कुड़माली तथा मुंडारी भाषा में शिक्षकों के कुल 159 पद सृजन का प्रस्ताव है. इसमें सहायक अध्यापक के 147, सह प्राध्यापक के आठ और प्राध्यापक के चार पद शामिल हैं.केयू में कुलपति का पद मई 2023 से खाली है. डॉ गंगाधर पांडा के रिटायर होने के बाद से अब तक किसी की नियुक्ति नहीं हुई है. राजभवन की ओर से कुलपति का प्रभार कोल्हान आयुक्त को सौंपा गया है. एक साल से आयुक्त प्रभार में हैं. उन्हें सिर्फ वेतन, पेंशन व अन्य रुटीन कार्य की जिम्मेदारी दी गयी है. नीतिगत फैसले लेने का अधिकार नहीं है.

इससे विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण कार्य ठप हो गये हैं. विश्वविद्यालय का समग्र विकास नहीं हो रहा है. विश्वविद्यालय में प्रोवीसी, रजिस्ट्रार, फाइनांस ऑफिसर के साथ-साथ सीसीडीसी का पद भी रिक्त है. सभी पद प्रभारी के भरोसे चल रहे हैं. विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति नहीं रहने का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है. ना तो समय पर डिग्री सर्टिफिकेट मिल रहा है और ना ही किसी तरह का प्रमाण पत्र. प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी कई काम प्रभावित हो रहे हैं.

# टाटा स्टील में बोनस पर फैसला जल्द, यूनियन ने प्रबंधन को लिखी चिट्ठी

**रांची, एजेंसी।** टाटा स्टील में बोनस समझौता को लेकर टाटा वर्कर्स यूनियन ने अधिकारिक पत्र भेज दिया है. यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु ने पत्र मैनेजमेंट को लिखा है, इसमें मांग की गयी है कि बोनस समझौता पर जल्द फैसला लें और बैठक शुरू की जाये. पत्र के बाद बाद वार्ता शुरू होगी, ऐसी उम्मीद है. कई दौर की वार्ता के बाद समझौता होगा.

वैसे पहले से फार्मूला तय हो चुका है, जिसके आधार पर समझौता होगा. लेकिन आने वाले साल के लिए भी बोनस का फार्मूला तय किया जा सकता है. संभावना है कि बोनस में कुछ नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि बीते वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कंपनी को वित्तीय वर्ष 2022-2023 से कम मुनाफा हुआ है.






हालांकि, प्रोडक्टिविटी में बढ़ोतरी हुई है.

इसके अलावा सेफ्टी की भी राशि नहीं मिलेगी, क्योंकि इस बार मौत और एलटीआइआर के मामले ज्यादा हुए हैं. यूनियन टाटा स्टील मैनेजमेंट से रायशुमारी कर अतिरिक्त राशि ले पाती है या नहीं, इस पर सभी कर्मचारी की नजर रहेंगी. पहले से यह तय हो चुका है कि बोनस अब फीसदी के आधार पर नहीं, एकमुश्त राशि कर्मचारियों को बोनस के मद में दी जायेगी, जिसका वितरण उनके ग्रेड के अनुसार किया जायेगा.

पिछले साल के फॉर्मूला के आधार पर ही होगा समझौता. 2022 में हुए समझौता के तहत पुराने बोनस फॉर्मूला को वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के लिए बढ़ा दिया गया था. इसके तहत फायदा का 1.5 फीसदी, प्रोफिटेबिलिटी पर प्रॉफिट प्रति टन सेलेबल स्टील, प्रोडक्टिविटी प्रति टन क्रूड स्टील का एक व्यक्ति प्रति वर्ष उत्पादन करना और सेफ्टी यानी एलटीआइआर के आधार पर वर्ष 2024 तक का समझौता होना है. इसी फॉर्मूला के आधार पर बोनस समझौता होगा.

पिछले साल बोनस मद में 298.82 करोड़ रुपये प्रबंधन से मिले थे , लेकिन यूनियन की मांग पर मैनेजमेंट ने अतिरिक्त 15.88 करोड़ रुपये दिये थे. इस तरह 314.70 करोड़ रुपये बोनस के मद में बांटे गये थे. कुल 11,676 कर्मचारियों को बोनस मिला था. पिछले साल कर्मचारियों को औसतन 1,59,738 रुपये मिले थे. एनएस ग्रेड में न्यूनतम 42,561 रुपये और अधिकतम 1 लाख 21 हजार 718 रुपये बोनस मिले थे.

ओल्ड सीरीज के कर्मचारियों को अधिकतम 4 लाख 61 हजार 019 रुपये बोनस मिले थे. करीब दो साल से कर्मचारियों को 20 फीसदी और उसके अतिरिक्त भी लाभ मिलता रहा है. ऐसे में अब दारोमदार यूनियन पर है कि वह इस बार भी 20 फीसदी बोनस कर्मचारियों को दिलाये.यूनियन अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नु ने कहा है कि फॉर्मूला पहले से तय है.

## हाथो में सजाई सावन की मेंहदी बनाई मनोहारी रंगोली

**हजारीबाग, एजेंसी।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में दो दिवसीय सावन महोत्सव गुरुवार को शुरू हो गया। इस मौके पर प्रशिक्षुओं ने हाथों में रंग-बिरंगी मेंहदी सजाई। वहीं भगवान भोलेनाथ शिवलिंग पर आधारित मनोहारी शुभ रंगोली बनाई। मौके पर आइक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी ने प्रशिक्षुओं को सावन महोत्सव के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को समझाया। साथ ही सावन में प्रकृति से जुड़ाव की जानकारी दी। इस दौरान महिला प्रशिक्षु और प्राध्यापिकाएं भी सावन का प्रतीक हरे परिधान और श्रृंगार में आकर्षक में लग रही थीं। मेंहदी प्रतियोगिता में विद्यालक्ष्मी कुमारी व वर्षा सिंह संयुक्त रूप से प्रथम, संजय कुमार द्वितीय और अनीशा कुमारी व सुमन कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सावन महोत्सव का समापन शुक्रवार को होगा। समापन समारोह में प्रशिक्षुओं की ओर से पावन माह श्रावण के गीतों की फुहार बरसेगी। इसमें कजरी गीतों की झंकार खनकेगी। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव की देखरेख में सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी, स्नेहलता खलखो, डॉ मीरा कुमारी, वर्षा कुमारी, महिला शिक्षकेत्तरकर्मी पम्मी कुमारी, ज्योति हेमा एक्का आदि ने महोत्सव के आयोजन में सहयोग किया।